* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 323

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


मालदीव के राष्ट्रपति चुनाव में चुनाव आयुक्त अरुण गोयल बने पर्यवेक्षक, चीन और भारत के लिए अहम








### उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय रोजगार मेला में 11850 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड तेजी से तरक्की के मार्ग पर बढ़ रहा: आलमगीर

- शत प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही: भोक्ता

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि राज्य सरकार ने हर चुनौती के बीच मजबूती से ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य तरक्की के मार्ग पर बढ़ रहा। गरीब तबके की आर्थिक सुरक्षा और लोगों का सहारा सर्वजन पेंशन योजना शुरू की गयी है। राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने का नया अवसर दिया जा रहा है। उन्हें रोजगार देने के साथ-साथ स्वरोजगार से भी जोड़ा जा रहा है। आलमगीर सोमवार को हजारीबाग में प्रमंडलीय रोजगार मेला सह नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। कार्यक्रम में 11 हजार 850 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया।

अबुआ आवास योजना के तहत गरीबों के मिलेगा घर: आलमगीर ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम से सरकार अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोगों को संपत्ति का मालिक बनाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की नीतियों, निर्णयों से जन कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि दो वर्षों से पीएम आवास के लिए राज्य सरकार को केंद्र से पैसा




नहीं मिल रहा है। सरकार अबुआ आवास योजना शुरू करने जा रही है, जिसके तहत वंचितों को तीन कमरों का आवास मिलेगा। इस योजना से 2-3 वर्षों में सात से आठ लाख लोगों को इससे अच्छादित किया जायेगा।

सरकार रोजगार देने की दिशा में काम कर रही: श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 11850 युवक-युवतियों को प्रमंडलीय रोजगार मेला में रोजगार दिया जा रहा है। सरकार कौशल प्रशिक्षण से शत-प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए तत्परता के साथ कार्य कर रही है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रहे हैं। समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है।

विधायकों ने गिनायी सरकार की उपलब्धि: गांडेय विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार की संवदेशनशलीता राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय ले रही है, जो मील का पत्थर साबित रहा है। सर्वजन पेंशन से सभी वृद्धों को पेंशन दी गयी है। हर वर्ग के लिए सरकार कार्य कर रही है। शिक्षा की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, डिग्री और नर्सिंग, कौशल प्रशिक्षण से शिक्षा-रोजगार के द्वार खुले हैं। साथ ही नयी नियुक्तियों से युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। बरही विधायक उमा शंकर अकेला ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। साथ ही रोजगार में स्थानीयता के लिए कड़ाई से पालन करने, होमगार्ड की परीक्षाफल को पुनः प्रकाशित करने तथा आत्मनिर्भरता के लिए रोजगार के और नये अवसर पर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## पूर्व की सरकारों ने युवाओं के बारे में कभी नहीं सोचा: हेमंत

- मुख्यमंत्री हजारीबाग कार्यक्रम में नहीं हो सके शामिल, ट्वीट कर दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता


रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हजारीबाग में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने ट्विटर पर संदेश के जरिये युवाओं को शुभकामनाएं दी। हेमंत ने लिखा कि आज दिल्ली से आने के पश्चात रांची में हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गयी। इस कारण मैं अपने प्यारे युवा भाइयों और बहनों के बीच ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में नहीं आ पाया। इसका मुझे खेद है। सरकार में मेरे साथी मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता और उपस्थित अन्य विधायकों द्वारा युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के होनहार



स्थानीय युवाओं के बारे में पूर्ववर्ती सरकारों ने कभी नहीं सोचा था, जबकि हमारी सरकार युवाओं को नौकरी और रोजगार प्रदान कर रही है। विगत महीने हमने दस हजार से अधिक स्थानीय युवाओं को ऑफर लेटर दिया। आज हजारीबाग में 11,850 युवाओं को ऑफर लेटर मिला, जिसमें 90 प्रतिशत युवा स्थानीय हैं। आज इस ऐतिहासिक अवसर पर आप समस्त युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए जोहार करता हूं।

कार्यक्रम में थे मौजूद: इस अवसर पर 11850 युवक-युवितियों को अतिथियों के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व डीसी और डीडीसी ने अतिथियों को पौधा देकर स्वागत किया। अतिथियों ने दीप जला कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर स्वागत भाषण सचिव श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग राजेश कुमार ने दिया। मंच संचालन राजश्री प्रसाद ने किया। मौके पर मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा, आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, डीसी नैंसी सहाय, कोडरमा डीसी मेघा भारद्वाज, चतरा डीसी अबू इमरान, एसपी मनोज रतन चौथे, जिप चेयरमैन उमेश मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य डॉ कमल नयन सिंह, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित समेत प्रमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री और सऊदी क्राउन प्रिंस ने समझौते पर किये हस्ताक्षर



- शांति और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग होना बहुत जरूरी: मोदी
- सऊदी अरब के आर्थिक विकास में भारत के लोगों की अहम भूमिका: सलमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए नयी दिल्ली आये सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सोमवार को भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। वह एक सौ कारोबारी और सात मंत्रियों के शिष्टमंडल के साथ भारत आये हैं। राष्ट्रपति भवन में उनका समारोह पूर्वक स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत की। इसके बाद दोनों ने द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। गौरतलब है कि मोहम्मद बिन सलमान की यह दूसरी राजकीय यात्रा है। क्राउन प्रिंस के स्वागत के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहम्मद बिन सलमान के साथ आये प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत के लिए सऊदी अरब अहम रणनीतिक साझेदार है। हम दुनिया की दो तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं हैं। शांति और स्थिरता के लिए आपसी सहयोग होना बहुत जरूरी है। हम अपनी साझेदारी को नये मुकाम पर ले जाने के लिए कई पहल कर रहे हैं। वहीं, सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद सलमान ने कहा कि हमारे संबंधों में कभी कोई विवाद का मुद्दा नहीं रहा है। सऊदी अरब के आर्थिक विकास में भारत के लोग अहम भूमिका निभाते हैं। दोनों देशों के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

## शिबू की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में हुए भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो प्रमुख और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता शिबू सोरेन की तबीयत रांची आने के क्रम में दिल्ली एयरपोर्ट पर बिगड़ गयी। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री हेमंत इस दौरान मौजूद रहे। अस्पताल से जारी हेल्थ रिपोर्ट के अनुसार शिबू सोरेन की तबीयत स्थिर बनी हुई है। हेमंत



सोरेन रांची वापस आ गये हैं। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन जी-20 की बैठक में शामिल होने 09 सितंबर को दिल्ली गये थे। उनके साथ रूटीन स्वास्थ्य जांच के लिए शिबू सोरेन भी गये थे।

## न्यूज रील्स

### टाइटल लगाने से डकैत साधु नहीं बनता: हिमंता बिस्वा सरमा

**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस के गांधी परिवार पर सरनेम हड़पने का आरोप लगाया है। गुवाहाटी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान हिमंता ने कहा कि सारे गांधी कैसे बन गये। मैंने बहुत दिन रिसर्च किया। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी किस फॉर्मूले से गांधी हैं। कल कोई डकैत अपना नाम गांधी रख लेगा तो क्या वह साधु बन जायेगा।

### संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर केस चल सकेगा

**नयी दिल्ली।** अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा। जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया।

### समुद्रयान मत्स्य 6000 की टेस्टिंग अगले साल

**नयी दिल्ली।** भारत अपने पहले महासागर मिशन समुद्रयान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी को अगले साल यानी 2024 की शुरूआत में गहरे समुद्र में भेजेगा। 'मत्स्य 6000' नाम की इस पनडुब्बी की टेस्टिंग बंगाल की खाड़ी में की जायेगी। पहले ट्रायल में इसे समुद्र की 500 मीटर गहराई में भेजा जायेगा। 2026 तक ये तीन भारतीयों को महासागर में 6000 मीटर की गहराई में ले जायेगी। भारत छठवां देश है जिसने मानव पनडुब्बी बनायी है। इसके पहले अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन ने मानवयुक्त पनडुब्बी बना चुके हैं।

## बल्लेबाज विराट कोहली ने बनाये कई नये रिकार्ड

- सबसे तेज 13 हजार वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विराट कोहली के बल्ले ने पाकिस्तान के खिलाफ एक बार फिर आग उगली है। कोहली ने सोमवार को एशिया कप 2023 के सुपर-4 मैच में पाकिस्तान के सामने 94 गेंदों में नाबाद 122 रन बनाये। कोहली के वनडे करियर की यह 47वीं और ओवऑलर इंटरनेशनल करियर की 77वीं शतक है। कोहली ने रिकॉड्र्स की झड़ी लगा दी है। कोहली सबसे तेज 13 हजार वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं। उन्होंने 267 पारियों में यह रन पूरे किये। कोहली ने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा है। सचिन ने 321 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। फेहरिस्त में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं, जिन्होंने 341 पारियों में ऐसा किया।

## इंतजार करें, पीओके भारत में आयेगा: वीके सिंह

- केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी पर किया कटाक्ष, कहा, मानसरोवर यात्रा पर नॉनवेज खाकर गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**दौसा।** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह कहा कि इंतजार करें, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में आयेगा। जनरल वीके सिंह से पीओके के शिया मुस्लिमों की ओर से भारत का रास्ता खोलने की मांग को लेकर सवाल किया गया था। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि पीओके अपने आप भारत के अंदर आयेगा, थोड़ा इंतजार कीजिए। केंद्रीय मंत्री सोमवार को भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को दौसा जिला मुख्यालय से रवाना करने से पहले मीडिया से बात कर रहे थे। इस मौके पर जनरल वीके सिंह ने हिंदुत्व के मुद्दे पर राहुल गांधी की ओर से हाल में



दिये गये बयानों को लेकर कहा कि जो व्यक्ति भारत में पैंट-टीशर्ट और विदेश में जाकर कुर्ता-पायजामा पहने, उसके लिए क्या कहा जा सकता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने जनेऊ पहनी, मंदिर जाकर घंटी बजायी और कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने से पहले नॉनवेज खाया। ऐसे में जिन्हें पता ही नहीं है कि धर्म क्या होता है, उनके लिए कुछ नहीं बोला जा सकता। उन्होंने कहा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का बयान पढ़कर मुझे लगा कि वे अभी बचकाना ज्यादा हैं। कोई भी व्यक्ति अपने देश के लिए अच्छा भाव मन में नहीं रखता है, तो फिर उसके लिए कुछ नहीं कहा जा सकता।

प्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा जहां भी चुनाव होते हैं, वहां भाजपा मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करती, बल्कि प्रधानमंत्री के चेहरे पर ही चुनाव लड़ती है। लेकिन सभी को मानकर चलना चाहिए कि जो लोग अच्छे, उपयोगी और जिन पर जनता का विश्वास है, ऐसे नेताओं को पार्टी मौका देगी।

### शर्मनाक: लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के गांव में प्रधान की दबंगई

## ग्रामीण को जूतों की माला पहना गांव में घुमाया

- पीड़ित परिवार ने थाना में ग्राम प्रधान और अन्य के खिलाफ लिखित आवेदन दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हेरहंज (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के केडू गांव में ग्राम प्रधान ने आदिवासी समाज के एक युवक को जूतों का माला पहना कर पूरे गांव में घुमाया है। घटना रविवार की है। गांव के स्कूल परिसर में 30-35 लोग एकत्र हुए और भिखारी गंझू को बुलाया। उस पर आरोप को स्वीकार करने का दबाव डालने लगे। इसके बाद प्रधान नासिर अंसारी के निर्देश पर उसे जूतों की माला पहनायी गयी और पूरे गांव में घुमाया गया। घटना को जानकारी प्रशासन को भी नहीं थी। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम प्रधान और उसके बेटे के डर से कोई उनकी शिकायत भी नहीं करता है।



### क्या था मामला

सोमवार को मीडिया की टीम पीड़ित परिवार के घर पहुंची। घर में भिखारी गंझू, उसकी पत्नी और दो बच्चे थे। सभी डरे हुए थे। सकुंती देवी ने बताया कि चार-पांच माह पूर्व गांव के कुछ लोग हमारे घर के पास खस्सी-भात खाने के लिए आये। उन्होंने आंगन के चापाकल में मांस को धोया, जिसका विरोध किया गया। इसी बीच ग्राम प्रधान का बेटा बाबर अंसारी आकर गाली-गलौज करने लगा। उसने ग्रामीणों को परिवार का सामाजिक बहिष्कार करने के लिए भी उकसाया। इसी बात को लेकर रविवार को स्कूल में बैठक हुई, जिसमें मेरे पति पर गलती मानने और जुर्माना देने का दबाव डाला गया। मीडियाकर्मियों के कहने के बाद पीड़ित परिवार ने थाने में आवेदन दिया है। इस बारे में ग्राम प्रधान नासिर अंसारी ने कहा कि तबीयत खराब होने के कारण वह बैठक में नहीं गये थे। सभी आरोप बेबुनियाद हैं। हुर गांव के कुलेश्वर पाहन ने कहा कि केडू के ग्राम प्रधान ने बैठक की, जिसमें वह खुद शामिल थे। हेरहंज के थाना प्रभारी शुभम कुमार ने पीड़ित का आवेदन मिलने की बात स्वीकार करते हुए जांच जारी रहने की बात कही।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,900 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# उपचुनाव का संदेश : अलर्ट हो जाये भाजपा

## ■ पुराने नेताओं-कार्यकर्ताओं को तरजीह दे, वरना रिपीट होगा घोसी

## ■ वोट कम नहीं हुआ, लेकिन विपक्ष का बढ़ जाना चिंता का विषय

**तीन दिन पहले छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनाव का परिणाम घोषित हुआ। इसमें भाजपा ने तीन सीटें जीतीं, जबकि विपक्ष के हिस्से में चार सीटें गयीं। सरसरी तौर पर देखने से यही लगता है कि उपचुनाव का परिणाम चौंकानेवाला नहीं रहा, क्योंकि किसी को न नफा हुआ और न नुकसान। लेकिन जिस तरह भाजपा को यूपी की घोसी सीट पर हार का सामना करना पड़ा, वह उसके लिए अत्यधिक चिंता का विषय है। इतना ही नहीं, झारखंड की डुमरी सीट पर भाजपा की सहयोगी आजसू पार्टी की हार भी एनडीए गठबंधन के लिए खतरे की घंटी कही जा सकती है। घोसी सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा को उम्मीद थी कि वह इस बार चाहे जिस पर दांव लगा ले, इस सीट को वह जीत ही लेगी, क्योंकि उसके पास ओमप्रकाश राजभर जैसा नेता है और समाजवादी पार्टी से आये दारा सिंह चौहान जैसा प्रत्याशी है, जिसने योगी लहर के बावजूद 2022 में घोसी सीट सपा के लिए जीती थी। लेकिन परिणाम से साफ पता चल गया है कि घोसी की जनता पाला बदलनेवाले नेताओं को पसंद नहीं करती है, चाहे वह दारा सिंह चौहान ही क्यों न हों। घोसी और डुमरी में एनडीए के वोट पिछले चुनाव के मुकाबले कम तो नहीं हुए हैं, लेकिन बढ़े भी नहीं। इसलिए यह भी पार्टी के लिए चिंता का विषय है। पार्टी यदि अपने वोटों में इजाफा नहीं करती है, तो यह उसके लिए खतरे की घंटी हो सकती है। इतना ही नहीं, भाजपा को अब पाला बदलनेवाले नेताओं को तरजीह देने की जगह अपने पुराने और समर्पित नेताओं-कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाना होगा। वहीं डुमरी उपचुनाव के नतीजों से यही संदेश मिलता है कि भाजपा और आजसू को झारखंड में अभी बहुत काम करना है। एक तो उन्हें आदिवासियों और कुर्मियों का विश्वास तो जितना ही है दूसरा अपने मतदाताओं को भी इंटैक्ट रखना है। मुस्लिम वोट तो खैर आइएनडीआइए के साथ है। क्या है इस उपचुनाव के परिणाम का सियासी संकेत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

तीन दिन पहले आठ सितंबर को, जब दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन का आगाज हो रहा था, तभी देश के छह विभिन्न राज्यों के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए हुए उपचुनावों के नतीजों की घोषणा हो रही थी। इन उपचुनावों में आइएनडीआइए गठबंधन को चार और भाजपा गठबंधन को तीन सीटों पर सफलता मिली। हालांकि अभी नहीं कहा जा सकता है कि ये परिणाम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए कोई खास निर्णायक महत्व रखते हैं। यह कई बार साबित हो चुका है कि पिछले उपचुनावों और उसके बाद हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों के नतीजे उलटे हुए थे। वैसे जनता की राय अलग होती है। यह तो वही तय करती है कि किसे कब विजयी बनाना है और कब हराना है। लेकिन विपक्षी दलों को उपचुनाव में मिली जीत से गुदगुदी और खुशी होना एकदम स्वाभाविक है। वैसे भी यह उपचुनाव आइएनडीआइए के बैनर तले विपक्षी दलों की पहली परीक्षा थी, जिसमें उन्हें उत्तीर्ण तो कहा ही जा सकता है।

निश्चित तौर पर उपचुनाव के नतीजे मिलेजुले रहे हैं। फिलहाल, भाजपा के विरोध में विपक्षी दल एकजुट नजर आ रहे हैं। इस उपचुनाव में भाजपा की हार नहीं हुई है, क्योंकि उसने अपनी पिछली तीन सीटें बरकरार रखी हैं। भाजपा पश्चिम बंगाल में धुपगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस से हार गयी, लेकिन उसने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को हराकर त्रिपुरा में बॉक्सनगर सीट जीत ली। उत्तराखंड में बागेश्वर और त्रिपुरा में धनपुर निर्वाचन क्षेत्र पर अपना कब्जा बरकरार रखा। इस तरह भाजपा के लिए संख्या तीन ही रही। दूसरी ओर कांग्रेस ने केरल में पुथुपल्ली और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास डुमरी सीट बरकरार है। इसलिए नतीजे सबके पास बराबर के हैं, केवल वोटों का प्रतिशत ही बदला है। और यही वोटों के प्रतिशत आनेवाले चुनावों में जिताने का फॉर्मूला तय करनेवाला है।

उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का नतीजा भाजपा के लिए चौंकाने वाला और आइएनडीआइए गठबंधन के लिए राहत देने वाला है, क्योंकि इस सीट पर समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुधाकर सिंह ने पाला बदल कर भाजपा में आनेवाले दारा सिंह चौहान को 42 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हरा दिया। बसपा से राजनीतिक कैरियर शुरू होनेवाले दारा सिंह चौहान का दबदबा घोसी में इसी बात से प्रमाणित होता है कि 2022 में प्रचंड योगी लहर के बावजूद उन्होंने यह सीट सपा के लिए जीती थी। लेकिन राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। लेकिन इस बार जनता ने उन्हें सबक सिखा दिया। जनता ने बता दिया कि कोई भी नेता या पार्टी उसे अपनी जागीर नहीं समझे। घोसी ने दारा सिंह चौहान को तो हरा ही दिया, साथ में भाजपा के लिए भी चेतावनी जारी कर दी। वस्तुतः घोसी की हार ने भाजपा को अंदर तक हिला दिया।



### घोसी आखिर भाजपा क्यों हारी

लोकसभा चुनाव से पहले घोसी उपचुनाव जीतने के लिए भाजपा और सरकार ने पूरी ताकत लगायी, मगर भाजपा यह सीट सपा से छीन नहीं पायी। घोसी की जनता ने न सिर्फ दलबदलू दारा सिंह चौहान को सबक सिखाया, बल्कि भाजपा को भी प्रयोगों पर गौर करने का संदेश दिया। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी के रूप में दारा सिंह ने घोसी सीट से करीब 22 हजार से अधिक मतों से चुनाव जीता था। महज 16 महीने बाद सपा से इस्तीफा देकर दारा भाजपा में शामिल हो गये। उपचुनाव में भाजपा ने उन्हें फिर वहीं से उतार दिया। दारा की यह पैंतरेबाजी मतदाताओं को रास नहीं आयी। दारा से न सिर्फ विभिन्न समुदायों के मतदाता, बल्कि बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता भी नाराज थे। कार्यकर्ताओं का तर्क था कि जिस प्रत्याशी के खिलाफ 16 महीने पहले प्रचार किया था, अब उसी के लिए जनता के बीच वोट मांगने कैसे जायेंगे? दूसरा तर्क यह था कि जब इस तरह दूसरे दलों से तोड़कर नेताओं को चुनाव लड़ाया जायेगा, तो पार्टी के भूमिहार, राजभर, निषाद, कुर्मी, ठाकुर, ब्राह्मण और दलित नेताओं का मौका कब मिलेगा? उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने लगातार वहां प्रवास कर पार्टी जनों की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने चुनाव को दारा सिंह बनाम सुधाकर सिंह की जगह भाजपा बनाम सपा कर माहौल बदलने की कोशिश भी की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी एक जनसभा कर माहौल बदलने का प्रयास किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दो बार घोसी का दौरा किया। सरकार के अधिकतर मंत्रियों और पार्टी पदाधिकारियों ने घर-घर दस्तक दी, लेकिन नतीजे बता रहे हैं कि जनता और कार्यकर्ताओं की नाराजगी को नजरअंदाज कर प्रत्याशी थोपना भाजपा को भारी पड़ा।

### अब क्या होगा दारा का

उपचुनाव में हार के बाद दारा सिंह चौहान की स्थिति 'आसमान से गिरे खजूर पर अटके' जैसी हो गयी है। सपा छोड़ने के कारण विधायक पद भी गया। उपचुनाव में हार के बाद अब भाजपा में उनका क्या उपयोग होगा, यह फिलहाल तय नहीं है। एक पक्ष का कहना है कि हार के बाद भी दारा को मंत्रिमंडल में शामिल कराया जा सकता है। नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा के इस्तीफे से खाली होने वाली विधान परिषद की सीट पर दारा को विधान परिषद में भेजा जा सकता है। लेकिन पार्टी के दूसरे धड़े का मानना है कि इससे जनता और कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जायेगा कि जिसे जनता ने स्वीकार नहीं किया, उसे इस तरह मौका देने की क्या राजनीतिक मजबूरी है। दारा सिंह को नोनिया चौहान समाज का बड़ा नेता माना जाता है। उपचुनाव के नतीजों से पिछड़े वर्ग में उनके वर्चस्व पर भी असर पड़ेगा।

### डुमरी उपचुनाव

डुमरी से आइएनडीआइए समर्थित जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी की जीत एनडीए के लिए वेकअप कॉल से कम नहीं है। माना जा रहा था कि डुमरी में इस बार एनडीए के लिए अच्छा मौका था। वोट भी मिले, लेकिन ये वोट जीत में तब्दील नहीं हो सके। जेएमएम प्रत्याशी बेबी देवी ने एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी यशोदा देवी को 17156 वोटों के अंतर से हरा दिया। एक तरफ जहां बेबी देवी को 100231 वोट मिले, वहीं यशोदा देवी को 83075 वोट हासिल हो पाये। एआइएमआइएम प्रत्याशी अब्दुल मोबिन रिजवी को सिर्फ 3472 वोट मिले। इससे अधिक नोटा को 3650 वोट मिले। डुमरी उपचुनाव के नतीजों से यही संदेश मिलता है कि भाजपा और आजसू गठबंधन को झारखंड में अभी बहुत काम करना है। एक तो उन्हें आदिवासियों और कुर्मियों का विश्वास जीतना है, दूसरा अपने मतदाताओं को भी इंटैक्ट रखना है। मुस्लिम वोट तो उन्हें मिलना है नहीं। इक्का-दुक्का मिल जाये, वही बहुत है। इस बार मुस्लिम वोट एकतरफा जेएमएम के खाते में शिफ्ट हो गया, क्योंकि उन्हें पता था कि एआइएमआइएम से उन्हें कुछ हासिल नहीं होने वाला, तो जेएमएम को उन्होंने भारी मात्रा में वोट दिया। डुमरी उपचुनाव के नतीजे एनडीए के लिए खतरे की घंटी है। वहीं आइएनडीआइए को पहले उपचुनाव में शानदार सफलता मिलने से कांग्रेस, जेएमएम और आरजेडी के नेताओं-कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

### भाजपा के लिए अलर्ट संकेत

ये उपचुनाव भाजपा के लिए अलर्ट होने का संकेत है। उपचुनाव का वोट प्रतिशत बताता है कि भाजपा का वोट कम नहीं हुआ है, लेकिन आइएनडीआइए के एकजुट होने से उसका वोट बढ़ गया है। इसलिए भाजपा को इस मोर्चे पर काम करना होगा। चाहे घोसी हो या डुमरी, भाजपा को वोटरों को यह भरोसा दिलाना होगा कि वह नहीं बदली है और न उसके साथी बदले हैं। इस रणनीति के जरिये ही पार्टी 2024 में सफलता के रास्ते पर आगे बढ़ सकती है।

---

## जेएसएससी ने 444 पदों पर नियुक्ति का निकाला विज्ञापन

# महिला सुपरवाइजर पद के लिए 26 सितंबर से जमा होंगे आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लंबे अरसे के बाद महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने महिला पर्यवेक्षिका नियुक्ति का विज्ञापन निकाला है। यह नियुक्ति प्रक्रिया झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से पूरा किया जायेगा। लिखित परीक्षा के माध्यम से 444 महिला पर्यवेक्षिका की नियुक्ति होगी। 26 सितंबर से 25 अक्टूबर तक आवेदन लिए जायेंगे। आवेदन ऑनलाइन लिये जायेंगे। आवेदन की प्रक्रिया पर पूरी करनी होगी। ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद उम्मीदवार 27 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क, फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर सकेंगे। आवेदन अपडेट करने के बाद 29 अक्टूबर तक भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट लिया जा सकेगा। आवेदन में किसी तरह की गलती रहती है तो 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक इस पर सुधार किया जा सकता है।

**ऐसी ही रिक्तियों की संख्या :** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 444 महिला पर्यवेक्षिका के पदों में सबसे ज्यादा अनारक्षित श्रेणी के लिए हैं। इनकी संख्या 187 है। अन्य वर्ग की बात करें तो अनुसूचित जनजाति के लिए 101 पद हैं। जिसमें दो पद आदिम जनजाति के लिए रहेगा। अनुसूचित जाति के लिए 35 पद, अत्यंत पिछड़ा वर्ग वन के लिए 42, पिछड़ा वर्ग के लिए 35 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 44 पद हैं।

### तीन विषय से पढ़ाई करने वाले ही कर सकेंगे आवेदन

महिला पर्यवेक्षिका नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन में जिस शैक्षणिक योग्यता की बात कही गयी है उसमें तीन विषय से स्नातक करने वाली छात्राएं ही आवेदन कर सकती हैं। वैसी छात्राएं जिन्होंने समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या होम साइंस में ग्रेजुएशन किया है वही आवेदन के योग्य मानी जायेंगी। चयनित महिला परिवेक्षिका को वेतन के रूप में 35400 से 112400 का वेतनमान दिया जायेगा।

### ऐसे होगा सेलेक्शन

उम्मीदवारों का चयन कंप्यूटर बेस्ड एग्जामिनेशन के आधार पर होगा। परीक्षा एक चरण की होगी। परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहु वैकल्पिक उत्तर वाले होंगे। एक प्रश्न तीन अंक का होगा। सही उत्तर के लिए तीन अंक मिलेंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटे जायेंगे। भाषा के विषयों को छोड़कर अन्य विषयों के प्रश्न हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में होंगे। लिखित परीक्षा तीन पेपर का होगा। यह तीन पाली में ली जायेगी।

### जानें प्रश्नपत्रों के स्वरूप

**पहला पेपर:** यह भाषा ज्ञान का होगा। इसमें 60 प्रश्न हिंदी और 60 प्रश्न अंग्रेजी भाषा से होंगे। परीक्षा 2 घंटे की होगी। इस प्रश्न पत्र में प्राप्त अंक केवल क्वालीफाइंग होंगे। उम्मीदवारों को 30 फीसदी अंक लाना होगा। इस पेपर के अंक मेरिट लिस्ट में नहीं जोड़े जायेंगे।

**दूसरा पेपर:** यह जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा का होगा। उम्मीदवारों को आवेदन करने के दौरान निर्धारित 15 जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा में से एक पत्र लेना होगा। इस परीक्षा में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछा जायेंगे। परीक्षा 2 घंटे की होगी। जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा में 30 फीसदी अंक लाना होगा।

**तीसरा पेपर:** यह तकनीकी विषय और सामान्य ज्ञान का होगा। इसमें डेढ़ सौ प्रश्न होंगे। परीक्षा अवधि 2 घंटा 30 मिनट की होगी। इसमें तकनीकी विषय से 100 प्रश्न, सामान्य अध्ययन से 20 प्रश्न, सामान्य गणित से 20 प्रश्न और सामान्य विज्ञान से 10 प्रश्न होंगे।

---

## काले कारोबार से कराहता कोयलांचल धनबाद

# कोयले का काला धंधा ले चुका है कुटीर उद्योग का रूप



### तस्कर गिरोहों का आतंक चरम पर, आम लोग दहशत में

मो शब्बीर

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** काला हीरा, यानी कोयले की चोरी और अवैध कारोबार ने धनबाद कोयलांचल में कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है। इस काले कारोबार से पूरा इलाका दहशत में है। तस्कर गिरोहों का आतंक चरम पर है। पूरा इलाका अवैध खनन के कारण खोखला हो चुका है। भू-धंसान का खतरा तो है ही, इन इलाकों के लोगों को अब जान मारने की धमकी भी दी जाने लगी है। कोयले के इस काले कारोबार में धनबाद से लेकर बोकारो, दुमका और रांची तक के बड़े लोगों का हाथ बताया जाता है। ये 'बड़े लोग' कोयला तस्करों को खुलआम संरक्षण देते हैं। बताया जाता है कि अब इलाके की बोली भी लगती है।

**बाघमारा क्षेत्र बना कोयला तस्करों का सेफ जोन :** इस समय बाघमारा का इलाका कोयला तस्करों के लिए सेफ जोन बन गया है। इस इलाके में सरकारी अमला भी तस्करों के पक्ष में दिखता है, क्योंकि शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। यदि कार्रवाई होती भी है, तो वह ग्रामीणों के खिलाफ। इस तरह की कम से कम दो घटनाएं हाल के दिनों में हुई हैं।

**पर्यावरण के साथ जान-माल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल :** पिछले दिनों एनजीटी की चार सदस्यीय टीम कोयले के अवैध खनन की शिकायत की जांच करने धनबाद आयी थी। यह शिकायत एक ग्रामीण ने की थी। जांच का क्या हुआ, इसकी जानकारी तो नहीं है, लेकिन कोयला चोरी बदस्तूर जारी है। ग्रामीणों पर तस्कर भारी पड़ रहे हैं, हालांकि ग्रामीणों ने भी मोर्चाबंदी शुरू कर दी है।

**असुरक्षित खदानों से हो रहा खनन :** सूत्रों के अनुसार, इस इलाके में बीसीसीएल ने पहले ही कोयला निकाल लिया है। उसकी खदानों को असुरक्षित घोषित कर दिया गया है, लेकिन इन खदानों से अब भी कोयला निकाला जा रहा है। इससे पूरे क्षेत्र में भू-धंसान का खतरा बढ़ गया है।

**झरिया, बलियापुर, निरसा में भी होता है अवैध खनन :** कोयला का अवैध खनन झरिया, बलियापुर और निरसा में भी खूब हो रहा है। झरिया के बोर्रागढ़, शिमलाबहाल, घनुडीह आदि जगहों पर अवैध खदानें हैं।

### प्रमुख घटनाएं

- कतरास थाना क्षेत्र के धर्माबांध ओपी अंतर्गत तेतुलिया में अवैध खनन मुहाने को दिखाने गये ग्रामीणों पर पुलिस की मौजूदगी में हमला, फायरिंग।
- भाटडीह ओपी के पालजोरिया में अवैध खनन के खिलाफ धरना दे रहे ग्रामीणों पर फायरिंग और बमबाजी
- मधुबन थाना क्षेत्र के अशाकोठी में सीआइएसएफ पर गोली बम से हमला
- नारायण धौड़ा में कोयला चोरों की फायरिंग और बमबारी, दुकान जलायी

### इन पर है काले कारोबार का आरोप

- महुदा थाना, भाटडीह ओपी, नगदा, बांसजोरा, कुमारजोरी सहित दर्जनों स्थानों पर ए मंडल, आर टुडू, ए तुरी, एसएस सिसोदिया, आर जमील, सी दुबे
- महुदा थाना अंतर्गत पदुगोडा, मुचराइडीह, भुरूंगिया, पूंजी बस्ती में बी सिंह, पी महथा और सिंह जी
- कतरास, सोनारडीह, धर्माबांध आदि में आर टुडू, ए मंडल, एसएस सिसोदिया, आर यादव, आर कर्मकार, के महतो
- कतरास थाना क्षेत्र के चैतूडीह, रामकनाली, मलकेरा, इस्ट कतरास, जीटीएस आउटसोर्सिंग, सलानपुर, गुहिबांध में वी चौहान, वी बजरंगी, सी रवानी
- बाघमारा केसरगढ़ बस्ती और जमुनिया नदी किनारे में बी सिंह
- मधुबन थाना क्षेत्र की खरखरी बस्ती, फुलारीटांड़ में के यादव, एस डब्लू, एस गुड्डू,
- बरोरा थाना क्षेत्र में एस बेलदार, पीबी अंसारी और डी तांती
- बेहराकुदुर, ब्लॉक 2 में काला एम, गोरा एम, डी महथा, ए सिंह
- लोयाबाद थाना क्षेत्रः- एच चौहान
- तेतुलमारी थाना क्षेत्रः- आर टुडू, आर महतो
- मुगमा में पी सिंह, एस सिंह, एम सिंह की तिकड़ी
- निरसा में बी सिंह, एम खान और ए तिवारी
- झरिया के एना आउटसोर्सिंग, शिमलाबहाल, बोर्रागढ़ क्षेत्र में एस सिंह, एन सिंह
- घनुडीह, जिनागोरा क्षेत्र में पी यादव एंड कंपनी
- धनसार थाना क्षेत्र में वकील साहब, डी साव, एस देवी, आर सोनी, पी महतो
- चांदमारी ग्राउंड के पास मनोहर, चुन्नू, विनोद
- बेड़ा न्यू क्वार्टर के समीप भोला, अशोक

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 30.9 °c | 23.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.58 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.34 बजे |



# झारखंड को बचाने की जरूरत है : बाबूलाल मरांडी

## कहा- देश-दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाया भारत का सम्मान

**झारखंड में 2024 में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनायें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** बाबूलाल मरांडी ने 2024 में तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने और झारखंड में भाजपानीत सरकार बनाने का आह्वान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपनी संकल्प यात्रा के क्रम में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को सोमवार को संबोधित किया। सभास्थल से पूर्व दो किलोमीटर की स्वागत रैली में उनका भव्य स्वागत हुआ। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अपने आक्रामक अंदाज में हेमंत सोरेन सरकार पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सत्ता में बैठी हेमंत सरकार में झारखंड तबाह हो चुका है। एक तरफ खान, खनिज, कोयला, लोहा, पत्थर, बालू की लूट मची है, अपराधी बेलगाम हैं, पुलिस प्रशासन वसूली में लगा हुआ है और जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जो स्थिति है, उसे देखते हुए हेमंत सरकार से उसे मिटाने की उम्मीद बेमानी है। उन्होंने कहा कि राज्य में दलाल बिचौलिए हावी हैं। आम आदमी को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा, लेकिन दलाल और तस्कर राज्य से बालू को बिहार, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मुंबई भेज रहे और उसके कमीशन का पैसा ऊपर तक पहुंच रहा। उन्होंने कहा कि राज्य में जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र कौन कहे मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में भी पैसे देने पड़ रहे। पदाधिकारी पूछने पर बोलते हैं पद पोस्ट को मोबाइल की तरह रिचार्ज कराना पड़ता है। देकर आये हैं तो लेंगे ही। उन्होंने कहा कि दलालों, बिचौलियों को बचाने के लिए कोर्ट में महंगे वकील से पैरवी करवायी जा रही है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य में हेमंत है तो अपराधियों को हिम्मत है। राज्य में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं। बेटियों को कहीं पेट्रोल से जलाया जा रहा, तो कहीं टुकड़ों में काट दिया जा रहा।

उन्होंने कहा कि राज्य में जब झामुमो, कांग्रेस, राजद की सरकार बनती है तो लूट, भ्रष्टाचार की चर्चा होती है और जब भाजपा के नेतृत्व में देश और प्रदेश में सरकार बनती है तो विकास की चर्चा होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों के शासन में गांव तक सड़क बिजली नहीं पहुंचा पायीं। गांव की सड़कें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की देन है। कहा कि मोदी सरकार पिछले 9 वर्षों से गांव, गरीब, किसान, मजदूर के विकास की चिंता कर रही। भाजपा की केंद्र और राज्य की पिछली रघुवर सरकार ने मिलकर घर-घर बिजली पहुंचाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में गरीबों के अनाज की भी लूट मची है। राज्य में सड़कों की हालत जर्जर हो गयी है। हेमंत सरकार में सड़क की मरम्मती तक नहीं हो रही। विद्यालयों में शिक्षक नहीं, अस्पताल में दवाई नहीं, डॉक्टर नहीं। बिजली की घंटों कटौती हो रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश और दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया। आज पूरी दुनिया भारत की ओर उम्मीद से देख रही। श्री मरांडी ने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य से भ्रष्टाचार मिटाने के लिए है। हेमंत सरकार सरकार को हटाने के लिए सभी को संकल्प दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि 2024 में देश और प्रदेश दोनों के चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि भारत के गौरव में चार चांद लगाने के लिए, विकास को और आगे बढ़ाने के लिए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए भारत की जनता संकल्पित है। उन्होंने आह्वान किया कि झारखंड में भी 2024 में भाजपा के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनायें और राज्य को शीर्ष पर पहुंचायें।

# मुख्यमंत्री ने जयंती पर आचार्य विनोबा भावे को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि भूदान आंदोलन के महानायक, महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक भारत रत्न आचार्य विनोबा भावे जी की जयंती पर शत-शत नमन। आचार्य विनोबा भावे जी के संघर्ष और आदर्शों को आत्मसात करते हुए हमारी सरकार काम कर रही है। ऐसा राज्य में पहली बार हमारी सरकार में हुआ है कि कई लोगों को उनकी जमीन वापस की गयी। झारखंड सरकार राज्य के लोगों को हक-अधिकार देने के लिए काम कर रही है।

## झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की चेतावनी

# संगठन का काम नहीं कर पा रहे तो दें आवेदन, पदमुक्त कर देंगे



**छह जिलों में सांगठनिक कामकाज की समीक्षा की**

**पार्टी पदाधिकारियों और प्रभारियों से रिपोर्ट ली गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि हर महीने सभी जिला व प्रखंडों में नियमित बैठक हो। विधानसभा के प्रभारी अपने प्रभार वाले विधानसभा के प्रखंडों का दौरा करें। पंचायत व गांव स्तर पर स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय कर संगठन को मजबूत बनायें। अगर जिम्मेदार पार्टी पदाधिकारी काम नहीं कर पा रहे हैं, तो आवेदन दें, पदमुक्त कर देंगे।

श्री ठाकुर पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष व सांसद गीता कोड़ा के साथ छह जिलों में सांगठनिक कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों व प्रभारियों से रिपोर्ट ली गयी। कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा के प्रभार वाले छह जिले रांची, धनबाद, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार और जामताड़ा में संगठन सशक्तीकरण अभियान के तहत संगठन को दुरुस्त करने के लिए किये गये कार्यों पर चर्चा हुई। बैठक में जिला के प्रभारी महासचिव, जिलाध्यक्ष व संबंधित जिला के विधानसभा प्रभारी मौजूद थे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुर ने कहा कि जिला प्रभारी महासचिव और जिलाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अगर किसी प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष की निष्क्रियता के कारण संगठन का कार्य बाधित हो रहा है, तो अविलंब बदलाव का प्रस्ताव प्रदेश कार्यालय को भेजें। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि मंडल व पंचायत स्तर तक गठित कमेटी का सत्यापन कर अविलंब प्रदेश कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे। सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है।

पार्टी संगठन को पंचायत स्तर तक मजबूती प्रदान करना है। सभी जिलाध्यक्ष और विधानसभा प्रभारी जिन पंचायतों में अब तक कमेटी का गठन किसी कारणवश नहीं करा पाये हैं, उन पंचायतों में जाकर इस कार्य को पूर्ण करें। बैठक में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अमूल्य नीरज खलखो, जिला प्रभारी मदन महतो, विजय सिंह, चंद्रशेखकर शुक्ला, बलजीत सिंह वेदी, शिव कुमार भगत, जवाहर महथा, विजय कुमार चौबे, हरिमोहन मिश्रा, उमेश प्रसाद, आनंद बिहारी दुबे, डॉ राकेश किरण महतो, राशिद रजा अंसारी, धर्मेंद्र सोनकर, विधानसभा प्रभारी शमशेर आलम, शहबाज अहमद, मनोज कुमार, निजाम अंसारी, दीनानाथ पांडे सहित कई लोग शामिल हुए।

# हमें फर्जी मुकदमों के साथ हत्या की साजिश रचनेवालों से बचाया जाये : सुनील तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के राजनीतिक सलाहकार व उनकी सोशल मीडिया टीम को प्रत्यक्ष रूप से देखनेवाले सुनील तिवारी ने राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह को पत्र लिखकर मदद की गुहार लगायी है। सुनील तिवारी ने अपने पत्र में लिखा है कि उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसा दिया गया है और अब उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने पत्र की प्रति भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, गृह सचिव भारत सरकार, झारखंड के पुलिस महानिदेशक व रांची एसएसपी को भेजी है। अब सुनील तिवारी द्वारा मुख्य सचिव को पत्र लिख कर सुरक्षा की गुहार लगायी गयी है।

**जमानत रद्द कराने का भी किया गया प्रयास**

मुख्य सचिव को लिखे पत्र में सुनील तिवारी ने बताया है कि वे झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सलाहकार हैं। उनकी सोशल मीडिया टीम के नेतृत्व की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी संभालते हैं। झारखंड की महागठबंधन सरकार में व्याप्त अनियमिता को लेकर मुखर रहने के कारण अगस्त 2021 में एक महीने के भीतर उनके खिलाफ न सिर्फ लगातार दो फर्जी मुकदमे दर्ज कराये गये, बल्कि उन्हें जेल भेजा गया।

# कुमार संजय ने मुख्य आयकर आयुक्त का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 1990 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी कुमार संजय को रांची में बिहार और झारखंड क्षेत्र के मुख्य आयकर आयुक्त के पद पर तैनात किया गया है और उन्होंने अपना कार्य-भार संभाल लिया है। उन्होंने विभाग में 33 वर्षों के अनुभव के साथ मुख्य रूप से कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, पटना और लखनऊ में काम किया है।

अपने शुरुआती वर्षों में उन्होंने बिहार में चारा घोटाला मामलों को संभाला था। इसके पहले 2012-15 तक वे निदेशक (अनुसंधान) बिहार एवं झारखंड के पद पर पटना में पदस्थासपित थे, तथा पुनः 20219-22 के बीच निदेशक( अनुसंधान) लखनऊ थे, जिस दौरान उन्होंने अपने कार्य-काल में 90 से अधिक छापे भी मारे हैं। जांच के अतिरक्त उन्होंने भारत के शीर्ष 100 कंपनियों में से 50 से अधिक कंपनियों का भी कर निर्धारण किया है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, उबेर, पेप्सी, पीवीआर सिनेमा, सोडेक्सो पावरग्रिड, पीएफसी, पवनहंस हेलीकॉप्टर, एमटीएनएल जैसे कंपनियां शामिल हैं।

# आज से विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन चलेगी

## केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी दिखायेंगी हरी झंडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में मंगलवार से विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन का शुभारंभ होने जा रहा है। जानकारी दे दें कि रांची गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस में विस्टाडोम कोच जोड़ा गया है। ट्रेन को मंगलवार को पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत न्यू गिरिडीह स्टेशन से सुबह 10 बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जायेगा। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश स्थानीय विधायक केदार हाजरा और झारखंड भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के शामिल होने की संभावना है। ट्रेन सुबह 6.05 बजे रांची से खुलेगी और दोपहर 1 बजे न्यू गिरिडीह पहुंचेगी। वहां से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और रात 9.30 बजे रांची पहुंचेगी।

विस्टाडोम कोच को समझें तो विस्टाडोम का अर्थ होता है परिदृश्य व गुंबद आकार जैसा यानी डोम आकार की रेलगाड़ी से परिदृश्य प्राप्त करना। विस्टाडोम शब्द दो शब्दों से मिल कर बना है, विस्टा और डोम। विस्टा का हिंदी अर्थ होता है परिदृश्य और डोम का अर्थ गुंबद आकार से है। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कोच को लगया गया है। विस्टाडोम कोच की खासियत कई हैं। ग्लास की खिड़कियां बड़ीं है। इसके छत में पारदर्शी खिड़कियां लगी होंगी। इस विस्टाडोम कोच में यात्रा करते समय यात्री साइड के साथ ऊपर की तरफ के दृश्य भी देख सकेंगे। इस कोच का निर्माण आइसीएफ ने किया है।

## कांग्रेस भवन में जनसुनवाई में लोगों ने की फरियाद

# मंत्री आलमगीर ने पदाधिकारियों को दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस की जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत सोमवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने लोगों की समस्याओं को सुना। राज्य के अलग-अलग जिलों से आये लोग जनसुनवाई में पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधीनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कई दिशा-निर्देश दिये। जनसुनवाई कार्यक्रम में रांची, रामगढ़, गुमला, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग पहुंचे थे। इसमें सड़क निर्माण, स्वास्थ्य, जमीन संबंधित मामले जैसे रसीद, मोटेशन, पुल-पुलिया का निर्माण, इंदिरा आवास, कब्रिस्तान का सुंदरीकरण, पंचायत भवन, हाइस्कूल निर्माण, अंबेडकर आवास, जैसी समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे थे। इसके साथ ही वाणिज्यकर विभाग अंतर्गत निम्नवर्गीय लिपिक के पद पर अनुशंसित अभ्यार्थियों की नियुक्ति जल्द हो इसके लिए रामगढ़ के प्रमोदकर माली की ओर से मंत्री से आग्रह किया गया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि तमाम जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, महासचिव राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, डॉ एम तौसीफ, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 3088 date 30.08.2023 I, **JITENDRA TIRKEY,** Son of Late Budhwa Tirkey, aged about 51 years, Aadhar No-950545014068, Resident of Village-Near Mission School, Sundil, P.S-Ratu, District-Ranchi, State-Jharkhand, do hereby declare as follows :-

1. That I am the father of **AKANCHA JASMIN TIRKEY** who has passed the ICSE Board Exam in the year 2023 from Don Bosco School, Kokar, Ranchi.
2. That mother's name of **AKANCHA JASMIN TIRKEY** has not been inserted in entire certificate, which has been issued by ICSE Board, New Delhi vide School Registration Code-JH090.
3. That **EVA KHALKHO** is my wife and mother of said **AKANCHA JASMIN TIRKEY.**
4. That in Birth Certificate of **AKANCHA JASMIN TIRKEY,** her mother's name **EVA KHALKHO** has been inserted.
5. That this affidavit is being solicited to add the name of mother **EVA KHALKHO** upon the certificate issued to **AKANCHA JASMIN TIRKEY** from the ICSE Board, New Delhi.
6. That it is to further declare that aforesaid content are true to the best of my knowledge and if found wrong in future then I am only be responsible for the same.

# लालू बोले-देवी-देवता की पूजा कर युद्ध के मैदान में कूदेंगे

## दिल्ली में 13 सितंबर को कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक, प्रत्याशियों के नाम होंगे तय

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** झारखंड के बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूजा के बाद लालू यादव ने कहा कि हम देवी-देवता की पूजा कर युद्ध के मैदान में कूद जायेंगे। वापस जाकर आइएनडीआइए गठबंधन पर काम शुरू करेंगे। आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि उम्मीदवार चयन करने का काम शुरू किया जायेगा। इसके लिए 13 सितंबर को दिल्ली में कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक होगी। जिसमें उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जायेंगे। हम बिहार के मुख्य इलाकों में भ्रमण करेंगे। इधर, जी-20 समिट को लेकर भी लालू ने निशाना साधा है। कहा कि क्या फायदा हो गया? लोगों को बुलाकर, इतना खर्चा कर देश की आम जनता को क्या फायदा हो गया। लालू यादव पत्नी राबड़ी के साथ झारखंड दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने बाबा बैद्यनाथ और बासुकीनाथ मंदिर में पूजा की। दुमका में पत्रकारों से बातचीत में लालू यादव ने ये बातें कहीं। जी-20 समिट पर लालू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, उन्होंने अच्छा काम किया है। वहीं नीतीश सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनकी सरकार को बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया ही चला रहे हैं।

**21 लीटर दूध से बाबा बैद्यनाथ का अभिषेक**

सोमवार को सुबह साढ़े 6 बजे पत्नी राबड़ी देवी के साथ देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने परिवार के साथ पूजा-अर्चना की। लालू-राबड़ी ने 21 लीटर दूध से बाबा बैद्यनाथ का अभिषेक किया। पूजा के बाद लालू ने कहा कि बाबा के यहां माथा टेका, देश दुनिया सबके लिए प्रार्थना की, सबका भला हो।

**बाबा बासुकीनाथ मंदिर में भी की पूजा**

बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा के बाद राजद सुप्रीमो, राबड़ी देवी के साथ बाबा बासुकीनाथ की पूजा के लिए दुमका पहुंचे। यहां पूजा-अर्चना के बाद लालू ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि हमने भगवान से कामना की है कि देश को बदलिए और आइएनडीआइए गठबंधन को विजय बनाइये।

# निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल की जमानत याचिका पर इडी कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई की तिथि 15 सितंबर को निर्धारित की गयी है। नीरज की ओर से अधिवक्ता प्रितांशु सिंह ने बहस की। जबकि इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। नीरज पर जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज को इडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था।

UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)

**VINOBA BHAVE UNIVERSITY**

Approved by UGC & AICTE, New Delhi
Hazaribag 825319 (Jharkhand)
Ph. No. 06546-261929 (0): Fax: 06546-261929 : E-mail:vbuucet@gmail.com: website: ucetvbu.ac.in

**ADMISSION NOTIC THROUGH OPEN COUNSELING**

Eligible candidates are invited to take admission in **UCET, VBU** through open spot counselling in **M.E, C.S.E, E.C.E** and **I.T**. branch for 1st semester and 3rd semester (Engineering lateral entry) **A/Y 2023-24 on or before 12:00 PM, 13-09-2023.** For details about minimum eligibility criteria, admission process, list of required documents, vacant seat, matrix and fee structure please visit **www.ucetvbu.ac.in./www.vbu.ac.in.** For any query you may contact on 8709825790/ 8292456854/ 7070232036.

By order of the Hon'ble Vice-Chancellor
Sd/- Registrar
Vinoba Bhave University
Hazaribag

Memo No. : VBU/UCET/R/2424/2023
Dated : 11.09. 2023

## घर से जेवर और नगदी की चोरी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के दूधीमाटी में सोमवार की अहले सुबह करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर घर में अकेली रह रही महिला मीना देवी पति स्व राम लखन सिंह ने बताया कि 10 वर्ष पहले उनके पति की मौत हो गयी थी। इसके बाद से वह अकेली घर में रह रही है। सोमवार की सुबह करीब 3 बजे कुछ लोग उनके घर के पिछले दरवाजे से घर में घुस गये और कमरे में रखें बक्सा और अटैची को तोड़कर नगदी और जेवर की चोरी कर लिया। जिसमें चांदी के दो सिक्का, सोना का एक चेन और टॉप शामिल है। जिसकी अनुमानित कीमत 70 हजार है इसके अलावे 4 हजार रुपये नगद भी चोरी की गयी है। महिला ने बताया कि सुबह 3 बजे जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने कमरे के सारे सामानों को बिखरा पाया। महिला ने बताया कि उनका कोई नहीं है। उन्होंने इस घटना की सूचना कोडरमा पुलिस को भी दिया है।

## दो मोटरसाइकिल पर लदी अंग्रेजी शराब जब्त



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बासोडीह पंचायत के राजघटी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र मुस्लिम टोला के समीप सोमवार को सतगावां पुलिस ने गश्ती के दौरान 2 मोटरसाइकिल वाहन पर लदे करीब 43 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं 2 शराब तस्कर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी आनंद कुमार साह ने बताया कि गश्ती के दौरान वे अपने दलबल के साथ राजघटी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र मुस्लिम टोला के समीप पहुंचे थे, जहां 2 तस्करों 2 मोटरसाइकिल पर अंग्रेजी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस पर तस्करों की नजर पड़ते ही मोटरसाइकिल को जमीन पर पटक कर मकई खेत की भागते हुए जंगल तरफ भाग गया। मोटरसाइकिल की जांच किया गया तो कार्टून में अंग्रेजी शराब पाया गया। मोटरसाइकिल सहित शराब को जप्त कर सतगावां थाना लाया गया जिसमें 2 मोटरसाइकिल वाहन बीआर 27 एफ 1126 तथा जेएच 12 एच 2234 जिस पर लदे इम्पिरयल ब्लू 775 एमएल के 12 पीस, रॉयल स्टेग 775 एमएल के कुल 8 पीस तथा इंपिरियल ब्लू के 375 एमएल के 23 पीस दोनों तस्करों के वाहन पर से बरामद किया गया है। वहीं वाहन मालिक पर सतगावां कांड संख्या 65/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पिता की डांट से नाराज युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले से सटे गिरिडीह जिले के गोरहन्द राजधनवार में रविवार को रात पिता की डांट के बाद एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक के द्वारा जहर खाने की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। युवक की पहचान साहुल कुमार पिता गुलाब दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक कोचिंग क्लास के बाद लेट से घर पहुंचा था जिसको लेकर पिता ने उसे डांटा था जिसके बाद युवक ने गुस्से में आकर जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज करके गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज की रिम्स रेफर कर दिया गया।

## प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता एक को



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** भारत विकास परिषद प्रांत स्तरीय बैठक झारखंड प्रांत के महासचिव रामप्रवेश पांडे के झुमरीतिलैया स्थित आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। 1 अक्टूबर को झुमरीतिलैया में प्रांत स्तर पर राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया। वही 8 अक्टूबर को प्रांत स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन देवघर में कराने का निर्णय लिया गया। महासचिव रामप्रवेश पांडे ने कहा कि लगभग 12 जिले से उपरोक्त दोनों प्रतियोगिता में प्रतिभागी भाग लेंगे। जिला स्तर से प्रथम आने वाले स्कूल के बच्चे को प्रांत स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। प्रांत स्तरीय समूह गान प्रतियोगिता की तिथि 1 अक्टूबर को निर्धारित है। स्थान और समय की सूचना अगले बैठक में तय की जायेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रांतीय पदाधिकारी में प्रांतीय मीडिया प्रभारी अरुण कुमार ओझा, प्रांतीय महिला बाल विकास संयोजक जूही दास गुप्ता, ग्रामीण विकास संयोजक छोटेलाल पांडे, शाखा सचिव प्रोफेसर कैलाश राणा, संरक्षक नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी त्रिवेदी और राजेश कुमार सिंह, कुछ जिले से ऑनलाइन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## साफ-सफाई के लिए चार नये ऑटो टिपर को हरी झंडी दिखायी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्ड, गली मोहल्ला, बाजार, सार्वजनिक स्थान, विभिन्न कार्यालय, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड और अन्य प्रमुख स्थानों में बेहतर साफ सफाई के लिए नये चार ऑटो टिपर को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शहर को साफ सफाई रखने के लिए नगर वासियों को सहयोग करने की अपील की। सभी दुकानदारों को अपना एक डस्टबिन रखने के लिए आव्हान किया एवं दुकानों का कचरा को इधर-उधर नहीं फेकने अपने दुकान के डस्टबिन में रखने और कचड़े को नगर पंचायत के गाड़ी में कचरा डालने को कहा। उन्होंने नाली के ऊपर स्लैब में दुकान नहीं लगाने का निर्देश दिया। मौके पर नगर प्रबंधक अभिषेक प्रकाश, नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहू, प्रधान सहायक बालकृष्ण सिंह, सुपरवाइजर सुरेश राम, सौरभ कुमार और अन्य उपस्थित थे।

## स्टालिन समेत अन्य के खिलाफ कोडरमा में परिवाद पत्र दायर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सनातन धर्म के खिलाफ जनप्रतिनिधियों द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने से आहत होकर अधिवक्ता रिशिकांत और प्रवीण सिंहा के माध्यम से न्यायालय में परिवाद सं 1890/23 दायर किया है। हिंदू होने के बाद भी सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मच्छर, मलेरिया और कोरोना से करने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पुत्र उदय निधि स्टालिन जो विधायक सह कल्याण और खेल मंत्री हैं, ने तमिलनाडु प्रोगेसिव रायटर्स फोरम के सम्मेलन में उत्तेजक और भड़काऊ बयान देते हुए इसके उन्मूलन की बात कही। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पुत्र प्रियांक खड़गे जो विधायक और कर्नाटक सरकार में मंत्री है, ने इसका समर्थन करते हुए इसे बीमारी बताया। वहीं इन दोनों के बयान का समर्थन कर नीलगिरी, तमिलनाडु के सांसद ए राजा का कहना है कि उदय निधि ने सनातन के खिलाफ विनम्रता दिखाई जबकि यह एड्स से भी खतरनाक है। हैरत है कि भारत के संविधान को मानने वाले और जनता द्वारा चुने प्रतिनिधि सनातन धर्म के खिलाफ ऐसी सोच रखते हैं और आइएनडीआइए गठबंधन के नेता इस पर चुप्पी साधे हैं। सनातन के खिलाफ ऐसी ओछी टिप्पणी से सभी हिंदुओं की भावना पूरी तरह आहत है और राष्ट्रपति से इनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग की गयी है। बसंत ने सनातन धर्म के खिलाफ ऐसी गंदी टिप्पणी से आहत होकर दो गवाहों भाजपा नगर अध्यक्ष कोडरमा नरेंद्र पाल और सचिंद्र शर्मा के साथ मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद पत्र दाखिल करते हुए सनातन धर्म के खिलाफ आग उगलने वालों को दंडित करने की मांग की है।

# हजारीबाग के बीमार युवक का इलाज करवायेंगे सोनू सूद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** कोविड की वजह से हुए लॉकडाउन के दौरान सोनू सूद ने बढ़ चढ़कर मुसीबत में फंसे कई लोगों की मदद की थी। इसके बाद से तो उनका नाम गरीबों के मसीहा माना जाने लगा है। लोग दूर दूर से उनके पास मदद की आस में जाते है, ऐसे ही हजारीबाग के हबीबीनगर के राजा अपने बड़े भाई के बिमारी के मदद के लिए सोनू सूद के पास पहुंचे थे। सोनू सूद ने मिल कर उनसे मदद का आश्वासन भी दिया।

हजारीबाग के हबीबीनगर के मोहम्मद शोएब आलम के बड़े बेटे यूसुफ की दोनों किडनी खराब हो चुकी है, मो यूसुफ अभी डायलिसिस चल रहा है। लेकिन परिवार के माली हालत उतनी बेहतर नही है कि उनका लगातार डायलिसिस करवा पाएं इसके लेकर मो यूसुफ के छोटे भाई राजा सोनू सूद से मदद लेने के स्कूटर से ही हजारीबाग से मुंबई गये थे। यूसुफ के पिता मोहम्मद शोएब आलम ही घर में अकेले कमाऊ सदस्य है। वो हजारीबाग में मैकिनिक का काम करते है, मो यूसुफ का इलाज अभी रांची के अपोलो अस्पताल में चल रहा है।

मो यूसुफ के छोटे भाई राजा ने लोकल 18 झारखंड को बताया कि 2021 में उनके बड़े भाई यूसुफ की एक किड़नी खराब हुई थी। जिसके कुछ दिनों बाद दोनों किडनी खराब हो गई। इसके लिए वो सोनू सूद के पास मदद के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे लेकिन उनसे संपर्क नही हो पाया.2022 में गये थे सोनू सूद से मिलने राजा आगे बताते है सोनू सूद से वो दो बार मिलने के जा चुके है 2022 में एक बार मिलने के लिए गये थे लेकिन उनसे मुलाकात नही हो पायी थी। लेकिन फिर भी राजा ने हार नहीं मानी और जून 2023 में स्कूटर से हजारीबाग से मुंबई के सफर में निकले और सोनू सूद से मुलाकात की सोनू सूद ने सारा खर्च वहन करने का आश्वासन राजा आगे कहते है कि उनका भाई अभी जिंदगी और मौत के बीच है. सोनू सूद ने उनके स्थिति को देखते हुए इलाज में होने वाले सारे खर्चे का वहन करने का आश्वासन दिया है। सोनू सूद ने कहा है कि यूसुफ के लिए बी पॉजिटिव किडनी डोनर एक बार खोज ले फिर इलाज का जो भी खर्च होगा वो सोनू सूद अपनी और से देंगे।

# कार्यपालक प्रशासक ने किया चंद्रोडीह प्लांट का निरीक्षण

**गौतम पाल**




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चन्द्रोडीह में लगभग 8 एकड़ भूमि में कचरा निस्तारण की पहल को लेकर एक बार फिर से झुमरीतिलैया नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्धन ने कवायद तेज कर दी है। सोमवार को प्रशासक हर्षवर्धन ने स्थल का निरीक्षण किया। ग्रीन तिलैया क्लीन तिलैया को अपने प्राथमिकता के अनुसार उन्होंने स्वच्छता को लेकर तिलैया बस्ती स्थित कचरा डंपिंग यार्ड का भी निरीक्षण किया और वहां बनाये गये डंपिंग यार्ड से स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानी से अवगत हुए। इसके अलावा उन्होंने बस्ती स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्टिकल 3 के तहत बने आवास मे रह रहे लाभूको की परेशानियों से रूबरू हुए। उन्होंने लाभूको को आश्वासन दिया कि वे जल्द उनकी समस्याओं को लेकर बैंक पदाधिकारीओ के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकाला जायेगा। बाद में कार्यपालक प्रशासक हर्षवर्धन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि कचरा निस्तारण के लिए प्लांट के बनने से शहर में कचरा के ढ़ेर से हो रहे प्रदूषण से लोगों को निजात मिल सकेगी। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर लाभूकों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए जल्द ही बैंक कर्मियों के साथ एक समीक्षा बैठक की जायेगी।

# बरकट्ठा क्षेत्र के आठ घरों में हुई लाखों की चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कल्हाबाद, पारटांड में बीते रात्रि को आठ घरों में अज्ञात चोरों ने चोरी की। रविवार की रात्रि को कल्हाबाद गांव निवासी लिलधारी सिंह उर्फ कारू सिंह, डोमन प्रसाद, डोमा राम, किशोर राम, मुंशी राम, रामेश्वर महतो, लिलधारी प्रसाद उर्फ कैला प्रसाद, जिबलाल राम के घरों में अज्ञात चोरों ने एक साथ आठ घरों में चोरी कर लाखों रुपये नकद व जेवर का चोरी कर आराम से निकल गये। इस घटना से पुरे गांव के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, जिप सदस्या कुमकुम देवी पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद हैं। कुछ लोग इसे प्रशासन की कमजोरी भी बता रहे हैं। सूचना मिलते ही बरकट्ठा थाना प्रभारी दिनेश कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। बरकट्ठा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। विधायक अमित कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर इस घटना का जल्द उद्भेदन करने का आग्रह किया। उन्होंने बरकट्ठा थाना प्रभारी से भी जल्द इस चोरी की घटना को उद्भेदन करने को कहा। उन्होंने कहा कि पुलिस की पेट्रोलिंग को बढ़ायें। घटनास्थल से पूर्व विधायक ने प्रसाशनिक पदाधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द अपराधीयों को गिरफ्तार करने को कहा नहीं तो बाध्य होकर जनता के सहयोग से भयंकर जनांदोलन करेंगे।

# अमृत सरोवर के सुंदरीकरण के लिए एनटीपीसी ने दिये 15 लाख रुपये

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केरेडारी।** आजादी के अमृत काल में देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरी देश, प्रत्येक गांव में अमृत सरोवर की निर्माण की निर्देशित है। इस योजना अंर्तगत प्रखण्ड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो गांव के जराठी विधालय के सामने अमृत सरोवर की जीर्णोद्धार एनटीपीसी चट्टी बरियातू परियोजना प्रबंधन के सीएसआर मद से 15 लाख की राशि से तालाब की सुंदरीकरण का शुभारंभ नारियल फोड़कर विधिवत मुखिया कौशल्या देवी ने किया। मुखिया कौशल्या देवी ने बताया की एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोल परियोजना प्रबंधन द्वारा अमृत सरोवर की सुंदरीकरण के लिये 15 लाख की मद दिया है। उन्होंने पेटो की जनता को अमृत सरोवर सुंदरी करण होने के बाद एक टूक निहारने से नही रुकेंगे। तालाब में सीढिया, बॉउंड्री वाल, फलदार पौधे और टंडवा प्रखंड के शहीद राजेश दास की प्रतिमा लगाया जाना है बताया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, नेता प्रीतम साहु, पंसस अरविंद साहु, शकुंती देवी, सुनील साव, सकुल साव, बजरंगी यादव, चक्कु साव, राजेश साव, प्रकाश साव, सुरेश साव, बिनोद साव, नितेश कुमार, महावीर साव, दुलार साव, प्यारी साहु, समेत कई उपस्तिथ थे।

### डीवीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रारंभ

# भ्रष्टाचार मुक्त और विकसित भारत का निर्णय लें: दिलीप कुमार सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जयनगर।** प्रखंड के डीवीसी केटीपीएस के सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से वरीय महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत- विकसित भारत का निर्णय लें। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन में सभी हितधारकों, सार्वजनिक और कॉर्पोरेट संस्थाओं, फॉर्म और नागरिकों की व्यापक भागीदारी की मांग की है। सतर्क भारत, समृध्द भारत, एक समृध्द राष्ट्र के लिए आजादी भ्रष्टाचार से, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमारे सहयोगी बने यह आपकी नैतिक जिम्मेदारी भी है। भ्रष्टाचार मिटाओ नया भारत बनाओ। वहीं एफजीडी साइड के बीच पीआइडीपीआइ के द्वारा मजदूरों के बीच जागरूकता अभियान चलाया।

जिसमें सतर्कता पदाधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि ना रिश्वत देंगे ना रिश्वत लेंगे, लक्ष्य तक पहुंचाने में सतर्कता जागरूकता अति आवश्यक है। ईमानदारी अपनायें और भ्रष्टाचार मिटाने में अपना सहयोग करें। मौके पर डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह, वरीय प्रबंधक अर्णव मित्रा, महा प्रबंधक संजय सिन्हा, सेफ्टी पदाधिकारी गोपाल हलधर, एचआर पदाधिकारी नरेश शाह, नवीन कुमार, सुधीर व्यास, प्रवीर चांद, सुनील कुमार सिन्हा, मानस मंडल, विनोद कुमार राय, रणजीत कुमार सिंह, रवि शंकर कुमार, कुलदीप कुमार, सुधीर कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डॉ आरसी ने किया कई गांवों का दौरा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने इचाक प्रखंड के हदारी, परासी, बरका कला, बरका खुर्द, दरिया, पोखरिया, डाढ़ा आदि गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा किये गये विकास कार्यो का अवलोकन करते हुए कहां की आज देश महंगाई बेरोजगारी महामारी अकाल से गुजर रहा है, जो प्रजातांत्रिक देश के लिए अशुभ है। 20 प्रतिशत धान रोपनी हुआ है, वर्षा के अभाव में धान और भदवा फसल सूख रहा है। सुखाढ़ से किसानों में हाहाकार मचा हुआ है, सरकार अकाल क्षेत्र घोषित करें। डाढा के समाजसेवी दयानंद मेहता ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई और पटवन योग्य आहर नहर, जल मीनार का निर्माण करावे। इचाक प्रखंड दर्जनों गांवों सरकार बिजली लगावे। गिरधारी कुशवाहा ने कहा किसान सिंचाई योग्य भूमि में ही किसानी करें। ऊपर वाले के भरोसे ना रहे नगदी फसल का खेती करें। भ्रमण कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत अध्यक्ष सीताराम महतो, विधानसभा प्रवक्ता डॉ सीपी दांगी, गिरधारी कुशवाहा, सुदीप धवन आदि शामिल थे।

## श्रीदस स्कूल में वीरगाथा कार्यक्रम का आयोजन




**बरही (आजाद सिपाही)।** देवचंदा मोड़ स्थित इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में सोमवार को वीरगाथा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिनमें लेखन, पेंटिग, निबंध और कविता पाठन शामिल है। साथ ही प्रधान मंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा में सफल होने पर सम्मान स्वरूप प्रशस्ति-पत्र दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह सभी को बधाई देते हुए कहा की ज्ञानवर्धन और तार्किक शक्ति क्षमता बढ़ाने हेतु कई कार्यक्रम बच्चों के बीच आयोजित किये जा रहे हैं। ताकि बच्चों में ज्ञान की वृद्धि हो बच्चे हर चुनौती का सामना करना सीखे। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन बच्चों के अंदर परीक्षा के नाम मात्र से भय उत्पन्न हो जाता है और जो बच्चे परीक्षा शब्द सुनकर नर्वस हो जाते हैं उन बच्चों से बातचीत कर उनके भय को खत्म करना है। जिन बच्चों ने वीरगाथा प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें तमन्ना, मधु, वर्षा, अंजलि, श्रीजा, मेघा, मधु, वंदना, पलक, प्रिया भारती, दिव्या, मनीषा, ऋषि, कृष, लक्की, गुलाल, सुप्रिया, शाश्वत सत्यम, निशु, दानिश, सिमरन, विष्णु अभिषेक, सानिया, सुहानी, मीतांशी, संतन, मोहित, रोहित, दीपशिखा, परिधि, रिया आदि शामिल रहे।

## कस्तूरबा विद्यालय में कराटे ग्रेडिंग प्रतियोगिता



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय विष्णुगढ़ में ड़ाडी बलसारा इंटरनेशनल कराटे आशीहारा कैकान फाउंडेशन के द्वारा कराटे ग्रेडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राष्ट्रगान गाकर तथा अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों के द्वारा डाड़ी बलसारा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों तथा कराटे प्रशिक्षकों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में 120 प्रतिभागी शामिल थे। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि कराटे आत्म सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। कराटे एक व्यायाम है जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। डाडी बलसारा टीम के मुख्य प्रशिक्षक कैकान समीर बग्गा ने कहा कि आज के जीवन में बालिकाओं के लिए कराटे सीखना बहुत जरूरी है। विद्यालय की वार्डन सुनीता गुप्ता ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में सुदूरवर्ती क्षेत्र की बालिकाएं पढ़ती हैं और वह कराटे से शारीरिक तथा मानसिक रूप से सबल और सशक्त हो जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रशिक्षक प्रवीण कुमार, लखन प्रसाद, गौतम भारती, अमित शर्मा, सुरेंद्र राम, रोशन राज, दिलीप कुमार, पिंटू कुमार, ताला मरांडी, वाल्मीकि मुनि, बालेश्वर महतो, पूनम महतो, अलोकी महतो, सोनी कुमारी, बबीता कुमारी, कुमकुम कुमारी, मनीषा कुमारी समेत कई लोग शामिल थे।

## केरेडारी-बुंडू सड़क निर्माण कार्य का सांसद और विधायक ने किया शिलान्यास



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** केरेडारी से बुंडू-कोले तक 24 किमी लंबी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास सांसद जयंत सिन्हा व विधायक अंबा प्रसाद ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। ऊक्त सड़क निर्माण के साथ-साथ तीन पुल पुलिया के निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गयी। इस मौके पर सांसद श्री सिन्हा ने लोगो की समस्याओं को सुनी। जिसके तहत कराली काली मंदिर के समीप सांसद मद से पांच लाख की योजना निर्माण की अनुशंसा किया। साथ हीं कराली पंचायत में लोगों को पेयजल से सम्बंधित योजना निर्माण का आश्वासन दिया। वहीं विधायक अंबा ने भी लोगों की रूबरू हुए और उनकी समस्याएं सुनी। केरेडारी से अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बुंडू और पताल के गांव प्रखंड व जिला मुख्यालय से जुड़ सकेंगे। इस मौके पर सांसद जयंत सिन्हा, विधायक अंबा प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि बड़कागांव विस् बालेश्वर कुमार, राजू साव, दिलदार अंसारी, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, चंदन गुप्ता, सलामत अंसारी, राजेन्द्र प्रजापति, कर्मचारी साव, बैजनाथ तिवारी, नारायण तिवारी, उप प्रमुख अमेरीका महतो, मुखिया अशोक राम, सुरेश भुइयां, अमित गुप्ता, कुलदीप तिवारी, बसंत यादव, जयराम साव, महेंद्र रजक, रविंद पांडेय, अर्जुन राम, कुंवर पांडेय, पंकज सिंह, बाल गोविंद सोनी व संवेदक समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्टूडेंट्स क्लब बेरोगांय की टीम बनी टूर्नामेंट चैंपियन



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड़ के ग्राम छुतहरी कटिया में विवेकानंद क्लब के तत्वावधान में आयोजित फाइनल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काट कर व फुटबॉल किक मारकर किया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव जिप सदस्य कुमकुम देवी उपस्थित थे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच यादव सपोर्टिंग क्लब लोकिया बनाम स्टूडेंट्स क्लब बेरोगांय के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शुट आउट में स्टूडेंट्स क्लब बेरोगांय की टीम ने 5-3 से जीत दर्ज की। विजेता व उपविजेता टीमों को अतिथियों ने पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि खेल खुद से भी युवा अपने कैरियर के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं वहीं पूर्व विधायक जानकी यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मैं अपने विधायकी कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा, जयनगर प्रखंड़ के डंडाडीह में व इचाक प्रखंड़ में प्रखंड़ स्तरीय स्टेडियम का निर्माण करवाया ताकि खिलाड़ियों के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिले। मौके पर मुखिया खरियोडीह राजेंद्र यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बीरेंद्र यादव, पंसस मनोज यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार यादव, मनोहर चौधरी, आशीष यादव, किशोर यादव, संतोष यादव, संजय यादव, अमित कुमार, पप्पू यादव, प्रेमशंकर पासवान, सुनील यादव, रामविलास यादव, राहुल यादव समेत आदि खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# बलसगरा में बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का बलसगरा मैदान में आयोजित संकल्प यात्रा के जाने के क्रम में नयामोड़, कुजू में भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। आयोजित स्वागत कार्यक्रम मांडू विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल के नेतृत्व में मांडू विधानसभा के सैकड़ो नेता व कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। साथ ही, माला पहनाकर व बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात नयामोड़ फोरलेन चौराहे पर झारखंड प्रमुख आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक टेकलाल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर संकल्प यात्रा, बलसगरा की ओर रवाना हुए। इस दौरान उनके साथ-2 चल रहे सांसद जयंत सिन्हा, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल, माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल समेत कई नेताओं ने टेकलाल महतो की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, जय कुमार महतो, मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, नप अध्यक्ष मनोज गिरी, विधायक प्रतिनिधि संजय शाह, अशोक कुमार, नीरज झा, मनोज महतो, रामचल मुंडा, डिंपल प्रजापति, विवेक गुप्ता, रतन प्रसाद, रवि साहू, राजेश प्रसाद, जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, हरि महतो, अर्जुन महतो, सुधान सिंह, विकास साहू, उमेश चन्द्र पटेल, मुकेश शाह, विजय गिरी, प्रदीप शर्मा, नरोत्तम सिंह, सन्तोष मेहता, शंकर करमाली, बिनोद कुमार, अर्जुन यादव, मुकेश ठाकुर समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल सीइओ से मिला



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी रामगढ़ का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को छावनी परिषद अधिशासी अधिकारी अनंत आकाश से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने शहर के मुख्य समस्याओं से अवगत करवाया। जिसके बाद उनको बुके देकर स्वागत किया। मौके पर आजसू पार्टी के नेताओं ने रामगढ़ शहर के मुख्य समस्याओं से छावनी अधिशासी अधिकारी को अवगत कराते हुए बताया कि रामगढ़ शहर में स्थल चयन कर सोलर मास्क लाइट लगाने की जरूरत है। इसके अलावा डेंगू के बढते प्रकोप को रोक थाम करने के लिए प्रचार प्रसार आठों वार्ड में करने, मलेरिया से बचाव हेतु फॉग मशीन के द्वारा छिड़काव और ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव करने, सभी शौचालय में साफ सफाई नियमित रूप से करने, सभी वार्ड में नाली नियमित रूप से साफ सफाई करने, सभी वार्डों में टूटी हुई नाली और सड़क को मरमत्ती करने, जनता को पीने की स्वच्छ पानी नियमित रूप से देने, वार्ड नं 6 में कचड़ा यार्ड के बाहर सड़कों पर फेला गंदगी की अंबार को हटाने, न्यू बस स्टैंड सब्जी मंडी में नियमित साफ सफाई करने, रामगढ़ की जनता की समस्या के समाधान के लिए एक टोल फ्री नंबर लागू करने सहित अन्य मांगों से अवगत कराया। अधिशासी अधिकारी ने दिया आश्वासन मौके पर छावनी परिषद अधिशाषी अधिकारी ने सभी समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और अस्वस्त किया कि जल्द ही रामगढ़ शहर की मुख्य समस्याओं को समाधान किया जायेगा। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष उत्तम पासवान, रामगढ़ नगर सचिव नीरज मंडल, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, संजय कुशवाहा, नंदू महतो मौजूद थे।

## करम पूजा मनाने को लेकर की बैठक



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा देवी मंदिर के प्रांगण में स्थानीय लोगों की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान अविनाश बेदिया ने किया। बैठक का संचालन सुनील पाहन एवम मदन राम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी पच्चीस सितंबर को धूमधाम से करम पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान अविनाश बेदिया ने बताया आगामी पच्चीस सितंबर को करम पूजा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें बिभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया पूजा को लेकर सभी तैयारियां जोरों पर है। मौके पर विकास बेदिया, संतोष बेदिया, रवि पाहन, राजेश बेदिया, मदन रविदास, कैलाश बेदिया, सुनील बेदिया, बबना पाहन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## पांडेयपुरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने विजय साहू



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पाण्डेपुरा गांव में दूर्गा पूजा धूमधाम से मनाने के लिए बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता राजेश प्रसाद द्वारा किया गया। पूजा समिति के गठन मे समिति के पूर्व सदस्य संतोष साह, अशोक साहू, राजेश मेडिकल, धीरज प्रसाद, मोदन प्रसाद, रंजीत प्रसाद माथुरी समेत क्षेत्र के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। बैठक मे सभी ग्रामीणों के बीच पूर्व के कि कार्य कलाप और वर्तमान मे होने वाले पूजा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। पूर्व के पूजा समिति के सदस्यो और ग्रामीणों के सहयोग से अध्यक्ष पद के लिए विजय प्रसाद साहू (रेडियो दुकान), उपाध्यक्ष पद के लिए राजेश प्रसाद, सचिव आदित्य प्रसाद, उपसचिव जागनारायण भारती, कोषाध्यक्ष सुमन प्रसाद और उपकोषाध्यक्ष पंकज प्रसाद, मिडिया प्रभारी निशांत तिवारी, रोहित अलवेला और विजय प्रसाद को संरक्षक के पद पर चयन किया गया। समिति के सहयोग के लिए एक ग्यारह सदस्यीय टीम गठित किया गया। जिसमे विकास कुमार, सुधीर कुमार, रुजन कुमार, डब्लू कुमार, सौरभ गुप्ता, अंकित कुमार, सुधांशु शेखर, विक्की कुमार, राजा प्रसाद साहू, अभिराम शेखर, कुलदीप कुमार को शामिल किया गया है। चयन के उपरांत दुर्गा पूजा समिति के पूर्व सदस्यों द्वारा नये कमिटी के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया और साथ मे आगामी दुर्गा पूजा के लिए तन मन और धन से सहयोग देने की बात कही गयी, जो इनके उज्जवल व्यक्तित्व को दशार्ता है।

## मन मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** नावाडीह में सोमवार को नालसा हेल्पलाइन 15100 और अगामी 30 सितंबर तक चलने वाला मन का मिलन पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सभी तरह के छोटे- मामले को निष्पादित किया जायेगा। इसके साथ ही वन विभाग, बैंक लोन सर्टिफिकेट केश, मृत्यु बीमा से संबंधित सुलह को लेकर प्रत्येक बुधवार, रविवार को प्रखंड कार्यालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय मे समस्या से सबंधित आवेदन दे सकते हैं।

### रामगढ़ की संकल्प सभा में उमड़े लोग, भाजपाइयों में दिखा उत्साह

# मिली वंदे भारत और इंटरसिटी की सौगात: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** संकल्प यात्रा में हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने केंद्र सरकार द्वारा किये गये विकास योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम वह झारखंड बनाना चाहते हैं जहां वंदे भारत जैसी ट्रेन चलती है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ को इंटरसिटी ट्रेन की भी सौगात मिलने वाली है। बरकाकाना से रांची चलने वाली इस ट्रेन का फायदा रामगढ़ वासियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के भावी मुख्यमंत्री होंगे। इसकी भविष्यवाणी इसलिए कर रहे हैं क्योंकि आम जनता अब सिर्फ हेमंत हटाओं और झारखंड बचाओ का नारा दे रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार, वसूली और अपराध के स्तंभ पर चल रही है। जनता इन तीनों स्तंभों को तोड़कर भाजपा की सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड को एक ऐसा प्रदेश बना दिया है जहां अधिकारी करोड़ों रुपये का काला धन रखते हैं। लेकिन भाजपा एक ऐसी सरकार बनायेगी जहां पावर प्लांट और हाइवे बनेंगे।



### हेमंत सरकार के खिलाफ जनता संकल्प: मनीष जायसवाल

संकल्प यात्रा में शामिल हजारीबाग के विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आज झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता को इस सरकार के खिलाफ संकल्प लेने की आवश्यकता है अगर इस भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना है तो सिर्फ बाबूलाल मरांडी के हाथ में राज्य की बागडोर सौंपनी होगी।

### भारत से जुड़े हुए लोग संस्कार से भरे हैं, वे हमेशा विकास की बात करते हैं: यदुनाथ पांडेय

संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद रघुनाथ पांडे ने कहा कि आज पूरा देश भारत और इंडिया में बंटा है। इसकी राजनीति संस्कारों से जुड़ी हुई है। भारत से जुड़े हुए लोग संस्कार से भरे हैं। वह हमेशा विकास की बात करते हैं। लेकिन इंडिया में शामिल लोग जब अपनी माता-पिता की सेवा नहीं करते तो वह जनता की क्या सेवा करेंगे। इसलिए जनता भारत को ही मजबूत बनाने के लिए संकल्प ले।

**संकल्प यात्रा में ये थे शामिल**

यात्रा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला प्रभारी शशि भूषण भगत, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, हजारीबाग लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडे, रणंजय कुमार, राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, महेंद्र प्रजापति, आनंद बेदिया, वसुध तिवारी, शिवकुमार महतो, राजेंद्र कुशवाहा, प्रो संजय सिंह, संजीव बावला, सूर्यवंश श्रीवास्तव, संतराज पासवान, जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, प्रवीण कुमार सोनू, मनोज गिरी, तरुण साव, मंसू बेदिया, जागेश्वर प्रजापति, जनक प्रसाद सहित कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हंटरगंज में 27 एकड़ जमीन को लेकर विवाद गहराया, हिंसा की आशंका

**25 साल पहले तत्कालीन एसी और सीओ ने रद्द कर दी थी डिमांड**

**अब एक व्यक्ति के नाम पर दोबारा चालू कर दी गयी है प्रक्रिया**

**नाराज ग्रामीणों ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता से लगायी न्याय की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज / चतरा।** थाना क्षेत्र के उरैली गांव में लगभग 27 एकड़ जमीन का 25 वर्ष पूर्व कागजात के अभाव में तत्कालीन अपर समाहर्ता हजारीबाग के आदेश पर तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी चतरा द्वारा रद्द किया गया डिमांड को वर्ष 2020 में पूर्व अपर समाहर्ता संतोष कुमार द्वारा पुनः डिमांड चालू करने के आदेश ने उरैली गांव में खूनी संघर्ष के लिए जमीन तैयार करने का आधार दे दिया है। अगर समय रहते इस विवाद का हल नहीं निकाला गया तो कभी भी दो पक्षों के बीच खूनी जंग छिड़ सकता है और जानमाल की काफी क्षति हो सकती है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1969 में वन विभाग द्वारा खाता संख्या 54 तथा 452 में 52.26 एकड़ भूमि में से 36.95 एकड़ भूमि को गांव के सोहराय राम समेत 16 लोगों को रिलीज कर दिया गया था। उस समय से वे लोग उस भूखंड पर शांतिपूर्ण तरीके से जोत-कोड़ कर अपनी जीविका चला रहे थे। लेकिन गांव के ही देवकी ठाकुर का पुत्र शिव शंकर ठाकुर ने 25 वर्ष पूर्व इस जमीन का अपने दादा दूर्गा ठाकुर के नाम से कुछ जाली कागजात के आधार पर तत्कालीन अंचलाधिकारी को डिमांड चालू करने का आवेदन दिया। वर्ष 1987-88 में अंचल कार्यालय से नोटिस जारी कर शिवशंकर ठाकुर को कागजात दिखाने का आदेश दिया गया। परन्तु अनेकों बार समय देने के बावजूद शिवशंकर ठाकुर ने कोई कागजात जमा नहीं किया। जिस पर तत्कालीन अंचलाधिकारी द्वारा उसके दावा को खारिज करते हुए भूमि उपसमाहर्ता को भेज दिया। भूमि उपसमाहर्ता ने अपना मंतव्य के साथ उसे अनुमंडल पदाधिकारी को अंतिम आदेश के लिए भेज दिया। यह मामला वर्ष 1996 तक चला। वर्ष 1996 में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी ने कागजात के अभाव में शिवशंकर ठाकुर के आवेदन को निरस्त कर दिया तथा अंचलाधिकारी से 1969 से काबिज लोगों के नाम का प्रस्ताव भेजने का आदेश दिया। लेकिन इस भूमि पर गिद्ध दृष्टि लगाये भू-माफियाओं ने इस आदेश को ठंडे बस्ते में डलवाने में कामयाब हो गये। इसी बीच भूमि माफियाओं ने इस जमीन पर कब्जा कर कुछ लोगों से बेचने का प्रयास किया, लेकिन उस समय भी लोगों ने विरोध किया और उनको खदेड़ दिया। उस समय भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जब मिथलेश ठाकुर हंटरगंज के अंचलाधिकारी बने तो भू-माफिया फिर एकबार सक्रिय हो गए। ग्रामीणों का आरोप है कि शिवशंकर ठाकुर ने स्वजातीय का फायदा उठाते हुए अंचलाधिकारी मिथलेश ठाकुर से 25 वर्ष पूर्व के अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश को छिपाकर अपने दादा दूर्गा ठाकुर के नाम से जमाबंदी चालू करने का आदेश कराने में सफल हो गया, और अंचलाधिकारी मिथलेश ठाकुर के प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय अधिकारियों से होते हुए वर्ष 2020-21 में तत्कालीन अपर समाहर्ता संतोष कुमार से जमाबंदी चालू करने का आदेश कराने में सफल हो गया। यह मामला उस समय0 सामने आया और तुल पकड़ा जब उक्त भूमि पर देवकी ठाकुर का दामाद केदली खुर्द गांव निवासी अखिलेश ठाकुर के द्वारा जमीन हथियाने का प्रयास किया गया। ग्रामीणों ने वर्ष 2021 में ही इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त, तथा अपर समाहर्ता को आवेदन दिया था। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गयी है। दो दिन पूर्व 40-50 की संख्या में ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक सह श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मिलकर इस घटना की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## छात्रावास निर्माण में अनियमितता को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ कॉलेज में छात्रावास निर्माण में अनियमितता को लेकर कॉलेज प्राचार्य के माध्यम से विनोवा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया है। आवेदन में कहा गया है कि कुछ दिनों से रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में महिला छात्रावास का निर्माण हो रहा है। छात्रावास निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही थी। छात्रावास में अनियमितता बरते जाने की सूचना के बाद स्पूर्व विधायक ममता देवी ने वहां पहुंचकर जांच की। जिसमें कई खामियां पाई गयी। उन्होंने संवेदक को खूब खरी खोटी भी सुनाई कि छात्रों के भविष्य के साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं होना चाहिए और काम भी उन्होंने रोकने को कहा था। उसके बाद पुनः छात्रावास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। फिर उसी तरह से कार्य शुरू होने से अनियमितता के विरोध रामगढ़ बचाओ समिति ने कार्य को रोक कर जांच की मांग की थी। साथ ही छत ढलाई का कार्य को रोक दिया गया था। उसके बाद कुछ दिन काम रोक कर रखा गया। फिर ठेकेदार मिलकर इस कार्य को रविवार की रात को गुपचुप तरीके से छत की ढलाई कर दी गई। जबकि रात में कॉलेज परिसर में काम कैसे शुरू किया गया, कैसे एक रात में छत की ढलाई हो गई। यह पूरी बात से संदेह प्रतीत होता है। छात्रों के भविष्य के साथ कॉलेज प्रशासन से लेकर संवेदक तक ने खूब खिलवाड़ किया है। छात्रों ने छात्रावास निर्माण कार्य की पूरी जांच कराने की मांग की है।

### कुजू पुलिस ने की अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई

# 1375 पेटी बीयर लदा ट्रक जब्त, एक गिरफ्तार

**पूरे मामले की जानकारी एसडीपीओ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी**

**ट्रक पर लदा है करीब 30 लाख रुपये का बियर: एसडीपीओ**

बीरु कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडेय के निर्देश पर कुजू पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाई की है। कुजू पुलिस बियर लदा 12 चक्का ट्रक जब्त किया है। साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। उक्त जानकारी सोमवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने दिया।



**क्या है मामला**

जानकारी के अनुसार एसडीपीओ किशोर कुमार रजक ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली कि बोकारो की ओर शराब कारोबारी ट्रक संख्या जेएच10एइ 4271 पर बियर लदवाकर रामगढ़ की ओर ले जा रहा है। सूचना पर एसपी ने एक टीम गठित कर उक्त ट्रक को जब्त करने का निर्देश दिया। जिसके बाद गठित टीम ने आरा चेक पोस्ट के निकट ट्रक चालक को रुकने का इशारा किया। जिसके बाद पुलिस को देख ट्रक चालक ट्रक को लेकर तेजगति से मांडू की ओर भागने लगा। जिसके बाद टीम में शामिल अधिकारियों ने उक्त ट्रक को पीछाकर नयामोड़ के पास पकड़ लिया। साथ ही चालक फनी राम को गिरफ्तार कर लिया।

**चालक ने बताया राशन है लोड, जांच किया तो मिला बियर का जखीरा**

इधर पुलिस ने चालक से पूछा कि ट्रक पर क्या लदा है। जिसपर चालक ने बताया कि ट्रक पर राशन लोड है। जिसके बाद पुलिस टीम ने ट्रक की जांच की तो नजारा देखकर उनकी आंखे खुली की खुली ही रह गई। पुलिस ने देखा कि ट्रक पर भारी मात्रा में गॉडफादर कंपनी का बियर लदा है। जांच के क्रम में चालक ने बियर से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया।

**30 लाख का 1375 पेटी बीयर जब्त**

एसडीपीओ ने बताया कि वाहन पर कुल 1375 पेटी में कुल 16 हजार पांच सौ बोतल बियर लदा है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख है। पुलिसपूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कारोबार कौन कौन शामिल है। इस बिंदु पर विशेष कर जांच पड़ताल कर रही है।

**कौन कौन थे टीम में शामिल**

टीम में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, मांडू सर्किल इन्सपेक्टर सुरेश लिंडा, कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार, सअनि सुजीत सिंह, आरक्षी नागेश्वर विश्वकर्मा, गृहरक्षक योगेन्द्र प्रसाद महतो सहित सदलबल शामिल थे।

## राशन कार्डधारकों ने डीलर पर लगाये आरोप

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** लगातार राशन कार्ड धारकों से मिल रहे शिकायत पर भाकपा माले के प्रतिनिधियों ने पोचरा के राशन डीलर राजू राम व जगदीश राम से मुलाकात कर राशन में भारी कटौती करने को लेकर उनका पक्ष जाना। भाकपा माले के वरिष्ठ नेता अमल कुमार ने बताया पोचरा कि दो राशन डीलर के द्वारा लगातार राशन कार्ड धारकों के साथ गड़बड़ी कर गरीबों के पेट मे लात मारी जा रही है। वही ग्रीन कार्ड धारकों को भी मनमाने तरीके से राशन देने की शिकायत मिली है। उन्होंने बताया कार्ड धारक संगीता कुमारी जिसका कार्ड संख्या 202800913517, कविता देवी कार्ड संख्या 202005095976, रफीक अंसारी का कार्ड संख्या 202005095856 जैसे दर्जनों कार्डधारकों को अनाज का आधा राशन ही दिया जा रहा है। उक्त लोग अपनी अनाज का पुरा राशन देने की मांग करते हैं तो उन्हें धमकी दिया जाता है, कि जो भी मिल रहा है लो नहीं तो वह भी नहीं मिलेगा। इस तरह की मनमानी से लोग भुखों मरने की कगार पर पहुंच गये हैं। मौके पर उपस्थित एआइसीडब्ल्यूएफ के राज्य सचिव अमल कुमार, युनियन नेता लालमोहन मुंडा द्वारा राशनकार्ड धारकों के बीच पहुंच कर जांच में राशन डीलर की गड़बड़ी पाकर डीलर की मनमानी के खिलाफ कार्डधारकों को एकजुट कर आंदोलन करने की बात कही।

## मेले के शुभारंभ को लेकर तैयारी पूरी



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** श्री श्री गणेश पुजा के शुभ अवसर पर पतरातू में मेला का आयोजन किया गया है। सोमवार को कमिटी के संरक्षक राहुल रंजन, अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह ननकी व मेला प्रभारी ऋषिराज भण्डारी ने तैयारी का जायजा लिया। कमिटी के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि मेला की तैयारी अंतिम चरण में है। 12 सितंबर मेले का शुभारंभ स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि राजनीतिक दल के प्रतिनिधि सहित कई गण्यमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## बालिका उच्च विद्यालय में बाल संसद का गठन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बालिका उच्च विद्यालय, कुजू में बाल संसद का गठन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री गीता कुमारी, उप प्रधानमंत्री बंदना कुमारी, स्वच्छता मंत्री गोल्डी कुमारी व खालिदा, पर्यावरण मंत्री सन्नी कुमारी व प्रभा कुमारी, स्वास्थ्य मंत्री वृंदा कुमारी व सन्ना, अनुशासन मंत्री प्रभा, कोमल व आंचल, खेल मंत्री परी पटेल व नेहा परवीन, कौशल मंत्री आयुषी व रानी, उपस्थित मंत्री नरगिस परवीन व कशिश, शिक्षा मंत्री सामिया व चाहत, सूचना मंत्री स्नेहा कुमारी, अध्यक्ष जेबा नसरीन, उपाध्यक्ष कोमल रानी, प्रार्थना सभा संचालन तनुजा किस्कू का मनोनयन किया गया। गठन प्रक्रिया मे प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, भुवनेश्वर, शिशुपाल, बबीता, संजू, श्वेता, सुरेंद्रनाथ रजक शामिल रहे।

## शिक्षिका की सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक स्थित एला एंगलाइज विद्यालय में शिक्षिका ब्रिजट एक्का के सेवानिवृत्त पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। मंच का संचालन उनके सहयोगी रही गीता प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के सचिव गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित विद्यार्थी मौजूद थे। विदाई समारोह में शिक्षिका ब्रिजट एक्का को अंगवस्त्र व भेंट स्वरूप उपहार देकर भावविहीन विदाई दी गयी। मौके पर शिक्षिका गीता प्रसाद ने बताया कि ब्रिजट एक्का विद्यालय के उत्थान में सहयोग करते हुए विद्यालय के साथ खड़ी रही और बच्चों को पढ़ाने का जुनून हमेशा से उनके दिल में बसा रहा। आज हम लोगों के बीच से एक फूल कम हो रहा है। लेकिन इसकी महक कभी कम नहीं होगी। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि विद्यालय उनके अतुलनीय सहयोग और शैक्षणिक सेवा के लिए आभार प्रकट करता है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा पढ़ाया गये आज हजारों बच्चे अपने जीवन को नई दिशा दे रहे हैं। सचिव गजाधर महतो प्रभाकर ने कहा कि आज का दिन बहुत दुखद है कि आज हम एक अपना अनुभवी और कर्मठ शिक्षिका को विदाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

## एस्पायर कोचिंग में सम्मान समारोह का आयोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एस्पायर कोचिंग सेंटर का छात्र सह लपंगा बस्ती निवासी गिरजा नंदन साव का पुत्र अमित कुमार गुप्ता को रेलवे द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर सोमवार को सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया गया। मौके पर संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने सफल छात्र को उपहार देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि रेलवे द्वारा अयोजित ग्रुप सी में असिटेंट पॉइंट्स मैन पद पर अंतिम रूप से अमित कुमार गुप्ता का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि जीवन में मौके तो सभी को मिलते है लेकिन सफलता केवल कड़ी मेहनत करने वालो को ही प्राप्त होती है। कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को उनकी मंजिल तक पहुंचा ही एस्पायर का उद्देश्य है। वहीं अमित कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं कोचिंग के अनुभवी शिक्षकों का सही मार्गदर्शन को दिया है। अमित की सफलता पर शिक्षक नितेश सिंह, प्रमोद वर्मा, राकेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, सचिन कुमार, अमित कुमार, रोहित कुमार, नितेश मिश्रा, संजीत कुमार, राहुल कुमार, बृजेश, नीरज, विक्रांत, सुमित, अभिजीत सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर हर गांव में होगा सड़क निर्माण



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हर गांव हर टोला में एक एक सड़क चिन्हित कर सड़क का जाल बिछाने के प्रयास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा पर पतरातू प्रखंड में निम्न दर्जनों गांवो की सड़क, गार्डवाल और पुलिया का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा किया जा रहा है। सभी सड़कों का टेंडर निकल चुका है और अगले माह से इस पर कार्य किया जाना है। विधायक की अनुशंसा से अभी लगभग 40 अन्य सड़कों के निर्माण का डीपीआर सिर्फ पतरातू प्रखंड के लिए प्रगति पर है। जिसका भी टेंडर जल्द प्रकाशित किया जायेगा। सभी कार्यों इसी वित्तीय वर्ष में ही पूर्ण कर लिया जायेगा। पतरातू प्रखंड में 22 अन्य सड़कों का कार्य विधायक की अनुशंसा पर प्रगति पर है, और कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सड़क का निर्माण होने से पतरातू प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन ने दिखाया विश्व रंगमंच पर भारत का उभार

यह देखना दिलचस्प ही नहीं सुखद भी है कि जी-20 का जो दो दिवसीय शिखर सम्मेलन एक बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ रहा था, आयोजन समाप्त होते तक वह एक उपलब्धि में तब्दील हो गया। यों भी दुनिया की 20 सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण अर्थव्यवस्था वाले देशों के राष्ट्राध्यक्षों का मिलन एक बड़ा मौका था और उसके आयोजन से जुड़ी अपनी चुनौतियां थीं, लेकिन यूक्रेन युद्ध के कारण बदलते वैश्विक समीकरण ने यह सवाल खड़ा कर दिया था कि इस अहम अंतरराष्ट्रीय मंच की प्रासंगिकता आगे उस रूप में बनी रह पाएगी या नहीं, जैसी अब तक रही है। ये सवाल तब और गहरे हो गए, जब पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और फिर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ कर दिया कि वे इस शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे। यही नहीं, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शिखर बैठक शुरू होने से कुछ दिन पहले सार्वजनिक तौर पर कह दिया कि अगर संयुक्त वक्तव्य में यूक्रेन युद्ध पर रूस के पक्ष का ख्याल नहीं रखा गया तो वह उसे नामंजूर कर देगा। चीन की तरफ से ऐसा कुछ कहा भले न गया हो, लेकिन यह स्पष्ट था कि वह जी-20 की दिल्ली बैठक को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहा और इस बैठक को बहुत कामयाब माना जाए इसमें उसकी कोई खास दिलचस्पी नहीं है। ऐसे में यह लगभग तय मान लिया गया था कि नई दिल्ली से जी-20 का कोई संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं होगा। तमाम प्रेक्षक इस मंच की प्रासंगिकता और दिल्ली बैठक की सार्थकता साबित करने वाले दूसरे बिंदुओं की ओर देखने लगे थे। लेकिन आखिर तक हार न मानने वाला भारतीय नेतृत्व का जज्बा ही कहिए कि माहौल की प्रतिकूलता के बावजूद नई दिल्ली में तमाम देशों के प्रतिनिधियों के आते ही जी-20 शेरपाओं और कूटनीतिज्ञों की टीम अलग-अलग उन सबसे बात करने और सहमति की एक साझा जमीन बनाने के प्रयासों में लग गई। रात भर चले इन प्रयासों का परिणाम यह रहा कि बैठक के पहले ही दिन प्रधानमंत्री ने दिल्ली घोषणा पर सहमति बनने का एलान कर दिया। ध्यान रहे, बाली में हुई पिछली शिखर बैठक में साझा बयान जारी होने के बाद रूस ने उसके कुछ हिस्सों पर असहमति दर्ज कराई थी, लेकिन इस बार उसकी नौबत नहीं आई। हालांकि इस बयान में यूक्रेन युद्ध को लेकर सीधे तौर पर रूस का जिक्र भले न किया गया हो, यह जरूर कहा गया है कि परमाणु हथियारों का इस्तेमाल या इसके इस्तेमाल की धमकी अस्वीकार्य होगी। शिखर बैठक की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा देकर अब यह ग्रुप जी-21 हो गया है। इसके पीछे भी भारत के प्रयासों की स्पष्ट भूमिका रही। कुल मिलाकर नई दिल्ली बैठक में जहां यह अंतरराष्ट्रीय मंच पहले से ज्यादा प्रासंगिक और ज्यादा मजबूत होकर उभरा, वहीं विश्व रंगमंच में भारत की भूमिका भी पहले से अधिक महत्वपूर्ण, अधिक निर्णायक साबित हुई।

**जी-20 शिखर सम्मेलन की चुनौती अब उपलब्धि में बदल गई है। दिल्ली घोषणा पर सहमति आसान नहीं थी लेकिन भारत ने कर दिखाया। भारत के प्रयासों से अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्य का दर्जा मिला।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**11/9 क्यों याद किया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन भारत के एक युवा सन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। सितंबर 11 को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए।**

# इतिहास के सबसे चर्चित भाषण की याद



डॉ. पवन सिंह मलिक

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ व्याख्यानों में से एक, स्वामी विवेकानंद जी के भाषण की तारीख 11 सितंबर। क्या था वो भाषण जिसने अमेरिका को नहीं पूरे पश्चिम को भारत का मुरीद बना दिया। नरेंद्र नाथ दत्त, जिन्हें पूरा विश्व विवेकानंद के नाम से याद करता है। 11/9 क्यों याद किया जाना चाहिए, क्योंकि उस दिन भारत के एक युवा सन्यासी ने पश्चिम के सूट-बूट वालों को बौना साबित किया था। क्योंकि उस दिन सनातन संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया गया था। सितंबर 11 को न्यूयार्क के लिए नहीं, शिकागो के लिए याद किया जाना चाहिए। विध्वंस के लिए नहीं विश्व शांति के लिए याद किया जाना चाहिए। आतंकवाद के लिए नहीं, सनातन संवाद के लिए याद किया जाना चाहिए। लादेन के लिए नहीं, नरेंद्र के लिए याद किया जाना चाहिए।

**शब्दों के जादूगर :** विवेकानंद के संवाद का ये जादू शब्दों के पीछे छिपी चिर-पुरातन भारतीय संस्कृति, सभ्यता, अध्यातम व उस युवा के त्यागमय जीवन का था। जो शिकागो से निकला व पूरे विश्व में छा गया। उस भाषण को आज भी दुनिया भुला नहीं पाती। इस भाषण से दुनिया के तमाम पंथ आज भी सबक ले सकते हैं। इस अकेली घटना ने पश्चिम में भारत की एक ऐसी छवि बना दी, जो आजादी से पहले और इसके बाद सैकड़ों राजदूत मिलकर भी नहीं बना सके। स्वामी विवेकाननंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रूप में देखा जाने लगा। अमेरिकी प्रेस ने विवेकानंद को उस धर्म संसद की महानतम विभूति बताया था। और स्वामी विवेकानंद के बारे में लिखा था, उन्हें सुनने के बाद हमें महसूस हो रहा है कि भारत जैसे एक प्रबुद्ध राष्ट्र में मिशनरियों को भेजकर हम कितनी बड़ी मूर्खता कर रहे थे। यह ऐसे समय हुआ, जब ब्रिटिश शासकों और ईसाई मिशनरियों का एक वर्ग भारत की अवमानना और पाश्चात्य संस्कृति की श्रेष्ठता साबित करने में लगा हुआ था।

**स्वामी विवेकाननंद के इस भाषण के बाद भारत को एक अनोखी संस्कृति के देश के रूप में देखा जाने लगा।**



**वर्तमान समय में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था।**

**चिर पुरातन नित्य नूतन के वाहक :** अतीत को पढ़ो, वर्तमान को गढ़ो और आगे बढ़ो यही विवेकानंद जी का मूल संदेश रहा। जो समाज अपने इतिहास एवं वांग्मय की मूल्यवान चीजों को नष्ट कर देता है, वह निष्प्राण हो जाते हैं और यह भी सत्य है कि जो समाज इतिहास में ही डूबे रहते हैं, वह भी निष्प्राण हो जाते हैं। वर्तमान समय में तर्क और तथ्य के बिना किसी भी बात को सिर्फ आस्था के नाम पर आज की पीढ़ी के गले नहीं उतारा जा सकता। भारतीय ज्ञान को तर्क के साथ प्रस्तुत करने पर पूरी दुनिया आज उसे स्वीकार करती हुई प्रतीत भी हो रही है। विवेकानंद ने 11 सितंबर 1893 शिकागो भाषण में इस बात को चरितार्थ भी करके दिखाया था। जहां मंच पर संसार की सभी जातियों के बड़े - बड़े विद्वान उपस्थित थे। डॉ. बरोज के आह्वान पर 30 वर्ष के तेजस्वी युवा का मंच पर पहुंचना। भाषण के प्रथम चार शब्द ह्यअमेरिकावासी भाइयों तथा बहनोंह्ण इन शब्दों को सुनते ही जैसे सभा में उत्साह का तूफान आ गया और 2 मिनट तक 7 हजार लोग उनके लिए खड़े होकर तालियाँ बजाते रहे। पूरा सभागार करतल **ध्वनि से गुंजायमान हो गया।**

**युवा दिलों की धड़कन :** उम्र महज 39 वर्ष, अपनी मेधा से विश्व को जीतने वाले, युवाओं को अंदर तक झकझोर कर रख देने वाले, अपनी संस्कृति व गौरव का अभिमान विश्व पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जिनमें सब कुछ सकारात्मक है नेगेटिव कुछ भी नहीं। कल्पना कीजिए विवेकानंद के रूप में उस एक नौजवान की। गुलामी की छाया न जिसके विचार में थी, न व्यवहार में थी और न वाणी में थी। भारत मां की जागृत अवस्था को जिसने अपने भीतर पाया था। ऐसा एक महापुरुष जो पल- दो पल में विश्व को अपना बना लेता है। जो पूरे विश्व को अपने अंदर समाहित कर लेता है। जो विश्व को अपनत्व की पहचान दिलाता है और जीत लेता है। वेद से विवेकानंद तक, उपनिषद से उपग्रह तक हम इसी परंपरा में पले बढ़े हैं। उस परंपरा को बार-बार स्मरण करते हुए, संजोते हुए भारत को एकता के सूत्र में बांधने के लिए सद्भावना के सेतु को जितना बल हम दे सकते हैं, उसे देते रहना होगा।

**बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी :** विवेकानंद के जीवन को पढ़ने से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कैसे एक बालक विवेकानंद, योद्धा सन्यासी विवेकानंद के रूप में पूरे विश्व की प्रेरणा बन गया। स्वामी विवेकानंद का सम्पूर्ण जीवन बहुआयामी व्यक्तित्व और कृतित्व का धनी रहा है। हमारे आज के जो सरोकार हैं, जैसे शिक्षा, भारतीय संस्कृति का सही रूप, व्यापक समाज सुधार, महिलाओं का उत्थान, दलित और पिछड़ों की उन्नति, विकास के लिए विज्ञान की आवश्यकता, सार्वजनिक जीवन में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता, युवकों के दायित्व, आत्मनिर्भरता, स्वदेशी का भाव, भारत का भविष्य आदि। भारत को अपने पूर्व गौरव को पुनः प्राप्त व स्थापित करने के लिए, समस्याओं के निदान के लिए स्वामी विवेकानंद के विचारों का अवगाहन करना होगा।

**भारत बोध की प्रेरणा :** दुनिया में लाखों-करोड़ों लोग उनके विचारों से प्रभावित हुए और आज भी उनसे प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। कुल मिलाकर यदि यह कहा जाए कि स्वामी विवेकानंद आधुनिक भारत के निर्माता थे, तो उसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। यह इसलिए कि स्वामीजी ने भारतीय स्वतंत्रता हेतु भारतवासियों के मनों में एक स्वाभिमान का माहौल निर्माण किया। आज के समय में विवेकानंद के मानवतावाद के रास्ते पर चलकर ही भारत एवं विश्व का कल्याण हो सकता है। वे बराबर युवाओं से कहा करते थे कि हमें ऐसे युवकों और युवतियों की जरूरत है जिनके अंदर ब्राह्मणों का तेज तथा क्षत्रियों का वीर्य हो। आज शिकागो भाषण के दिन विवेकानंद के जीवन को पढ़ने के साथ ही उसे गुनने की भी जरूरत है। हम भाग्यवान है कि हमारे पास एक महान विरासत है। तो आईए, उस महान विरासत के गौरव को आधार बना युवा मन के साथ संकल्पबद्ध होकर आगे बढ़े। आज चारों ओर जिस प्रकार का बौद्धिक विमर्श दिखाई दे रहा है, उसमें युवा होने के नाते अपनी मेधा व बौद्धिक क्षमता का परिचय हम को देना ही होगा। यही वास्तव में आज हमारी ओर से सच्ची आहुति होगी। इसके लिए अपनी सर्वांगीण तैयारी कर देश के लिए जीना इस संकल्प को ओर अधिक बलवान बनाना होगा। स्वामी विवेकानंद जी भी कहते थे 'बस वही जीते हैं, जो दूसरों के लिए जीते हैं'।

**(लेखक मीडिया विभाग, जे. सी. बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# डीसी के निर्देश पर जिला स्तरीय चिंतन शिविर का शुभारंभ

आजाद सिपाही सवांददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला मुख्यालय में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर एक दिवस चिंतन शिविर का शुभारंभ किया गया। सोमवार को उप विकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में एसडीओ पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी निदेशक एनईपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह,जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी, डीआईओ किशोर प्रसाद, बीडीओ मुसाबनी श्रीमती सीमा कुमारी, सीओ राजीव कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कालिन्दी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रजलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया।मौके पर नीति आयोग द्वारा देशभर में आकांक्षी प्रखंड के रूप में कुल 500 प्रखंड का चयन किया गया। जिनमें झारखंड राज्य के कुल 34 प्रखंड शामिल है। इनमें पूर्वी सिंहभूम जिला का मुसाबनी प्रखंड भी आकांक्षी प्रखंड के रूप में शामिल है। नीति आयोग भारत सरकार द्वारा मुसाबनी प्रखण्ड को आकांक्षी प्रखण्ड के रूप में चिन्हित करने की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटेजी तैयार किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। उप विकास आयुक्त ने बताया मुसाबानी प्रखंड में उपलब्ध संसाधनों पर बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। प्रखंड का सर्वांगीण विकास कैसे हो, इस पर मंथन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा नीति आयोग के द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, आधारभूत संरचना, पेयजल, स्वच्छता, वित्तीय समावेशन व सामाजिक विकास के इंडिकेटर पर कार्य किया जाना है। इस दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से डेवलपमेंट के लिए कई प्रमुख बिंदुओं पर महत्वपूर्ण आंकड़े प्रस्तुत किए गए। मौके पर आधारभूत संरचना समेत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर कई विभागों की भूमिका व उनके दायित्व पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी, जिला मत्स्य पदाधिकारी अल्का पन्ना, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा संजना खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु, जेएसएलपीएस सहित अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।







# 16 को 'अमृतस्रोत' कवि सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के नाम्या स्माइल फाउंडेशन व नवश्री फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से हिंदी भाषा के समर्पण में 16 सितंबर को संध्या 5 बजे, राजेन्द्र विद्यालय के ऑडिटोरियम में अमृतस्रोत-कवि सम्मेलन की एक अनूठी धारा का पहली वार आयोजन किया जायेगा। सोमवार को आयोजनकर्ताओ ने इसकी जानकारी दी। मौके पर पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बताया 16 सितंबर को पहली बार लौहनगरी जमशेदपुर में देश के ख्याति प्राप्त कवि व कवयित्रियों का संगम होगा। इन कवियों को सुनकर शहर के युवाओं को नयापन लगेगा। साहित्य में रुचि रखने वाले श्रोताओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कई स्तरों पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा। उन्होंने शहर के युवाओं को शामिल होकर सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गयी। वहीं रीता मिश्रा ने बताया कवि सम्मेलन में हास्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, करुण रस की कविताओं को सुनकर श्रोताओं को आनंद की अनुभूति होगी। उन्होंने बताया शहर में ऐसे कार्यक्रम के जरिये युवाओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम को बढ़ाना है। सफलता मिलने से आने वाले साल और भव्य रूप में आयोजन की जायेगी।

कवि सम्मेलन में डॉ. राजीव राज, शुभम द्विवेदी, राम भदावर, श्रीमती सुषमा झा, मनोज झा,अमृतांशु शर्मा, वैभव पांडे, सुश्री मनु वैशाली, अभिजीत स्वरूप, अमित सिंह शामिल होंगे। इस अवसर पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, गमक एंटरटेनमेंट के शुभम दत्ता, नवश्री फाउंडेशन से रीता मिश्रा व समाजसेवी विनीता शाह मौजूद रहे।




# अवैध महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार



**चांडिल (आजाद सिपाही )।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी डॉ बिमल कुमार के निर्देश पर जिला पुलिस नशा मुक्ति अभियान के खिलाफ लगातार छापामारी कर रही है। सोमवार को ईचागढ़ पुलिस ने कार्रवाइ करते हुए 80 लीटर अवैध महुआ तस्करी करते दो युवक को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार सालूकडीह के पास से दो मोटरसाइकिल पर झोला लाद कर अवैध महुआ शराब का सप्लाई किया जा रहा था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों मोटरसाइकिल की जांच में 80 लीटर अवैध महुआ व दो मोटरसाइकिल जप्त कर दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी में सोनाहातू का रहने वाले सुरेंद्र सिंह मुंडा व जरमन महतो शामिल है। पूछताछ के बाद दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# लॉयर्स डिफेंस का एक दिवसीय रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के लॉयर्स डिफेंस की ओर से आगामी बुधवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सोमवार को सदस्यों ने जिला बार संघ तदर्थ समिति के अध्यक्ष लाला अजीत कुमार अम्बष्ट से मुलाकात कर शिविर में उपस्तित होने का आग्रह किया। उन्होंने बहुत ही खुशी से इस बात को स्वीकार किया। साथ ही तदर्थ समिति के सदस्य तापस कुमार मित्र ने भी सहमति जताई। मौके पर तदर्थ समिति के अध्यक्ष लाला अजीत कुमार अम्बष्ट ने कहा रक्तदान शिविर में जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सहित सभी न्यायिक व पदाधिकारी को शामिल होने के लिए अनुरोध करेंगे। वही लॉयर्स डिफेंस की टीम ने जमशेदपुर ब्लड बैंक के पदाधिकारी संजय कुमार चौधरी से 13 सितंबर को होने वाले रक्तदान शिविर के लिए आग्रह किया। उन्होंने अपनी सहमति दे दी। इस अवसर पर लॉयर्स डिफेंस के सदस्य परमजीत कुमार श्रीवास्तव, नवीन प्रकाश, अक्षय कुमार झा, राजीव रंजन, रविंद्र कुमार, संजय कुमार, पूनम कुमारी, अमित कुमार, विनोद कुमार मिश्रा, संजीव कुमार झा, राजकुमार दास, विनीता सिंह, विनीता मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।



# नाबालिग से दुष्कर्म, सौतेला बाप गिरफ्तार

**सोमवार को पुलिस ने दुष्ककर्मी बाप दिनेश गिरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आरआईटी थाना क्षेत्र में बाप ने अपने ही सौतेली बेटी के साथ रिश्ते को तार-तार कर दिया। बाप के घिनौने हरकत के भेद खुलते ही पुलिस हरकत में आगई। सोमवार को पुलिस ने दुष्ककर्मी बाप दिनेश गिरी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जा रहा है पीड़िता की मां ने दूसरी शादी की थी। आरोपी सौतेली बेटी जब 9 साल की थी तब से ही उसे अपनी हवस का शिकार बना रहा था। भेद तब खुला जब पीड़िता का भाई अचानक ड्यूटी से घर पहुंचा। वे अपनी बहन को अजीबो हालत में देखा। पीड़िता के भाई ने अपनी बहन से पूरा मामले को जानने का प्रयास किया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक अपनी बहन को लेकर थाना पहुंच कर पुलिस को सारी जानकारी दी। संज्ञान आते ही थाना प्रभारी ने आरोपी पिता व सगी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। हालांकि सगी मां ने बताया उसको पिस्तौल का भय दिखाकर उसका पति उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता था। डर की वजह से वह किसी को इसकी जानकारी नहीं दे पाती थी। फिलहाल पुलिस आरोपी बाप दिनेश गिरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### कार्यकारी खेल निदेशक और उपायुक्त ने निर्माणाधीन स्टेडियम का किया निरीक्षण



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सरोजनी लकड़ा, भापुसे, कार्यकारी निदेशक खेल प्राधिकरण झारखंड रांची एवं उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर के द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, गढ़वा में निर्माणाधीन स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि उक्त स्टेडियम एक्सीलेंसी सेंटर हेतु सारी अहर्ता पूर्ण करती है। उक्त स्टेडियम में एक्सीलेंस सेंटर खोलने के प्रस्ताव को विभाग को भेजने हेतु निर्देशित किया गया। गढ़वा जिला अंतर्गत रामासाहू आउटडोर एवं इंडोर स्टेडियम का स्थल जांच भी किया गया, जिसके क्रम में खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु मल्टी जिम अधिष्ठापन के लिए प्रस्ताव विभाग को भेजने हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही स्टेडियम एवं खिलाड़ियों के सुरक्षा के दृष्टिकोण से गार्ड की नियुक्ति के लिए झारखंड खेल प्राधिकरण रांची को प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। सरोजिनी लकड़ा (भारतीय पुलिस सेवा) कार्यकारी निदेशक, खेल प्राधिकरण झारखंड रांची के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा को निदेशित किया गया कि जिन प्रखंडों में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का निर्माण नहीं किया गया है, उन प्रखंड में स्टेडियम निर्माण हेतु प्रस्ताव विभाग को उपायुक्त स्तर से भेजें। उक्त स्टेडियमों के निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, राज महेश्वरम, जिला खेल पदाधिकारी, उमेश लोहरा समेत गढ़वा जिला के एथेलेटिक्स संघ के सचिव, फुटबॉल संघ के सचिव, क्रिकेट संघ के सचिव एवं साइकलिंग संघ के सचिव भी उपस्थित थें।

### झामुमो तमगेकला युवा पंचायत कमेटी का गठन, मनोज गुप्ता बने अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत तमगेकला पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा कमेटी का गठन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राधेश्याम सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि सत्यम भारती को सचिव, बसरूदीन अंसारी को कोषाध्यक्ष तथा रोहित पासवान, मुनेश सिंह, मुस्ताक अंसारी, सुरेंद्र कोरवा, त्रिलोकी सिंह एवं विनोद प्रसाद को उपाध्यक्ष तथा 27 सदस्यों का चयन किया गया है। इस अवसर पर झामुमो रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, तमगेकला पंचायत अध्यक्ष कपिल देव सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

### रामचंद्र केशरी ने तत्कालीन बीडीओ के खिलाफ पूर्व में की गयी अनियमितता को लेकर चार बिंदुओं पर मांगी है सूचना



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र चौधरी का पदस्थापन हुआ है, जिससे नगर पंचायत वासियों में खुशी है। नये पदाधिकारी के आने से सही व सुचारू रूप से श्री बंशीधर नगर का विकास होगा। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा है कि विगत कई वर्षों से नगर पंचायत क्षेत्र का काम प्रभार में चलते आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस पद पर जिम्मेवार पदाधिकारी नहीं होने के कारण इसके पूर्व लगभग सभी कार्यों में काफी अनियमितता बरती गई है, जिसकी जांच में श्री बंशीधर नगर के तत्कालीन बीडीओ सह पूर्व प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार दोषी पाये गये हैं। कार्मिक विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा पूर्व में की गई कार्यों में अनियमितता को लेकर चार बिंदुओं पर सूचना की मांग की गयी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के आदेश संख्या 155 दिनांक 16 दिसम्बर 20 गठित जांच टीम द्वारा समर्पित जांच प्रतिवेदन के आलोक में अभी तक क्या क्या कार्रवाई हुई सहित अन्य तीन बिंदुओं पर साफ साफ अभिप्रमाणित सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है।

**कार्यक्रम :** झामुमो युवा मोर्चा, मेराल प्रखंड का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

# 30 साल तक झारखंड की सत्ता के लिए भाजपा को तरसना होगा : मंत्री मिथिलेश

**मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के कई टिप्स भी दिए।**

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में सोमवार को झामुमो युवा मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। किसी भी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अनुशासन बहुत जरूरी है। कार्यकर्ता अनुशासित रहें तो संगठन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी में सभी लोग समान होते हैं, सिर्फ जिम्मेवारी भर अलग-अलग होती है। किसी को भी खुद को सर्वोपरि समझने की जरूरत नहीं है।

मंत्री ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत बनाने के कई टिप्स भी दिए। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज झारखंड की हेमंत सरकार जिस तरह से सभी क्षेत्रों में बेहतर निर्णय लेकर कार्य कर रही है आने वाले 30 वर्षों तक भाजपा को झारखंड की सत्ता के लिए तरसना होगा। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ सत्य की राह पर चलकर राजनीति करता हूं। पूर्व विधायक के 10 साल पर मेरा कार्य 100 गुना भारी पड़ेगा। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप अपने अपने पंचायत में लोगों को सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य, वर्तमान विधायक एवं पूर्व विधायक के कार्यों को सच्चाई पूर्वक बताएं। क्षेत्र में इतना काम हुआ है कि अपनी उपलब्धि बताने के लिए कहीं भी झूठ बोलने की जरूरत नहीं है। हम सिर्फ सच्चाई की राह पर चलेंगे। झूठ और फरेब की जिम्मेदारी उन लोगों (विपक्षियों) ने उठा लिया है। मंत्री ने कहा कि युवाओं के हाथ में बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। उन्हें सही समय पर सही निर्णय लेने की जरूरत है। जो लोग झूठ एवं फरेब के बल पर अपनी रोटी सेंकते हैं वे कभी आगे नहीं बढ़ सकते। काठ की हांडी दोबारा नहीं चढ़ती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा के लोग चुनाव में जिन्न निकालते हैं। यदि इस बार लोकसभा चुनाव में जिन्न नहीं निकला तो भाजपा का पूरी तरह सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अगली बार अगर भाजपा सत्ता में आ गई तो जनता का खाना, पीना, चलना, रहना सब मुश्किल हो जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, झामुमो जिला सचिव सचिव मनोज ठाकुर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह छोटू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, प्रियम सिंह, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, करीब अंसारी, दीपमाला, चंदा देवी, मुन्ना सिंह, अतहर अली, गुड्डू सिंह, विवेक सिंह, ज्ञान रंजन मिश्रा, अभिषेक मेहता, रेयाज अंसारी सहित काफी संख्या में मेराल प्रखंड झामुमो युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


### विधायक भानु ने नहर पक्कीकरण योजना का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**सभा में करीब दो दर्जन लोगों ने दूसरी पार्टी को छोड़ कर भाजपा का दामन थामा**

**हरिहरपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने सोमवार को कवलदाग सिंचाई परियोजना के तहत चौबीस करोड़ की लागत से नहर पक्कीकरण योजना का नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगी। हर साल सूखे और अकाल की मार झेल रहे हल्का नम्बर दस के किसानों के चेहरे पर पुनः खुशियां लौटेगी। इस नहर के पक्कीकरण से बर्बाद हो रहे पानी से फसलों को सिंचित किया जा सकेगा। उसके अलावा बंजर भूमि की भी सिंचाई हो सकेगी। उक्त योजना के निर्माण से हरिहरपुर, डुमरसोता व लोहरगड़ा पंचायत के विभिन्न गांवों के करीब दो हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित किया जा सकेगा। जिससे खरीफ व रबी फसल की उपज बढ़ जाएगी। गौरतलब हो कि कवलदाग नदी पर इस योजना का निर्माण एकीकृत बिहार में 1960 के दशक में हुआ था। उसके कुछ दिनों बाद ही देखरेख व मरम्मती के अभाव में खेतों तक पानी पहुंचना बंद हो गया था। कवलदाग सिंचाई योजना के तहत कवलदाग व फुलवार बियर निर्मित है। कवलदाग बियर से निकली मुख्य नहर की लंबाई नौ किलोमीटर है। उसके बांयी तरफ दो नहर हुरका व दरीदह गांव तक पानी का वितरण किया जाएगा। मुख्य नहर कवलदाग से करीब नौ किलोमीटर लंबी नहर का पुनरुद्धार व लाइनिंग कार्य किया जाएगा। सभा के दौरान करीब दो दर्जन लोगों ने दूसरी पार्टी को छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा में शामिल लोगों को विधायक भानु ने पुष्प माला व अंग वस्त्र देकर पार्टी में स्वागत किया।

मौके पर लातेहार ओबीसी मोर्चा के जिला प्रभारी भगत दयानंद यादव, मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी दुबे, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा, सुरेंद्र पासवान, मझिगवां मुखिया रीता देवी, बसंत सिंह, बबलू साह, दुर्गा राम, राहुल सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन में 'वर्तमान जीवन पद्धति में खुशी मंत्र' विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**मुख्य वक्ता ने युवाओं को जीवन के उतार-चढ़ाव में तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सभागार में सोमवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'वर्तमान जीवन पद्धति में खुशी मंत्र' जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुकेश सिंह चौहान सदस्य खुशी मिशन रांची साथ में विजय कुमार सिंह खुशी दूत, खुशी मिशन), संगोष्ठी में बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान भाग दौड़ की जिंदगी में आज के युवक डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। जिसके कारण युवाओ में आत्महत्या दर बढ़ गया है। इससे बचने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता ने युवाओं को जीवन के उतार-चढ़ाव में तनावमुक्त रहने का मंत्र दिया। अन्य वक्ता में डॉ. अरविंद सिंह (कुलसचिव) बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, देवकी महावीर होम्योपैथिक एंड रिसर्च हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉ. उमाशंकर मिश्र एव निदेशक डॉ. नंदकिशोर प्रसाद ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की दौड़ में तनावमुक्त रहने का मार्गदर्शन किया। दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. सुनीता गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए खुशी मंत्र के बारे में विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सुभाष कुमार, अल्पना कश्यप, डॉ. मरियम जकारिया , कमलेश तिवारी, ओम प्रकाश, जनार्दन, आनंद चौबे, अभिमन्यु शुक्ला, डॉ. अश्विनी पंकज, डॉ सुधीर दुबे, डॉ कंचन राय, शिवशंकर ओझा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विद्यार्थी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों उपस्थित रहे। मंच संचालन जनार्दन के द्वारा किया गया।

### जेजेएमपी के एरिया कमांडर छोटेलाल यादव का शव जंगल से बरामद

बलराम शर्मा



**मेराल।** मेराल थाना पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के भौराहा जंगल से जेजेएमपी के एरिया कमांडर छोटे लाल यादव का शव बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि दोपहर में भंवराहा जंगल में अज्ञात लाश होने की जानकारी मिली। जंगल से शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि अंत्य परीक्षण होने के पूर्व गढ़वा सदर अस्पताल में छोटे लाल यादव के परिजनों ने पहुंच कर शव की पहचान किी। थाना प्रभारी ने बताया कि एरिया कमांडर छोटे लाल यादव पर पलामू के चैनपुर सहित गढ़वा जिले के चिनिया, रमकंडा, भंडारिया, धुरकी आदि थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम द्रष्टया छोटेलाल की हत्या का मामला आपसी रंजिश की जताई जा रही है। मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है। जांच के बाद ही मामले का खुलासा किया जाएगा।


## कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला।

**विशेष सूचना**

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कांसीर लैम्पस लि०, प्रखण्ड–रायडीह, जिला–गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेष आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री ओसिस मुर्मू, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चैनपुर एवं श्री आनन्द कुमार तिर्की, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कामडारा को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 30-10-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम कांसीर लैम्पस मुख्यालय में होगा। |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 30-10-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 30-10-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 31-10-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 31-10-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 31-10-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 01-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्षन | 01-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 01-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 08-11-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 08-11-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विषेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 08-11-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–
संचालन पदधिकारी

PR 306564 (Co-opretive)23-24*D


**कार्यक्रम :** मेराल में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा आयोजित

# झारखंड में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है, हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है : सत्येंद्रनाथ

**दूसरे दलों के दर्जनों लोग हुए भाजपा में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, मुकेश निरंजन सिन्हा, जवाहर पासवान, संतोष दुबे, संजय भगत, हरेंद्र द्विवेदी इत्यादि नेताओं ने भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में उमड़ी लोगों के हुजूम से गदगद सत्येंद्र तिवारी ने जहां झारखंड सरकार व गढ़वा के विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पर जमकर हमला बोला। वहीं केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में किए गए कार्यों को गिनाते हुए भाजपा को असली हिमायती पार्टी बताया। झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भैया जी के संरक्षण में गरीबों की जमीन लूटी जा रही है। चुनाव में किया वादा वादा को दरकिनार करते हुए जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। सरकार बनने के 4 साल बाद भी ना तो युवाओं को रोजगार मिला और ना ही बेरोजगारी भत्ता, 3.50 लाख के आवास के बदले झारखंड सरकार के रवैया की वजह से हजारों पीएम आवास अधूरा पड़ा है। आज अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग में जमकर वसूली की जा रही है। उनके मिली भगत से बालू का अवैध कारोबार किया जा रहा है। लूट एवं भ्रष्टाचार का आलम यह है कि गरीबों को पेंशन तथा राशन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अबकी चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के गरीबों की लूटी गई जमीन को वापस दिलाना तथा गैर मजरूआ जमीन के मालिक को मलिकाना हक दिलाना प्रमुख कार्य रहेगा। कार्यक्रम में आम लोगों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों से आए बड़ी संख्या में लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालों को पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी तथा अन्य भाजपा नेताओं द्वारा माला पहनकर स्वागत किया गया।

सभा में भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, महामंत्री संतोष दुबे, हरेंद्र नाथ द्विवेदी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रितेश चौबे, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, विवेकानंद तिवारी, कंचन पांडे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विकास दुबे, रमाकांत गुप्ता, दिलीप मेहता, राम सरेश तिवारी, अमित कुमार, मंडल अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, मनोज कुमार जायसवाल, राजेश यादव, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, विजय प्रसाद, दिव्य प्रकाश, मनोज चौधरी, गीता देवी, विजय पाल, ज्ञान रंजन चौबे, प्रभात तिवारी, रामवृक्ष तिवारी, मोहम्मद हुसैन, वाजुद्दीन अंसारी, खुर्शीद आलम, अनीस अंसारी, मजमुद्दीन अंसारी, लतीफ अंसारी, गायत्री देवी, गुड्डू सिंह, भोला पासवान, प्रकाश कुमार अरुण, देवकांत ओझा, इंदेश पांडे, राम जी कुशवाह, सहित बड़ी संख्या में लोग थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत एवं डॉ लालमोहन के द्वारा किया गया।

**पूर्व विधायक का कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल किया स्वागत :** भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा में शामिल होने पहुंचे पूर्व विधायक का कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकाल भव्य स्वागत किया।


## कार्यालय-सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ-सह-संचालन पदाधिकारी, गुमला अंचल गुमला

**विशेष सूचना**

मैं मंजू बिरजिनिया एक्का, सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ गुमला अंचल ,गुमला सह संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियाँ झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (घ) (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए खटखुरा लैम्पस लि०, प्रखण्ड–बसिया, जिला गुमला के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु विशेष आम सभा (निर्वाचन) सम्पन्न कराने के लिए श्री आनन्द कुमार तिर्की, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, कामडारा एवं श्री ओसिस मुर्मू, सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, चैनपुर को क्रमशः निर्वाचन पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त करते हुए झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ख) (3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959 के नियम 21 (ग) तथा 21 (ड़) के अधिन निम्नांकित कार्यक्रम निर्धारित करता हूँ तथा उपर्युक्त नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे झारखण्ड सहकारी सोसाईटी अधिनियम 1935, झारखण्ड सहकारी सोसाईटी नियमावली 1959, समिति की निबंधित उप विधियों तथा विभागीय परिपत्रों में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

| क्र० सं० | कार्यक्रम | तिथि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नामांकन दाखिल करना | 06-11-2023 | 10:00 – 02:00 P.M. | निर्वाचन संबंधी सभी कार्यक्रम खटखुरा लैम्पस मुख्यालय में होगा। |
| 2 | नामांकन पत्रों की जाँच | 06-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 3 | नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 06-11-2023 | 05:00 P.M. | |
| 4 | नामांकन पर आपत्ति प्राप्त करना | 07-11-2023 | 10:00 – 01:00 P.M. | |
| 5 | प्राप्त आपत्तियों पर निष्पादन | 07-11-2023 | 02:00 – 04:00 P.M. | |
| 6 | विधि मान्य नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 07-11-2023 | 04:30 P.M. | |
| 7 | नामांकन की वापसी | 08-11-2023 | 10:00 – 12:00 P.M. | |
| 8 | नामांकन की वापसी, यदि कोई हो के पश्चात् नामांकन सूचि का प्रदर्शन | 08-11-2023 | 01:00 P.M. | |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | 08-11-2023 | 02:00 P.M. | |
| 10 | मतदान (निर्वाचन की स्थिति में) | 16-11-2023 | 08:00 – 03:00 P.M. | |
| 11 | मतगणना (मतदान की स्थिति में) | 16-11-2023 | मतदान के उपरान्त | |
| 12 | मतगणना के उपरान्त विशेष आम सभा में निर्वाचन परिणाम की घोषणा | 16-11-2023 | मतगणना के उपरान्त | |

सहायक निबंधक स० स०
गुमला अंचल, गुमला–सह–
संचालन पदधिकारी

PR 306575 Co-opretive (23-24)_D

# बालूमाथ में अपराध की योजना बनाते दो गिरफ्तार, एक फरार

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना की पुलिस ने रविवार की रात्रि दो बजे थाना कार्यालय से कुछ ही दूरी पर मुरपा मोड़ चौक के समीप से एक लोडेड देशी पिस्टल और तीन कारतूस के साथ थो अपराधिय को गिरफ्तार किया है। जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक बोलेनो कार नंबर जेएच06सीएम/8057 भी बरामद की है। उक्त सभी अपराधी बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची बालूमाथ चंदवा रोड स्थित मुरपा मोड़ चौक के समीप कार खड़ी कर लूटपाट करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार अपराधिय में अकरम कुरैशी पिता फहीम कुरैशी कुरैशी मुहल्ला लोहरदगा, तौहीद कुरैशी पिता नन्हे कुरैशी न्यू रोड मिल्लत कालोनी लोहरदगा शामिल हैं। बालूमाथ थाना इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार ने थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन को सूचना मिली कि एक सफेद रंग की बोलेनो कार पर सवार होकर तीन अपराधी बालूमाथ रांची रोड पर मुरपा मोड़ चौक पर सक्रिय है। इसके बाद बालूमाथ थाना इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार, पुअनि नीतिश कुमार, पुअनि धिरज कुमार, पुअनि दूतिकृष्ण महतो, पुअनि कैलाश बाड़ा, मुरपा मोड़ चौक की ओर की ओर निकल गये। इस दौरान चेकिंग अभियन के तहत पुलिस को मुरपा मोड़ चौक के किनारे एक सफेद रंग की बेलेनो कार खड़ी कर तीन अपराधी अपराध की योजना बनाते नजर आये। पुलिस को देखते ही एक अपराधी भागने में सफल रहे। पुलिस ने खदेड़कर दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्टल और तीन जिंदा कारतुस, दो मोबाइल बरामद किया गया। फरार होने वाले अपराधी की भी पहचान कर ली गयी है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## आजसू का ग्राम प्रभारी सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित

# भ्रष्टाचार हेमंत सरकार का संस्कार है: सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी द्वारा सदर प्रखंड कार्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित ग्राम प्रभारी सम्मेलन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजन किया गया। मौके पर पार्टी सुप्रीमो केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने वर्तमान झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचार हेमंत सरकार की संस्कार बन गई है। ना तो बिना चढ़ावा दिए जिला अनुमंडल एवं प्रखंडों में पदाधिकारियों की पदस्थापना होती है और ना गरीब जनता से घुस लिए बिना पदाधिकारी के यहां कोई काम होता है। चढ़ावा चढ़ाने पर ही एक टेबल से दूसरे टेबल तक फाइल सरकती है । उन्होंने कहा कि सरकार प्रशासनिक पदाधिकारी को उनके मूल कार्य से भटका दी है जो राज्यहित में बिल्कुल उचित नहीं है । सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने की बारी आ गई है। आप ग्राम स्तर के कार्यकर्ता ही पार्टी का असली नींव हैं। स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी नेहरू शांति भगत ने कहा कि आने वाले चुनाव में आप मुझे मौका दें। मैं निश्चित रूप से कमल किशोर भगत जी के अधुरे सपनों को पूरा करूंगी। इस क्षेत्र की सेवा में अपना तन - मन ही नहीं बल्कि सारा जीवन समर्पित कर दूंगी। केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष तथा लोहरदगा जिला प्रभारी हसन अंसारी ने ग्रामवार, पंचायतवार और प्रखंडवार संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने की जबकि सफल संचालन जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि और महिला जिला अध्यक्ष अनीता साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव रोशन लाल चौधरी, नुरुल हुदा, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, सूरज, अरविंद, केंद्रीय सदस्य राम नंदन साहू, राजू, देवेंद्र, केन्द्रीय महिला प्रवक्ता अंजु, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दांगीजी, विलियम कुजूर, अरविंद पाठक, संजू सिंह, भंडरा प्रमुख बैरिया देवी, मुन्ना अग्रवाल, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## लोहरदगा एसपी से मिला मुस्लिम लीग का प्रतिनिधिमंडल

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश सचिव फिदाउल अंसारी के अगुवाई में लोहरदगा जिला के नवनियुक्त एसपी हारिस बिन जमां से मिला। लोहरदगा जिला में एसपी के पदभार ग्रहण करने पर मुबारकबाद दी। जिला में शांति व्यवस्था, यातायात समस्या और खास करके आपराधिक मामला और नशा अभियान चलाने को लेकर चर्चा हुई। एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि बिल्कुल जिला के कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करेंगे। अपराधियों पर कड़ी करवाई करेंगे।

## छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में सोमवार को केंद्र प्रायोजित आरकेवीवाई-आरएएफटीएआर योजनांतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मशीनाइजेशन (एसएमएएम) उप योजना हेतु अंतर्गत 80 प्रतिशत अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस और जिला सहकारिता पदाधिकारी लोहरदगा से प्राप्त कुल 15 स्वयं सहायता समूहों सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डीपीएम जेएसएलपीएस अनीता कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।


## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत संस्थानों की मान्यता संबंधी बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत संस्थानों की मान्यता संबंधी बैठक हुई। बैठक में लोहरदगा जिला स्थित आईटीआई संस्थानों में तीन सरकारी आईटीआई संस्थानों और एक निजी आईटीआई संस्थान को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी। अब उक्त चारों संस्थानों की सूची को कल्याण विभाग के पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। तत्पश्चात वहां के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति योजना का लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे। बैठक में आईटीडीए निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, डॉ डीएन सिंह, डीआईओ आकाश सिंह, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, आईटीआई कुजरा के प्राचार्य व अन्य उपस्थित थे।

## खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि शिक्षा का अभिन्न अंग : अभिषेक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है बल्कि अच्छे नागरिक बनने में सहायता करता है ।खेल में भागीदारी होने से खिलाड़ी आत्मविश्वास से भरे होते हैं।उपर्युक्त बातें सदर प्रखंड के उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा में खेलो झारखंड के तहत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने कहा। एसडीओ अभिषेक झा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में भाई के साथ-साथ खेल का भी महत्व है। झारखंड के प्रमुख खिलाड़ियों का उदाहरण स्वरूप नाम लेते हुए बताया कि इन्होंने खेल के माध्यम से ही अपने मुकाम को हासिल किया है। उद्घाटन के मौके पर शिक्षक शैलेंद्र कुमार सुमन, मुमताज अहमद, विजय कुमार, एनामुल हक, असफाक खलीफा,बीपीओ मंजू कुमारी एसीओ अनिल कुमार सिंह, सीआरपी जितेंद्र मित्तल, एमआईएस पवन साहू, नदिया स्कूल के अनिल कुमार समेत विभिन्न स्कूलो के प्रतियोनियोजित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर रसोइया संघ ने बीआरसी का किया घेराव, नौ सूत्री मांग पत्र सौंपा




बरवाडीह (आजाद सिपाही)। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ प्रखंड इकाई बरवाडीह के बैनर तले सैकड़ों रसोईया कर्मी पुराना ब्लॉक परिसर से आक्रोशपूर्ण प्रतिवाद मार्च के साथ अंबडेकर चौक , बाजार विवेकानंद चौक होते बीआरसी कार्यालय का घेराव किया। व बीइओ को नव सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिवाद मार्च में समान काम समान वेतन की गारंटी करो, रसोईया कर्मी के श्रम का शोषण करना बंद करो रसोईया कर्मी जिंदाबाद न्यूनतम वेतनमान 26 हजार रुपए लागू करो बकाये वेतन को तत्काल भुगतान करो सरकार की मनमानी नहीं चलेगी, बीमा और पेंशन लागू करो पहचान पत्र और नियुक्ति पत्र निर्गत करो आदि नारा बुलंद कर बीआरसी कार्यालय पहुंच कर प्रतिवाद सभा किया गया। जिसकी अध्यक्षता सचिव रीना देवी व संचालन उपाध्यक्ष प्रेमशीला देवी ने की। मौके पर उपस्थित माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा की केंद्र और राज्य सरकार दोनों ही रसोईया कर्मी को धोखा दे रहें है आज श्रम कानून का खुलमखुला उलंघन है।जब न्यूनतम मजदूरी खुद ही सरकार पास की है कि कमसे कम मजदूरी 346 रुपये देना है।और न्यूनतम वेतनमान 18000 रुपये से 26000रुपये तक मिलना है। तब गुलाम की तरह प्रति दिन रसोईया कर्मी को 70 रुपये अर्थात 2000 रुपये में एक माह काम करवाना कहा का नियम है। और वो पैसा भी 4 से 8 माह बाद सरकार के मर्जी से ही मिलना है।

# पांच क्विंटल स्क्रैप लदा स्कॉर्पियो जब्त, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा पुलिस को लगातार दूसरे दिन भी बड़ी सफलता हाथ लगी। जब स्कार्पियो में पांच क्विंटल चोरी के लोहे के साथ एक चोर को पकड़ने में सफलता मिली। गाड़ी सवार चालक और एक अन्य व्यक्ति गाड़ी खड़ी कर भागने का प्रयास किया जिसमें पुलिस ने चालक को धर दबोचा वही एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया वाहन में करीब पांच क्विंटल लोहा (स्क्रैप) लोड था। पूछे जाने पर चालक ने अपना नाम मो. इरशाद अंसारी (रहमतनगर, बालूमाथ) बताया। उसने बताया कि भागा व्यक्ति का नाम महमूद मियां (चकला) है जो सीएचपी एरिया से अपने भाई अफरोज मियां के साथ लोहा (स्क्रैप) कटिंग कर उक्त स्कार्पियो में लोड किया तथा चकला का ही अहमद खान के द्वारा मोटर साइकिल से स्कॉट कर चंदवा की ओर आ रहा था। पुलिस को देख वह भाग निकला। चंदवा पुलिस ने अभियुक्त और गैंग में शामिल अन्य के विरूद्ध चंदवा थाना कांड संख्या 179/2023 दिनाक 11/09/ 2023, धारा 413/414 / 120 (बी)/34 भादवि दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को लातेहार जेल भेज दिया गया। बतादे कि रविवार को भी डेढ़ क्विंटल स्क्रैप के साथ चंदवा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# हेरहंज पुलिस ने गूंजर गंझू की हत्या मामले में पांच आरोपियों को भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**हेरहंज-(लातेहार)** थाना क्षेत्र के मेराल गांव स्थित मध्य विद्यालय के समीप रामबिलास गंझू के घर से पांच सितंबर गुरुवार को एक अज्ञात युवक का शव बेल्ट के सहारे लटका हुआ थाना पुलिस ने बरामद किया था। जिसके बारे में पता करने पर उक्त शव गूँजर गंझू पिता सुधू गंझू ग्राम मुरगांव थाना बालूमाथ के रूप में शिनाख्त हुई थी। मृतक के पिता द्वारा लिखित आवेदन दिया गया था आवेदन के आधार पर हेरहंज थाना कांड संख्या 42/2023 दिनांक 05/09/2023 धारा 302, 201 भादवी के अंतर्गत हत्या कर साक्ष्य छुपाने के नियत से फांसी के फंदे से लटका देने के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। उक्त घटना के मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देशानुसार पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। जिसमें गठित टीमों द्वारा छापेमारी कर आरोपियों के पास से पुलिस ने मृतक का मोटरसाइकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच19 अ-0276 एंड्रॉयड मोबाइल के अलावा शव को छत पर चढ़ाने में उपयोग किया गया नायलुन का रस्सी, गेरुवा रंग का गमछा, मृतक का काला रंग का जूता व काला रंग का टी-शर्ट बरामद किया है। उक्त जानकारी प्रेस कांफ्रेंस कर पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार के द्वारा दी गयी।

# दुकानदारों और किसानों को स्वावलंबी बनाना लक्ष्य है: डॉ हेमंत कुमार

**किस्को में बीज विक्रेताओं का 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के तहत जीवामृत के बारे में दी गयी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को मुख्य चौक के बगल पर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा बीज विक्रेताओं का 15 दिवसीय सर्टिफिकेट कोर्स के दशवें दिन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डॉ हेमंत कुमार पांडे ने जीवामृत, धान अमृत, अमृत जल, राइजोबियम, वर्मी कंपोस्ट और समेकित कृषि प्रणाली आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। उन्होंने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसानों के द्वारा अत्यधिक रूप से रासायनिक खाद का उपयोग व कीटनाशक के अति उपयोग मिट्टी को प्रदूषित करने का एक मुख्य कारण है। जो मिट्टी के साथ जल को भी प्रदूषण का रहा है इसे रोकने के लिए किसान को अनुशंसित मात्रा में ही रसायनिक खाद का प्रयोग करना चाहिए। किसान केंचुआ व गोबर खाद के अलावे घर के बचे अवशेषों से भी खाद बनाकर उपयोग करे।

# उपायुक्त और आइआइएम निदेशक ने किया मार्केटिंग कौशल का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और आईआईएम, रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में नीति आयोग अवार्ड मनी अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची के माध्यम से लोहरदगा जिला में स्वयं सहायता समूह/सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े सदस्यों को मार्केटिंग (विपणन) कौशल प्रदान करने हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग से प्राप्त अवार्ड मनी से जिला के लिए कुछ नया करने की योजना सोच थी। कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें प्रशिक्षण और ऋण प्रशिक्षणार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है लेकिन उन्हें मार्केटिंग तरीका पता नहीं होने की वजह से उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता है। हमलोगों ने यह कार्यक्रम तय किया और आईआईएम, रांची से बातचीत की। आईआईएम, रांची के द्वारा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी प्रशिक्षण केंद्र, लोहरदगा में चलाया जायेगा जिसमें 10 दिनों तक उत्पादों के मार्केटिंग का तरीका के साथ-साथ कई सारी बातें बतायी जायेंगी। उपायुक्त ने सभी 30 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिना किसी संकोच के यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता कुमारी, आईआईएम रांची के प्रोफेसर सत्यम, प्रोफेसर श्वेता झा, पीपीआईए फेलो हेमलता बजाज, पिरामल फाउंडेशन के सभी सदस्य समेत बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## सिविल सर्जन से मिले धोबी महासंघ के प्रतिनिधि



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय धोबी महासंघ युवा प्रदेश अध्यक्ष सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजू कुमार रजक की अगुवाई में धोबी महासंघ के प्रतिनिधि लोहरदगा के सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो से शिष्टाचार की भेंट की। एंटी रेबीज स्नेक बाइट बारे में प्रभारी ने बताया की सारी सुविधाएं अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बेहतर सुविधा के लिए 108 एंबुलेंस की पूर्ण व्यवस्था है। इस मौके पर कुडू के वार्ड पार्षद संजय कुमार तिलक, राहुल रजक में उपस्थित थे।

## दो दिवसीय नेत्र शिविर में 206 मरीजों का इलाज

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। 38वां नेत्रदान पखवाड़ा पर दो दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन वनवासी कल्याण केंद्र और जिला अंधापन नियंत्रण समिति लोहरदगा के तत्वाधान में किया गया। शिविर का उद्घाटन नेत्र सर्जन डॉक्टर दीपक लकड़ा और अस्पताल समिति के सचिव परमेश्वर साहू और संघ के जिला संघचालक मनोज दास ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किये। शिविर में डा0 नंदा प्रसाद सिंह, ब्रजमानी पाठक , रितु कुमारी, बसंती देवी, रंजीत उरांव, रंथू राम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शिविर में कुल 206 मरीजो का जांच कर सलाह दी गई वही 28 रोगियों को मोतियाबिंद का आपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण किया गया। वही दवा चश्मा निशुल्क संस्था द्वारा दिया गया।

## एसटी एससी ओबीसी मोर्चा व अंबेडकर विचार मंच ने तत्कालीन एसपी आर रामकुमार को विदाई दी

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति पदाधिकारी कर्मचारी संघ एवं अम्बेडकर विचार परिषद लोहरदगा के तत्वावधान में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक लोहरदगा आर रामकुमार के स्थानांतरण के फलस्वरूप उनके आवासीय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संघ के सचिव लखन राम के नेतृत्व में अध्यक्ष अरुण राम, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी विभाकर कुमार, भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय कुमार राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी अमर भूषण क्रांति, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, खेल प्रशिक्षक नम्रता भगत, ओमनी उरांव, दसई उराव और बालक आवासीय फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र और डे बोर्डिंग एथेलेटिक्स के छात्र-छात्राओं द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर, पुष्पगुच्छ दिया गया। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के रूप में पदस्थापन के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यो से संबंधित चित्र संग्रह को भेंट भी किया गया।

## भारतीय वायु सेना में एयरमैन के लिए भर्त्ती रैली 12 से 20 सितंबर तक

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारतीय वायु सेना द्वारा अविवाहित पुरूषों के लिए ग्रुप वाई (गैर-तकनीकी) मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड में एयरमैन की भर्त्ती के लिए भर्त्ती रैली का आयोजन दिनांक 12 से 20 सितंबर 2023 तक पश्चिम बंगाल स्थित एयरफोर्स स्टेशन बैरकपुर, 24 परगना (नॉर्थ) में किया जायेगा। झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के युवकों के लिए भर्त्ती रैली की तिथि 15.09.2023 निर्धारित की गयी है। रैली में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी को सुबह 6 बजे निर्धारित स्थल पर रिपोर्ट करना है। सुबह 10 बजे के बाद रिपोर्टिंग मान्य नहीं होगा। इस रैली में भाग के लिए अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 26.12.2002 से 26.12.2006 के बीच हुआ होना चाहिए। जो अभ्यर्थी फामेर्सी में डिप्लोमा या बीएससी की डिग्रीधारक हैं उनका जन्म दिनांक 26.12.1999 से 26.12.2004 के बीच हुआ होना चाहिए। विवाहित डिप्लोमा या डिग्रीधारकों के लिए उनका जन्म दिनांक 26.12.1999 से 26.12.2002 के बीच हुआ होना चाहिए।
**शैक्षणिक योग्यता :** अभ्यर्थी 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय के साथ मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ पास होना चाहिए। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए या गैर-व्यवसायिक विषयों जैसे फिजिक्स, केमेस्ट्री, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषय में मान्यता प्राप्त बोर्ड से 50 प्रतिशत अंकों के साथ दोवर्षीय व्यवसायिक कोर्स उत्तीर्ण हुआ होना जरूरी है। साथ ही, अंग्रेजी विषय में उसके 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए। फामेर्सी में डिप्लोमा या डिग्री होने की स्थिति में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। इनरॉलमेंट के समय स्टेट फामेर्सी काउंसिल या फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया का वैध निबंधन होना आवश्यक है।

## अल्पसंख्यक आयोग के नये अध्यक्ष और उपाध्यक्ष शमशेर, ज्योति सिंह मथारू को कांग्रेस ने दी बधाई

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा झारखंड सरकार द्वारा अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया है, इसे लेकर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा आयोग ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है, जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, झामुमो के वरिष्ठ नेता हिदायतुल्लाह खां को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कांग्रेस के दो सीनियर नेता शमशेर आलम और ज्योति सिंह मथारू को उपाध्यक्ष बनाया गया है. इसके अतिरिक्त आठ सदस्य बनाए गये हैं। जिसमें मोस्लेउद्दीन तौसिफ, सुशील मरांडी, वारिश कुरैशी, सफ्फार अंसारी, बरकत अली, इकरारूल हसन, सबिता टुडू और सोगरा बीबी शामिल हैं। प्रखंड कांग्रेस कमिटि के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान ने नव नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों को ढेर सारी बधाई शुभकामनाए देते हुए कहा है कि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग में अच्छे और अनुभवी लोगों को शामिल किया गया है, इनके नेतृत्व में अल्पसंख्यकों का कल्याण और उसकी भविष्य के बेहतरी के लिए काम किये जाने का भरोसा लोगों को हुआ है।

महत्वपूर्ण न्यूज

## गुमला जिला के नये पुलिस कप्तान ने घाघरा थाना का किया औचक निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला के नए पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह सोमवार की देर शाम लगभग 7:30 बजे घाघरा थाना औचक निरीक्षण के दौरान पहुंचे और थाना परिसर में घूम-घूम कर मुआयना किया। इसके उपरांत थाना में पदस्थापित पदाधिकारी से इलाके के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि घाघरा थाना के लिए सरप्राइज विजिट था, क्योंकि अभी तक मैं विजिट नहीं किया हूं। देखना था कि थाना भवन का थाना रिकॉर्ड्स की क्या स्थिति है, और यहां के लोकल चुनौतियां क्या हैं। इन्हीं सभी मुद्दों पर कुछ निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्होंने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास नीति के तहत नक्सलियों को मुख्यधारा में लौट समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका अदा करने की बात कही। सरकार के द्वारा कैश व जमीन सहित कई चीजें पुनर्वास नीति योजना में हैं, जिसका लाभ मुख्यधारा में लौट कर ले सकते हैं। इस मौके पर थानेदार अमित कुमार चौधरी, अभिषेक कुमार, टेकलाल महतो, विवेक श्रीवास्तव, राहुल सिंह व निर्मल महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नये बीडीओ को गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसी कार्यकर्ता सोमवार को नये बीडीओ रमेश कुमार यादव से शिष्टाचार मुलाकात करने प्रखंड कार्यालय पहुंचे। कांग्रेसियों ने गुलदस्ता भेंट कर नये बीडीओ का स्वागत किया। इस दौरान बीडीओ ने सभी से परिचय प्राप्त करते हुए सभी के सहयोग व सहभागिता से क्षेत्र के विकास, जनता व जरूरतमंदों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, उतरी मंडल अध्यक्ष जीतेंद्र लोहरा, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत, रजब अंसारी, कैप्टन लोहरा उरांव, लालमोहन साहु, अनिल कुमार पंडा, लक्ष्मण साहु, इमरोज अंसारी, सदाम अंसारी सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## शैलपुत्री फाउंडेशन के 15वें स्थापना दिवस पर माता-पिता सम्मान समारोह आयोजित



**भरनो (आजाद सिपाही)।** शैलपुत्री फाउंडेशन के 15वें स्थापना दिवस समारोह सह माता-पिता सम्मान समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। ललित उरांव मेमोरियल स्कूल इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिला परिषद गुमला की अध्यक्ष किरण माला बाड़ा एवं प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव उपस्थित थे। मौके पर ललित उरांव मेमोरियल स्कूल भरनो में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को संस्थान द्वारा पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया गया। मंच का संचालन श्रुति केशरी ने किया। इधर माता-पिता के सम्मान में उन्हें तिलक लगाकर उनका सम्मान किया गया एवं उनकी आरती उतारी गयी। मौके पर स्कूल के निदेशक विनय कुमार केसरी, अनीता बारला, मुरारी सिंह, मंजू देवी, श्रुति केसरी, दीपशिखा गुप्ता, सुमन तिर्की, स्वाति तिर्की, विकास कुमार गुप्ता अनिल गोप,रजनीत धान, निर्मला कुमारी, काजल कुमारी, अंकिता उरांव, नेहा कुमारी, नैंसी कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक बच्चे और बच्चे मौजूद थे।

## बिरसा शिशु विद्या मंदिर में अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बिरसा शिशु विद्या मंदिर तपकरा में अंतर संकुलीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रांची, सिमडेगा, खूंटी एवं गुमला जिला के 16 विद्यालय के भैया- बहनों ने भाग लिया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी को प्रथम स्थान, सलडेगा को द्वितीय, डोडमा तृतीय एवं लचरागढ़ को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी की इस सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

**कार्यक्रम :** अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में रजा कालोनी अव्वल

# पूर्वजों की परंपरा को संभाले रखना है सराहनीय : विधायक भूषण तिर्की

**गुमला चेहल्लुम केंद्रीय कमेटी ने अस्त्र शस्त्र परिचालन इनामी मुकाबला का किया आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चेहल्लुम के मौके पर निकाले गए जुलूस के बाद गुमला चेहल्लुम केंद्रीय कमेटी ने अस्त्र शस्त्र परिचालन का इनामी मुकाबला आयोजित कराया। रविवार की देर रात तक चले इस अस्त्र-शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में लगभग 12 मोहल्ले के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित स्थानीय विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि यह हमारे पूर्वजों की परंपरा रही है कि हमें शिक्षा के साथ-साथ अस्त्र-शास्त्र परिचालन की विधा भी आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुस्लिम भाइयों ने इस पारंपरिक व्यवस्था को आज तक बरकरार रखा है, यह सराहनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन ने सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए अपनी गर्दन कटा दी। लेकिन बुराई के रास्ते को नहीं अपनाया। वहीं अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मोशाहिद आजमी पम्मू ने कहा कि गुमला सौहार्द, भाईचारे और प्रेम का शहर है। हम इस शहर में नफरत को हावी नहीं होने देंगे। उन्होंने विजेता टीमों की हौसला अफजाई की और कहा कि निरंतर अभ्यास में रहने पर बड़े से बड़ा चैलेंज भी जीता जा सकता है।

पूरी प्रतियोगिता में मानव पिरामिंड बनाकर तिंरगा लहराने की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजा कॉलोनी को मिला। वहीं द्वितीय स्थान पर हुसैन नगर के खिलाड़ी रहे। तृतीय स्थान पर कुरैशी मोहल्ला, गौस नगर और गोल्डन क्लब को संयुक्त घोषित किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई अंजुमन सदर मुशाहिद आदमी पामू, सचिव मकसूद आलम और नाजिम वाला खलिल अशरफी कर रहे थे। जज की भूमिका में मो. खलील अशरफी और मो. इरफान मुन्ना ने निभायी।

मौके पर निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन, आरिफ अंसारी मो. फिरोज, मो. असलम खान, हनीफ रब्बानी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वन विभाग ने अवैध 40 बोटा सखुआ से लदा ट्रक किया जब्त



**छापामारी टीम को देखकर मौके से फरार हुआ चालक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चैनपुर वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के अधार पर कोड़ी गांव से अवैध सखुआ बोटा से लदे ट्रक को जब्त किया है। वहीं मौके से ट्रक ड्राइवर फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कोड़ी गांव में कुछ तस्करों के द्वारा अवैध रूप से सखुआ बोटा की तस्करी की जा रही है जिसके बाद वन क्षेत्र पदाधिकारी के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया और कोड़ी गांव से एक ट्रक में लदे 40 पीस सखुआ बोटा को जब्त कर लिया और उसे वन विभाग कार्यालय ले आयी। वहीं छापामारी टीम को देखकर ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

बताते चलें कि चैंनपुर मुख्यालय में इन दिनों लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। कुरूमगढ़ जंगल से लेकर जारी क्षेत्र क्षेत्र तक इनका साम्राज्य फैला हुआ है जिन्हें कुछ सफेदपोशों का भी आशीर्वाद प्राप्त है।

## अवैध पत्थर उत्खनन के दौरान बारूद और डेटोनेटर जब्त, संचालक गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** आनंदपुर टोली में अवैध पत्थर उत्खनन के दौरान विस्फोट के आवाज से खदान के पानी में गिरकर मजदूर की मौत हो गई थी। जिसके बाद खनन पदाधिकारी और गुमला थानेदार घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल किए तो पता चला कि पहाड़ में अवैध उत्खनन कर तालाबनुमा बना दिया गया है। इसके बाद खनन पदाधिकारी ने मामले को लेकर गुमला थाना में मेसर्स महेश्वरी इंडस्ट्रीज के संचालक नटवर साबू, प्रदीप साबू और राहुल साबू पर प्राथमिक की दर्ज कराई। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में गुमला पुलिस ने सोमवार को नटवर साबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं घटनास्थल से पुलिस ने बारूद व डेटोनेटर भी जब्त किया। वहीं खनन पदाधिकारी ने बताया कि खनन का पट्टा 2012 से 10 वर्षों के लिए 2022 तक स्वीकृत था। पत्थर खनन पट्टा 2022 को समाप्त हो चुका है। उक्त स्थान पर पत्थर तोड़ना अवैध है। इसके बावजूद मेसर्स महेश्वरी इंडस्ट्रीज द्वारा अभी तक अवैध तरीके से पहाड़ को तोड़ा गया।

## 'शिक्षा कर भेंट' के तहत चयनित आइसीटी इंस्ट्रक्टर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**प्रतिभागियों को दिया गया प्रमाण पत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट एसएस बालिका उच्च विद्यालय गुमला में जिले के चयनित आईसीटी इंस्ट्रक्टर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में शिक्षा कर भेंट (गिफ्ट ऑफ एजुकेशन) गतिविधि के तहत सोमवार को संपन्न हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त हेमन्त सती ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दिखाई। नोडल पदाधिकारी दिलदासर सिंह के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

इस मौके पर दुमका से विशेष रूप से प्रशिक्षण देने आए प्रशिक्षक कौशल किशोर पांडेय को सम्मानित किया गया।

जिला शिक्षा अधीक्षक मो. वसीम अहमद द्वारा बताया गया कि जिले के चयनित 33 विद्यालय के आईसीटी इंस्ट्रक्टर्स को स्क्रेच कोडिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। ये लोग अपने विद्यालय जाकर 12 से 14 सितम्बर तक प्रशिक्षण हेतु अपने स्कूल से कक्षा 8 से 12 के विद्यार्थियों का चयन करेंगे तथा 15 सितम्बर को इन सभी इंस्ट्रक्टर्स के स्कूल में बच्चों को कोडिंग सिखाने की गतिविधियों का प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए सभी बीईईओ तथा बीपीओ को जवाबदेही दी गई है। डीडीसी श्री सती द्वारा बताया गया कि एक महीने कोडिंग प्रशिक्षण देने के उपरांत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा उत्कृष्ट प्रतिभागियों को 15 नवम्बर के अवसर पर भव्य कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। अंत में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया।

## बाइक से गिरकर घायल युवक की इलाज के क्रम में मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना क्षेत्र के खरवा गढ़ा के समीप बाइक सवार ओलमुंडा बाकूटोली निवासी पहना उरांव (35) रविवार देर शाम गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी बसिया उप स्वास्थ्य केंद्र में देर रात्रि इलाज के क्रम में मौत हो गई।

## ऑटो के पलटने से सात लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना अंतर्गत आंजन ढलान में ऑटो के पलटने से गुमला करौंदी निवासी एक ही परिवार के सात लोग घायल हो गए। जिसमें प्राणी देवी (45), मिलका देवी (25), विजय नायक (29), वीर नायक (19), पल्लवी कुमारी (11), गोलू नायक (9) व वरुण नायक (8) के नाम शामिल हैं। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया।

## बोलेरो वाहन के धक्के से युवक की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना अंतर्गत तिराटोली के समीप पैदल चल रहे उर्मी निवासी निरल मिंज का पुत्र रवि मिंज बोलेरो वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सदर अस्पताल गुमला लाये जाने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटनास्थल से बोलेरो वाहन फरार हो गया।

## सभी प्रखंडों में 14 से 18 सितंबर तक होगा प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला स्वास्थ्य समिति, गुमला व स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई जाएगी। इसके लिए सभी प्रखंडों में 14 से 18 सितम्बर तक प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य मेला लगा कर आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेश सेन्टर, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी और गैर संचारी रोगों की रोकथाम आदि स्वास्थ्य जागरूकताओं एवं स्वास्थ्य सुविधाएं जन मानस तक पहुंचाई जाएंगी। गुमला के सिविल सर्जन, डॉ राजू कच्छप ने बताया कि इस प्रखंड मेला की तैयारी पुरी कर ली गई है। यह मेला बसिया, भरनो, बिशुनपुर, डुमरी, घाघरा, पालकोट, सिसई, सदर गुमला में 15 सितम्बर को और चैनपुर, कामडारा, रायडीह, जारी में 18 सितम्बर में होगा। यह मेला सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित किया जाएगा।

## कार्यकर्त्ता सम्मेलन में बुलंद की जायेगी चिटफंड कंपनी से पैसे दिलाने की मांग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह के जयंती 28 सितंबर को सम्मेलन का अयोजन किया जाएगा। यह अयोजन गुमला जिला मुख्यालय में होगा। इस कार्यकर्ता सम्मेलन में चिटफंड कंपनी से प्रभावित लोगों के मामले को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। सहारा इंडिया, एपीलाइन साईं प्रकाश पल्स, बेड़ो बैंक सहित विभिन्न चिटफंड कंपनी द्वारा ठगे गए प्रभावितों को उनकी जमा राशि सूद सहित दिलाने की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

## 19 सितंबर को बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय

**बैठक में प्रखंड के सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं पंचायत प्रभारी हुए शामिल**



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के 19 सितम्बर को गुमला में होने वाले संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की आवश्यक बैठक बुधराम नायक मंडल महामंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड के सभी मोर्चों के पदाधिकारी एवं पंचायत के प्रभारी शामिल हुए। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक भूपन साहूने बताया कि 19 सितम्बर को बाबूलाल मरांडी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कार्यक्रम के मंडल प्रभारी पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में गुमला कार्यक्रम स्थल में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अवधेश प्रताप शाहदेव, मयंक मौली शर्मा, संतोष प्रसाद केसरी, राजेश भगत, सीताराम लोहार, भरत बैगा, दीपक रजक, नरेंद्र सिंह, मधु साहू, यशवंत केशरी के साथ चैनपुर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने दो सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

# शिक्षक के बिना नहीं हो सकता सभ्य समाज का निर्माण : शंकर लाल जाजोदिया

**लायंस क्लब मानव सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है : सचिव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला ने सेवानिवृत्त दो शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिसमें शिक्षिका माया देवी राय और भोला दास के नाम शामिल हैं। बता दें कि लायंस क्लब गुमला में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त दो शिक्षकों को क्लब के अध्यक्ष शंकर लाल जाजोदिया एवं सचिव अशोक कुमार जायसवाल तथा सम्मानित लायन सदस्यों के द्वारा अंग वस्त्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष ने कहा कि लायंस क्लब के द्वारा प्रत्येक वर्ष सेवानिवृत्ति दो शिक्षकों को क्लब के द्वारा सम्मानित किया जाता है। लायंस क्लब सदैव समाज की सेवा में तत्पर रहता है। क्लब के सचिव ने कहा कि लायंस क्लब एक इंटरनेशनल संस्था है जो मानव सेवा के लिए हमेशा तैयार रहता है। इसके पूर्व मंच का संचालन करते हुए महेश प्रसाद गुप्ता के द्वारा शिक्षक सम्मान का उद्देश्य तथा शिक्षकों की महत्ता का उल्लेख किया गया और कहा कि शिक्षक वह गुरु है जो बच्चों को शिक्षा के लिए कुमार की तरह बढ़ाता है और अच्छे समाज का अच्छा नागरिक बनता है। ऐसा भी कहा जाता है कि मां प्रथम गुरु होती है जो बच्चों को प्रारंभिक और अपेक्षित ज्ञान देकर समाज के लिए तैयार करती है। श्री गुप्ता ने दोनों शिक्षकों के सम्मान में उपस्थित सदस्यों के बीच उनका जीवन परिचय कराया तथा उनके सफल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सम्मानित दोनों शिक्षकों ने कहा कि लायंस क्लब द्वारा इस तरह का आयोजन समाज तथा देश के लिए काफी सराहनीय कदम है। उन्होंने सेवानिवृत्ति शिक्षकों से आग्रह किया कि अपना यह जो कार्य है उसे समाज के बच्चों की सेवा में जीवन पर्यंत लगा रहना चाहिए। उनका कहना था कि आदमी शरीर से बूढ़ा हो सकता है परंतु मन या क्रम से बूढ़ा कभी नहीं होता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के श्री त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के उपरांत लायन दामोदर कसेरा के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

इस कार्यक्रम में लॉयन बनवारी लाल अग्रवाल, पवन कुमार अग्रवाल, शशि किरण जायसवाल, रीता कुमारी गुप्ता, मनोरमा गुप्ता, अंबिका लाल गुप्ता, राजलक्ष्मी आनंद, ओमप्रकाश साहू, अशोक आनंद, सत्येंद्र गुप्ता, शिव कुमार लाल, रीता लाल, सुरेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णा सोनी, आरती सोनी, रविंदर कौर, सूदन सिंह, जयकांत राय, सरिता देवी, कांति देवी सहित काफी संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 16/2023–24

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 21.09.2023 से 22.09.2023 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन्से 05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 23.09.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 23.09.2023 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड केरेडारी अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र केरेडारी के कोविड वार्ड में विविध निर्माण कार्य। | 1038200.00 | 21000.00 | 2500.00 | 4 माह |
| 2 | सदर प्रखण्ड अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, हत्यारी के भवन का निर्माण कार्य। (कोड संख्या 20360080315) | 1475800.00 | 30000.00 | 2500.00 | 4 माह |
| 3 | सदर प्रखण्ड अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, मोरांगी के भवन का उन्नयन कार्य। (कोड संख्या 20360080314)<br>सदर प्रखण्ड अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र, पतरातु के भवन का उन्नयन कार्य। (कोड संख्या 20360080405) | 547500.00 | 11000.00 | 1250.00 | 4 माह |

नोटः
1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से– i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 306639 (Rural Development) 23-24 (D)

**कार्रवाई: एक आरोपित पेशेवर शूटर, सभी पर आपराधिक मामले दर्ज**

# राजेश वर्मा हत्याकांड का खुलासा चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**आरोपितों के पास से एक लोडेड देसी कट्टा, एक पिस्तौल, खोखा और बाइक किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देती पलामू एसपी रिष्मा रमेशन व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने डान कुणाल सिंह की हत्या के आरोपित राजेश कुमार वर्मा उर्फ फंटूश वर्मा की हुई हत्या की गुत्थी को सुलझा दिया है। पुलिस ने फंटूश वर्मा की हत्या में संलिप्त हमीदगंज के चंदन सिंह, पहाड़ी मुहल्ला के तारिक शाह, अधोर आश्रम रोड के अमृतेश्वर सिंह उर्फ छोटका बाबू और पुराना खस्सी मार्केट हमीदगंज के सोनू चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें तारिक शाह को छोड़कर सभी आरोपितों पर कोई ना कोई मामला दर्ज है और सभी जेल जा चुके है। जबकि एक अभियुक्त अभी भी फरार है। उसे पकड़ने के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। पलामू एसपी रिष्मा रमेशनन ने सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि विगत आठ सितंबर की शाम छह बजे राजेश वर्मा उर्फ फंटूश की बीएन कालेज मैदान के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संदर्भ में मृतक के भाई राकेश वर्मा ने पांच आरोपितों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी शहर थाना में कराई थी। जिससके बाद उन्होंने प्रभारी सदर एसडीपीओ के नेतृत्व के एक टीम गठित की। जिसने घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच कर मामले का उद्‌भेदन करते हुए घटना में संलिप्त चार आरोपितों चंदन सिंह, तारिक शाह, अधोर अमृतेश्वर सिंह उर्फ छोटका बाबू और सोनू चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि सोनू चंद्रवंशी शूटर है और उसने ही फंटूश वर्मा पर गोली चलाई थी। इसके लिए उसे कितने रुपए मिले यह अनुसंधान का विषय है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी लोडेड कट्टा, एक 7.65 एमएम का पिस्टल, दो खोखा और दो बाइक बरामद किया है। इसमें दोनों बाइक के मालिकों की हत्या में कोई संलिप्तता नहीं है। इसमें एक बाइक गिफ्टेड व एक बाइक बकाया राशि जमा नहीं करने के कारण बंधक था। उन्होंने कहा कि जून 2022 में कुणाल सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए ही फंटूश वर्मा की हत्या की गई थी। उन्होंने कहा कि मामले का खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, शहर थाना प्रभारी अभय कुमार वर्मा, एसआई ऋषिकेश राय, टीओपी एक प्रभारी रेवाशंकर रमण, एएसआई अभिमन्यु कुमार व नबी अंसारी आदि उपस्थित थे।

# विश्रामपुर में ऐतिहासिक होगी बाबूलाल मरांडी की जनसभा: रामचंद्र चंद्रवंशी

**-15 सितंबर को विश्रामपुर में बाबूलाल मरांडी की जनसभा**
**- विधायक का दावा- 25 हजार लोग होंगे सभा में शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आगामी 15 सितंबर को विश्रामपुर आयेंगे। वहां जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। उनके स्वागत के लिए पड़वा मोड़ से विश्रामपुर तक दर्जनों तोरण द्वार बनवाए जा रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता ब्रहमोरीया मोड़ से बीमोड़ तक जगह-जगह उनका भव्य स्वागत करेंगे। कहा कि बाबूलाल मरांडी का यह प्रस्तावित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। उन्होंने दावा किया कि विश्रामपुर की जनसभा में 25 हजार से भी ज्यादा लोग शामिल होंगे। सभा की सफलता के लिए कार्यकर्ता जी जान से जुटे हैं। उन्होंने आम लोगों से भी जनसभा में शामिल होने की अपील की। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव व और विधायक के प्रतिनिधि राजन पांडेय भी थे।

# एसबीआइ संचालित दो ग्राहक सेवा केंद्र स्थायी रूप से बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** एसबीआइ विश्रामपुर शाखा की ओर से संचालित कुटमु व गुरहा के ग्राहक सेवा केंद्र को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसकी जानकारी सोमवार को विश्रामपुर स्टेट बैंक कार्यालय में शाखा प्रबंधक नितेश कुमार ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि किसी कारणवश विश्रामपुर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से संचालित कुटमु का ग्राहक सेवा केंद्र जिसका कोड-1ए 74एस720 संचालक अफसर अंसारी और गुरहा का ग्राहक सेवा केंद्र जिसका कोड-3ए370592 संचालक कपिलदेव शुक्ला का रजिस्ट्रेशन रद्द करते हुए स्थाई रूप से उसे बंद कर दिया गया है। उन्होंने ग्राहकों से आग्रह किया कि उक्त दोनों सीएसपी केंद्र से किसी तरह का लेन-देन न करें। नहीं तो आपके साथ धोखा हो सकता है।

# डीसी ने दिया अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में डीसी ने पूर्व में अवैध खनन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा किये गये कार्रवाई की समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी सीओ को जिले में अवैध खनन के स्थलों चिन्हित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को अवैध माइनिंग को लेकर इंडिविजुअल रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही।

डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने डीएमओ व परिवहन विभाग को आपसी समन्वय से बिना नंबर व ओवरलोड वाहनों की जांच करते हुए विधिसंगत कार्रवाई करने की बात कही। डीसी ने क्रशरों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम के भी निर्देश दिये। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, सदर व छत्तरपुर एसडीओ, सभी सीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# कोई भी योग्य व्यक्ति सरकारी लाभ पाने से वंचित ना रहे: डीसी

**शशि रंजन ने की आपूर्ति विभाग की ओर से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी शशि रंजन ने सोमवार को आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीसी ने विभिन्न एजेंडों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, सोना-सोबरन धोतीसाड़ी योजना, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना आदि का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभावित करने का निर्देश दिया। इसके पूर्व उन्होंने डीएसओ प्रीति किस्कू से जिले में विभिन्न कार्डधारियों की संख्या, गोडाउन से डीलर तक राशन पहुंचाने वाले वाहनों की संख्या से अवगत हुए। वहीं, डीसी ने ग्रीन राशन कार्ड में पेंडेंसी की प्रखंडवार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी बीएसओ को उनके लॉगिन में पड़े आवेदनों का जांच के बाद डीएसओ लॉगिन में भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि वैलिड डॉक्यूमेंट के बगैर डीएसओ लॉगिन में आवेदन भेजने पर संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। इसी तरह डीसी ने सोना-सोबरन धोती साड़ी योजना अंतर्गत धोती-साड़ी लुंगी का वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने शत- प्रतिशत आधार सीडिंग पर बल दिया। उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को पीवीटीजी परिवारों को ससमय खाद्यान्न उपलब्ध करवाने की बात कही। डीसी ने कहा कि खाद्यान्न वितरण में देरी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस मौके पर सभी एजीएम व एमओ सहित एफसीआई के अकाउंटेंट पंकज तिवारी व आपूर्ति विभाग के अंजय पांडेय उपस्थित थे।

# मझिगांवा से ऑटो रिक्शा चोरी, बेला घाट में कल-पुर्जे खोल कर हुए चंपत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पत्थरा ओपी क्षेत्र के मझिगांवा बाजार स्थित राजेश्वर साव के घर के दसामने लगी ऑटो रिक्शा को चोरों ने रविवार की देर रात चोरी कर ली। ऑटो रिक्शा के मालिक राजेश्वर साव के पुत्र दीपक साव ने बताया कि जब सोमवार की सुबह देखा तो ऑटो रिक्शा दरवाजे पर नहीं था। काफी तलाशी के बाद भी ऑटो रिक्शआ नहीं मिला तो इसकी जानकारी पुलिस को दी। तब पता चला कि बिहार और झारखंड सीमा पर स्थित बेला घाट में सड़क से कुछ ही दूरी पर एक ऑटो रिक्शा का चेचिस पड़ा है। जबकि चोरों ने ऑटो रिक्शा का तीनों पहिया और इंजन सहित सभी कीमती कल-पुर्चे चोरी कर लिए थे। चेचिस वहीं छोड़ कर फरार हो गए। घटना की जानकारी के बाद बसपा नेता अमित यादव, वार्ड सदस्य वकील साव, पवन गुप्ता, रोशन कुमार, जयकांत चौधरी, बुधन राम आदि ग्रामीण बेलघाट पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी की। टेंपो के बॉडी को राजेश्वर साव के घर पहुंचा दिया।

# फसल राहत योजना के लिए खरीफ फसल का रजिस्ट्रेशन करायें: कृष्णा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** व्यापरमंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड सरकार की ओर से किसानों के लिए फसल राहत योजना में किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। इसलिए जो भी किसान खरीफ मौसम में धान, मक्का लगाए हैं वे अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र एवं सीएससी सेंटर जाकर 30 सितंबर तक अपना राजिट्रेशन अवश्य करा ले, ताकि फसल की क्षति होने पर क्षति पूर्ति की राशि मिल सके। उन्होंने सभी पैक्स अध्यक्ष एवं किसान मित्रों से भी अनुरोध किया कि अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को जागरूक कर अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

# राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** महुराव खेल मैदान में राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्‌घाटन पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजद के युवा नेता रवि यादव, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, विनय कुमार सिंह यादव, प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली, राज अली उर्फ, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम आदि ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्‌घाटन मैच कुर्मिपुर व जमुआ के बीच खेला गया। जिसमें जमुआ की टीम 2-0 से विजयी रही। अपने संबोधन में पूर्व सांसद ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के युवाओ में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें प्रेरित कर आगे बढ़ाने में मदद करने की। वहीं, रवि यादव ने कहा कि राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित अंबेडकर फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन खेल के क्षेत्र में युवाओं को आगे बढ़ाने और छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक माध्यम है। सभी इसका लाभ उठाये। युवा इससे अपना कैरियर बनाने के साथ ही राज्य एवं देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर राजद क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन कुमार, गयासुद्दीन सिद्दीकी, सुदेश्वर राम, शिवशंकर यादव, प्रमोद सिंह, कमाख्या सिंह आदि थे।

# पुराने सीएचसी भवन में स्वास्थ्य सुविधा बहाली की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड के युवा समाजसेवी संतोष प्रजापति ने सोमवार को पलामू डीसी कार्यालय पहुंचकर पुरानी सीएचसी भवन में ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। संतोष प्रजापति ने बताया है कि साल 2022 में हरिहरगंज सीएचसी का संपूर्ण कार्य नवनिर्मित भवन शहरी क्षेत्र से लगभग तीन से चार किलोमीटर दूर बिहार सीमा पर चला गया है। जिस कारण आम नागरिक एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दुर्घटना एवं प्रसूति ग्रामीणों को नजदीक सुविधा नहीं मिल पा रही है। हरिहरगंज नगर पंचायत एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। जिसमें ज्यादातर समस्याएं इमरजेंसी एवं प्रसूती की ही है। पुराने भवन में सुविधा बहाल होने से लोगों को नजदीक में ही स्वास्थ्य सुविधा मिल पाएगी।

## स्पोर्ट्स



भारत की मेजबानी में पांच अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम की घोषणा हो गई। खिलाड़ियों ने परिजनों ने इसकी घोषणा की।

**नयी पहल : खिलाड़ियों के परिवार वालों से कराया वर्ल्डकप टीम का एलान**

# वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड टीम के कप्तान केन विलियमसन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों के परिवार वालों से टीम का ऐलान कराया है। बोर्ड ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो पोस्ट किया है। टीम की कप्तानी चोट से वापसी कर रहे केन विलियमसन के पास रहेगी। भारत में खेले जाने वाले वनडे वर्ल्ड कप की शुरूआत पांच अक्टूबर से हो रही है। पिछली बार की रनर-अप न्यूजीलैंड टीम का पहला मुकाबला पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड से होगा।



### वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड टीम

केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम (उपकप्तान, विकेटकीपर), डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और विल यंग।

बतातें चलें कि आइपीएल 2023 के पहले मुकाबले (31 मार्च 2023) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बाउंड्री लाइन पर कैच लेने की कोशिश में विलियमसन चोटिल हो गए थे। उनके दाएं घुटने में चोट लगी थी। इसके बाद वो पूरे लीग से बाहर हो गए थे। लीग से बाहर होने के बाद विलियमसन न्यूजीलैंड लौट गए और अप्रैल में उनकी सर्जरी हुई। आइपीएल के इस सीजन में वो गुजरात टाइटन्स टीम के हिस्सा थे। दूसरी ओर, टीम में फिन एलन की जगह विल यंग को शामिल किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और एडम मिल्ने वर्ल्ड कप में नहीं खेलेंगे। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम को भी टीम में जगह मिली है, हालांकि दोनों इस साल न्यूजीलैंड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल नहीं हैं।

**28 सितंबर तक स्क्वॉड में बदलाव कर सकती हैं टीमें**

वर्ल्ड कप पांच अक्टूबर से भारत में होना है। सभी टीमें अपने स्क्वॉड में 15 प्लेयर्स रह सकेंगी, टीमें 3 स्टैंड-बाय खिलाड़ियों के नाम भी दे सकती हैं। वर्ल्ड कप में भाग लेने वाले सभी देशों को 28 सितंबर तक अपने स्क्वॉड की फाइनल लिस्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को देनी है।

### वर्ल्ड कप में खेले जायेंगे 48 मुकाबले

भारत में अक्टूबर-नवंबर में 46 दिन तक वनडे वर्ल्ड होगा, जिसमें 48 मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 5 अक्टूबर को पिछले वर्ल्ड कप की विजेता और उप-विजेता इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद में होगा। 12 नवंबर तक लीग स्टेज के 45 मैच होंगे। 15 और 16 नवंबर को 2 सेमीफाइनल और 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल खेला जाएगा।

# सुविधाओं का अभाव, फिर भी खेलो झारखंड में प्रखंड स्तर के बच्चों ने लहराया जीत का परचम

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तर पर टॉपर छात्र-छात्राओं को हरतुआ पंचायत समिति प्रतिनिधि दीपक गिरी ने से उपयुक्त सम्मान दिया। सोमवार को पचमों उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रखंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। दीपक गिरी ने कहा कि यहां के विद्यार्थी और प्रधानाध्यापक खेल या शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करते हैं। इसी का परिणाम है कि खेलो झारखंड कार्यक्रम में प्रखंड में कई खेलों में इस विद्यालय के बच्चों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर पंचायत का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में इकलौता हरतुआ पंचायत है जहां एक भी खेल का मैदान नहीं है। यहां तक की सरकार द्वारा बनाए जा रहे हैं पोटो हो खेल मैदान भी नहीं है। जिस कारण बच्चों को अभ्यास के लिए मैदान नहीं मिल पाता है। शिक्षक खेतों में ले जाकर बच्चों को खेलकूद का प्रशिक्षण देते हैं। अगर खेल का मैदान रहता तो यहां के प्रतिभावी विद्यार्थी प्रखंड ही नहीं जिला और राज्य स्तर पर भी अपना परचम लहरा सकते हैं। लेकिन यहां के प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण अभी तक पंचायत में एक भी खेल का मैदान नहीं बनाया गया। प्रधानाध्यापक परमानंद उपाध्याय ने बताया कि यहां पर खेल का मैदान तो क्या प्रार्थना करने के लिए भी विद्यालय कैंपस में जगह नहीं है। विद्यालय के चारों ओर से कीचड़ रहता है। अगर खेल का मैदान बच्चों को मिले तो खेल के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ सकतें हैं। खेलो झारखंड कार्यक्रम में विद्यालय की काजल कुमारी ने 200 मीटर के दौड़ में प्रखंड स्तर पर प्रथम और गोला फेंक में द्वितीय लाई है। जबकि रिले दौड़ में रोशनी कुमारी टीम द्वारा प्रथम अन्य खेलों में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह में सहायक शिक्षक प्रभु राम, ईश्वरी प्रसाद सिंह, वार्ड सदस्य सुनील यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बृजेश यादव, मुकेश पुरी, विक्की गिरी, दिलीप राम व बाबूलाल यादव आदि थे।

**हड़कंप :** हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग, प्रखंड व जिले से स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची मृतक के घर

# डेंगू से महुदा में अधेड़ की मौत

**घर व आसपास के क्षेत्रों की जांच की गई, किया गया दवाइयों का छिड़काव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


मृतक ङवानी दास की फाइल फोटो।


मृतक के घर व क्षेत्र में पहुंच कर जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


क्षेत्र में होता दवाइयों का छिड़काव।

**महुदा।** धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण सोमवार को महुदा में देखने को मिला। यहां न्यू कॉलोनी में डेंगू से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत होने की घटना प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान भवानी दास (53) के रूप में हुई है। उसका रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा था। जानकारी के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व भवानी दास को बुखार हुआ था। परिजनों ने उसे इलाज के लिए पहले धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया था। जहां जांच में पता चला कि उसे डेंगू हुआ है। कुछ दिन इलाज के बाद भी उसके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं होता देख व प्लेटलेट्स काफी कम देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान रविवार की रात उसकी मौत हो गयी। उधर, डेंगू से युवक की मौत होने की खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग एवं महुदा क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया। इसकी सूचना पाकर बाघमारा स्वास्थ्य विभाग एवं धनबाद की टीम मृतक के घर पहुंची और क्षेत्र में जांच के बाद इलाके में साफ सफाई एवं दवा छिड़काव का काम शुरू कर दिया। वहीं, मृतक के भाई जितेंद्र दास ने बताया कि डेंगू होने के बाद संक्रमण के कारण भवानी के भीतरी अंगों को भी नुकसान हुआ जिस कारण उसकी मौत हो गयी। जबकि डॉ नीरज जोजो ने बताया कि मृतक के घर के आसपास नालियों एवं अन्य स्थानों की जांच की गई है। फिलहाल ऐसा कुछ नहीं मिला है। हालांकि बरसात का मौसम है। इस वक्त लोगों को जल जमाव और गंदगी से बचना चाहिए। अपने आसपास को साफ सुथरा रखें, ताकि ऐसी बीमारियों से बचा जा सके। वहीं, धनबाद के मलेरिया निरीक्षक उत्तम सिन्हा ने बताया कि जांच की जा रही है। बचाव के कड़े कदम उठाए जाएंगे।

## हाइवा के धक्के से युवक की मौत नाराज लोगों ने की सड़क जाम



**कतरास (आजाद सिपाही)।** ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निचितपुर खटाल के समीप सोमवार की दोपहर हाइवा की चपेट में आने से भैंस चरा रहे 35 वर्षीय एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान रंजय यादव के रूप में हुई है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचोबीच रखकर पांच घंटे तक आउटसोर्सिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित कर दिया। वे लोग मुआवजे की मांग कर रहे थे। इसकी सूचना पाकर क्षेत्र संख्या 16 के जिला परिषद सदस्य मोड्ड इसराफिल लाला मौके पर पहुंचकर बीसीसीएल एरिया 5 के प्रबंधन से वार्ता कर 1.5 लाख रुपए नगद व 10 हजार रुपए प्रति माह आर्थिक सहयोग के लिए सहमती बनाइ। जिसपर ग्रामीणों ने भी सहमति जताते हुए मृतक की बेटी के हाथो में फिलहाल 1.20 लाख रुपये सौंप दिया और शव को आगे की प्रक्रिया के लिए अपने अवास ले गए।

# कतरी नदी से किशोर का शव बरामद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** करतास व जोगता थाना क्षेत्र के सीमावर्ती कतरास-कपुरिया मुख्य सड़क मार्ग पर भेलाटांड व आदर्शनगरी के बीच अवस्थित कतरी नदी में सोमवार की सुबह एक किशोर का शव बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। उसकी पहचान कृष्णा पासवान (18) के रूप में हुई है। वह भेला टांड नीमतल्ला का रहने वाला था। क्षेत्र में शव पाए जाने की खबर से सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पाकर मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ समय बाद कतरास थाना के सअनि मनीष कुमार भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर कतरास थाना में यूडी कांड अंकित कर अंत्यपरीक्षण के लिए धनबाद भेज दिया। सअनि मनीष कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त कृष्णा पासवान के रूप में हुई है। परिजनों की मानें तो वह शनिवार की रात नौ बजे घर से झगड़ा कर चला गया था। वह नशा करने का आदि था। घर में मां-बाप के अलावे एक भाई भी है। सभी का रो रो कर बुरा हाल है। उधर, पुलिस को आशंका है कि कृष्णा ने खुदकुशी की होगी। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौक के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से किया जाये संचालित : सरयू राय

**सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति ने की विभिन्न निगमों की समीक्षा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**बोकारो।** झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने सोमवार को बोकारो जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति के सभापति सरयू राय ने बोकारो परिसदन में जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। उन्होंने क्रमवार झारखंड वन विकास निगम, झारखंड खनिज विकास निगम लि, झारखंड पुलिस आवास निगम लि, तेनुघाट विद्युत निगम लि, झारखंड पर्यटन विकास निगम लि, झारखंड शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि, झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि, सिल्क टेक्सटाईल्स एवं हस्त-शिल्प निगम लि, झारखंड राज्य बेवरेज निगम लि, झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम लि, झारखंड उर्जा विकास निगम लि, झारखंड चिकित्सक एवं स्वास्थ्य आधारभूत संरचना विकास निगम लि, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लि, झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लि, झारखंड विद्युत संरचना निगम लि, झारखंड बिजली वितरण निगम लि, झारखंड कम्यूनिकेशन नेटवर्क लि एवं झारखंड अटल बिहारी इनोवेशन लि से संबंधित पदाधिकारियों से निगम के कार्य एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। झारखंड खनिज विकास निगम संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में सभापति ने जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह से जिले में संचालित बालू घाटों की जानकारी ली। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जिले में चिन्हित बालू घाटों, जिला सर्वे रिपोर्ट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। झारखंड पुलिस आवास निगम लि की समीक्षा क्रम में संबंधित पदाधिकारी से सभापति ने क्या-क्या निर्माण हुआ और कौन सा कार्य प्रस्तावित है कि जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि पांच थाना भवन का निर्माण कार्य का काम मिला था, जिसमें जोगेश्वर बिहार, चास मुफ्फसील एवं बालीडीह थाना का निर्माण पूरा हो गया है। जबति दो थाना भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंडल कारा से संबंधित कुछ निर्माण कार्य का भी कार्य निगम को मिला है, जिसे किया जाना है। सिल्क टेक्सटाईल्स एवं हस्त-शिल्प निगम लि की समीक्षा क्रम में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में स्वयं सहायता समूहों को मिल रहें लाभ, झारक्राफ्ट के तहत संचालित दुकानों आदि की जानकारी ली। सभापति ने झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिशा-निर्देश दिया।

## सीएसआइआर-सिंफर की ओर से रीसेंट एडवांसेस इन माइन फायर, वेंटिलेशन एंड माइनर्स हेल्थ विषय पर सप्ताह व्यापी कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की ओर से सोमवार को सीएसआईआर एकीकृत कौशल पहल के तहत रीसेंटऐडवांसेस इन माइन फायर, वेंटिलेशन, एंड माइनर्स हेल्थ पर एक सप्ताह के लिए कार्यकारी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बीसीसीएल, सेल, टाटा स्टील-झरिया डिवीजन, ईसीएल, सीसीएल, एससीसीएल, एसईसीएल और गेनवेल कॉमोसेल्स सहित निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली 10 कंपनियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अरविंद कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि धनबाद डीजीएमएस के डीडीजी उज्जवल ताह सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि उज्ज्वल ताह ने आग, विस्फोट, बाढ़ के कारण होने वाली विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं, खनन उद्योग में प्रौद्योगिकी प्रगति के महत्व, पेशेवर प्रशिक्षण, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के योगदान, खनिकों के स्वास्थ्य पहलुओं, इन चुनौतियों से निपटने के लिए वेंटिलेशन को एक आवश्यक उपकरण और तकनीक के रूप में उपयोग किए जाने के महत्त्व पर पर जोर दिया। इस पाठ्यक्रम की संकल्पना और कार्यान्वयन कार्यक्रम सलाहकार डॉ जेके पांडेय एवं मानव संसाधन विकास व कौशल विकास के एचओएस दिलीप कुंभकार के साथ ही पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ एनके मोहालिक और डॉ एसके राय द्वारा किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य खान अग्नि, वेंटिलेशन और खनिकों के स्वास्थ्य में नई तकनीकों, उपकरणों और नवीनतम प्रगति पर अपडेट प्रदान करना है। मुख्य वैज्ञानिक डॉ जेके पाण्डेय एवं एचओआरजी ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा रखी और इंट्रोडक्शन टू माइन फायर, वेंटिलेशन, माइनर्स सेफ्टी रिसर्च ग्रुप ऐक्टिविटीज विषय पर प्रकाश डाला। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ देवाशीष मिश्रा ने नई और मौजूदा खदानों के लिए खान सुरक्षा की दिशा में वेंटिलेशन सर्वेक्षण और योजना की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उनकी प्रस्तुति में खानों में सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए रणनीतिक योजना के महत्व को संबोधित किया गया। सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के मुख्य वैज्ञानिक, डॉ एसके राय ने भूमिगत वेंटिलेशन की नवीनतम प्रगतियों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रतिभागियों ने एक पैनल चर्चा और एक इंटरैक्टिव सत्र में भी हिस्सा लिया, जिससे उन्हें उद्योग में नए विचारों को साझा करने और सीखने का मौका मिला। प्रतिभागियों को मौजूदा और नए खदानों के लिए खदान सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और वेंटिलेशन तकनीकों में सुधार करने के बारे में बेहतर अंतर्दृष्टि और ज्ञान मिला।

## फुसरो में मना भगवान श्रीकृष्ण का छठियारी महोत्सव

**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नया रोड स्थित महावीर मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का छठियारी महोत्सव मनाया गया। पुजारी रजनीकांत पांडे व बिट्टू पांडे ने विधि विधान से पूजा कराया। जिसमें फुसरो नया रोड सहित शांति नगर, एवं राजा बेड़ा के ग्रामीण, महिला पुरुष शामिल हुए। मंदिर कमेटी की ओर से महा भंडारा का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।


## झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/20/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **RDSPL/SD/HZB/20/01/ 2023-24** | केरेडारी | ग्राम बेला पेटो में पीपल चौक से मध्य विद्यालय पेटो होते हुए पीसीसी पथ निर्माण। | 7569600.00 | 151500.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2. | **RDSPL/SD/HZB/20/02/ 2023-24** | बरकट्ठा | परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, बरकट्ठा का उन्नयन कार्य। | 7411000.00 | 148500.00 | 10000.00 | 6 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 21.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 21.09.2023 से दिनांक 30.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समयः – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 05.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 306648 Rural Development(23-24)D


## कतरासगढ़ जीएनएम प्लस 2 विद्यालय में बाल विवाह व यौन हिंसा के खिलाफ आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

# बाल विवाह करने व करानेवाले समान रूप से दोषी: नइमुद्दीन

**खेलने-पढ़ने की उम्र में छात्र-छात्राओं को बाल विवाह न करने की दिलाई शपथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बाल विवाह व यौन उत्पीड़न को लेकर आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित स्कूली बच्चे व गणमान्य लोग

**कतरास।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन की ओर से कतरासगढ़ जीएनएम प्लस-2 विद्यालय में बाल विवाह एवं यौन हिंसा के खिलाफ जागरूकता पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रस्ट के परियोजना समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने ट्रस्ट की ओर से बाल विवाह एवं यौन शोषण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी चर्चा की। बाल विवाह क्या है और उसके दुष्परिणामों पर खुल कर बातचीत की। इसके बाद समन्वयक ने छात्र-छात्राओं से मुखातिब होकर यौन शोषण पर बात की। कहा कि यौन हिंसा को समझने से पहले गुड टच एवं बैड टच (अच्छा व बुरा स्पर्स) को समझना होगा। उन्होंने बालिकाओं को सचेत करते हुए कहा कि आज सोशल मीडिया का जमाना है। बच्चे गलतफहमियों के शिकार होकर समाज की मुख्य धारा से भटक रहे हैं। जिसे सुरक्षित और संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करने व कराने वाले समान रूप से दोषी होते हैं। बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने व कराने वालों को दो साल का कारावास एवं जुर्माना या दोनों हो सकता है। वहीं, प्रिंसिपल रेखा कुमारी ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से संचालित अभियान से बच्चें शारीरिक मानसिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान से बच्चें अपने अधिकार को जान पाएंगे। अंत में प्रिंसिपल ने बाल विवाह न करने व कराने का शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम का संचालन फिल्ड मोबलाइजर दीपा कुमारी और नागेश्वर पासवान, जबकि धन्यवाद ज्ञापन बीएड प्रशिक्षु ने किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ मधुमाला, संजीव कुमार मिश्रा, राम दवन यादव, सतीश कुमार स्वर्णकार, रियाज, भूतनाथ मंडल, कन्हैया कुमार और जग्गू मिश्रा आदि उपस्थित थे।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– **RDSPL/SD/HZB/18/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **RDSPL/SD/HZB /18/01/2023-24** | केरेडारी | पंचायत बुण्डु अन्तर्गत दामोदर नदी से मुख्य पथ ढोठन गंझु के घर तक भाया उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बुण्डु होते हुए पीसीसी पथ निर्माण। | 30944400.00 | 619000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 2. | **RDSPL/SD/HZB /18/02/2023-24** | केरेडारी | पंचायत बुण्डु अंतर्गत मुख्य पथ शल्या टुंगरी से हल्दी कोचा तक पीसीसी पथ निर्माण। | 33126300.00 | 663000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 3. | **RDSPL/SD/HZB /18/03/2023-24** | डाड़ी | पंचायत रेलीगढ़ा अन्तर्गत हेसालौंग माईन्स से रेलीगढ़ा मोड़ तक पथ निर्माण। | 22998840.00 | 460000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 4. | **RDSPL/SD/HZB /18/04/2023-24** | बरकट्ठा | बेलकप्पी +2 उच्च विद्यालय का उन्नयन कार्य। | 15144100.00 | 303000.00 | 10000.00 | 12 माह |
| 5. | **RDSPL/SD/HZB /18/05/2023-24** | टाटीझरिया | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, खैराकरमा का उन्नयन कार्य। | 16428700.00 | 329000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 18.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 18.09.2023 से दिनांक 29.09.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 03.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान एवं समयः – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 04.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थानः–
   i) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 306646 Rural Development(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 12 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### ममता के भतीजे को इडी ने पूछताछ के लिए बुलाया

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को इडी ने 13 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। अभिषेक ने कहा कि इस दिन इंडिया गठबंधन के समन्वय समिति की बैठक है। इसलिए एजेंसी ने इस दिन पूछताछ के लिए बुलाया।

### पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल

**दिल्ली\जयपुर।** नागौर से पूर्व कांग्रेस सांसद डॉ ज्योति मिर्धा भाजपा में शामिल हो गयी हैं। दिल्ली भाजपा मुख्यालय में ज्योति मिर्धा ने पाटीज्ञ की सदस्यता ली। वह कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में ज्योति मिर्धा कांग्रेस से लोकसभा उम्मीदवार थीं।

### उदयनिधि ने अब भाजपा को जहरीला सांप बताया

**चेन्नई।** सनातन धर्म पर विवादित कमेंट करने के बाद तमिलनाडु मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने विरोधी पार्टियों पर निशाना साधा है। उदयनिधि ने भाजपा की तुलना जहरीले सांप से की। साथ ही उनके सहयोगी दल एआइएडीएमके को कूड़े का ढेर कहा।

# विश्व इवी दिवस: वेदांता एल्युमीनियम इवी उद्योग में तकनीकी-नवाचार को बढ़ावा देता है

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** विश्व इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) दिवस पर, भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने जरूरतों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले, विश्व स्तरीय उत्पादों की अपनी श्रृंखला के माध्यम से वैश्विक ईवी क्षेत्र के विकास को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। मोटर वाहन उद्योग का। कंपनी के अत्याधुनिक उत्पाद पोर्टफोलियो में पहले से ही पहियों, इंजन ब्लॉक और सिलेंडर-हेड अनुप्रयोगों के लिए प्राथमिक फाउंड्री मिश्र धातु, बैटरी केसिंग के लिए बिलेट्स, एचवीएसी (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) सिस्टम और ईवी फ्रेम शामिल हैं। साथ में, वे ऑटोमोटिव उद्योग को कम कार्बन पदचिह्न और बढ़ी हुई आपूर्ति-श्रृंखला विश्वसनीयता द्वारा समर्थित सर्वोत्तम-इन-क्लास मूल्य-वर्धित उत्पादों तक पहुंचने में सक्षम बनाते हैं। एल्युमीनियम के अनूठे गुण, जैसे कि इसका उच्च शक्ति-से-वजन अनुपात, शानदार संक्षारण प्रतिरोध, असाधारण डिजाइन लचीलापन, एनोडाइजिंग क्षमता, तापीय और विद्युत चालकता और 100% पुनर्चक्रण क्षमता ने इसे दुनिया भर के वाहन निमार्ताओं के लिए पसंदीदा धातु बना दिया है। ईवी में एल्यूमीनियम का अधिक उपयोग बैटरी के वजन को कम करके उनकी ड्राइविंग रेंज को बढ़ाता है, जिससे अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं के साथ स्वामित्व की कुल लागत भी कम हो जाती है। शोध से पता चलता है कि एक कार में उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक किलोग्राम एल्यूमीनियम का कुल वजन 1 किलोग्राम कम हो जाता है, और परिणामस्वरूप, ईवी के वजन पर 100 किलोग्राम की बचत इसकी सीमा में संभावित 10-15% की वृद्धि में बदल जाती है। विशेषकर भारत जैसे भौगोलिक रूप से विशाल देश में उपभोक्ताओं के बीच ईवी को अधिक अपनाने के लिए यह विशेषता अत्यधिक महत्वपूर्ण है। विद्युत पारेषण और वितरण नेटवर्क की तैनाती में इसके सिद्ध अनुप्रयोगों को देखते हुए, व्यापक ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास में एल्युमीनियम भी एक महत्वपूर्ण तत्व है। ईवी उद्योग को समर्थन देने के लिए वेदांत एल्युमीनियम की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, श्री सुनील गुप्ता, सीओओ, वेदांता लिमिटेड - एल्युमीनियम बिजनेस ने कहा, ईवी ग्रह को अधिक पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। एल्युमीनियम अपनी उल्लेखनीय बहुमुखी प्रतिभा के कारण इस प्रयास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। हम एक हैं ऑटोमोटिव क्षेत्र का विश्वसनीय भागीदार, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद करने के लिए विश्व स्तरीय उत्पादों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। हमारे उत्पादों को कई प्रमुख वैश्विक प्रमाणपत्रों से भी प्रमाणित किया जाता है जो उनकी उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्थिरता मानकों को रेखांकित करते हैं। अपने विचार व्यक्त करते हुए, बाल्को के सीईओ और पूर्णकालिक निदेशक, राजेश कुमार ने कहा, सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके विकसित उत्पादों के हमारे व्यापक पोर्टफोलियो के साथ, वेदांत एल्युमीनियम ईवी की तेजी से विकसित हो रही मांगों को पूरा करने के लिए अच्छी स्थिति में है। उद्योग। हम अपने ग्राहकों के साथ मिलकर अनुकूलित, हाई-टेक समाधान प्रदान करते हैं, जिससे वे विश्व स्तरीय उत्पाद बनाने में सक्षम होते हैं। हमने एल्युमीनियम में अगली बड़ी चीज बनाने के लिए गहन अनुसंधान और विकास, नवाचार और वैश्विक तकनीकी विशेषज्ञता को एक साथ लाने के लिए एल्युमीनियम में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की है।

### प्रदीप कुमार कैपिटल अस्पताल में भर्ती



**भुवनेश्वर।** पूरे राज्य में डेंगू का प्रकोप। खासकर भुवनेश्वर में डेंगू फैल रहा है। डेंगू की रोकथाम के लिए बीएमसी लगातार प्रयास कर रही है। फिर भी लोग डेंगू से पीड़ित हैं। मुख्य शासन सचिव प्रदीप कुमार जेना को डेंगू इलाज के लिए कैपिटल अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक यां दो दिन अस्पताल में रुकेंगे, कैपिटल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ एल डी साहू ने बताया कि स्वास्थ्य स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

## अपराजिता के निशाने पर 4 से 6 अधिकारी: कहा, इन अधिकारियों पर केंद्र की नजर है





आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** मयूरभंज जिलाधिकारी और एसपी ने नवीन पटनायक की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर कार्यक्रम में शामिल होने की घटना पर भुवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी ने प्रतिक्रिया में कहा कि कुछ प्रशासनिक अधिकारी सरकारी पदों पर बीजू जनता दल के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। भुवनेश्वर के सांसद ने पूछा कि क्योंझर जिले के कलेक्टर 5 साल से वहां पर क्यों हैं। अपराजिता ने उक्त अधिकारी को संविधान और सुधार की अनदेखी न करने की चेतावनी दी। मयूरभंज जिले के जिलाधिकारी और एसपी विवाद के घेरे में। कल एक आदिवासी मैराथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें मंत्री सुदाम मरांडी समेत अन्य लोग शामिल हुए थे। जिसमें जिलाधिकारी और एसपी भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद थे। दोनों सरकारी अधिकारियों की टी-शर्ट पर मुख्यमंत्री की तस्वीर को लेकर विवाद देखा गया। भूवनेश्वर सांसद अपराजिता षड़ंगी ने इसे लेकर एक रीपोस्ट ट्वीट किया। सबसे पहले, किसी ने जिलाधिकारी और एसपी नवीन पटनायक की तस्वीर वाली टी-शर्ट पहने हुए उनकी तस्वीर ट्वीट की। बाद में अपराजिता षड़ंगी ने संबंधित व्यक्ति के ट्वीट को रीपोस्ट पोस्ट किया और कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। नवीन पटनायक राज्य के मुख्यमंत्री हैं और सत्तारूढ़ पार्टी बीजेडी के सुप्रीमो हैं। ऐसे में सरकारी अधिकारी ने नवीन की फोटो वाली टी-शर्ट किस आधार पर पहने।

## आज से बीजेडी का प्रशिक्षण शिविर, जमीनी स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र दिया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल (बीजेडी) का प्रशिक्षण शिविर आज से शुरू हुआ। चुनाव के लिए जमीनी स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र दिया जायेगा। शंख भबन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 37 दिनों तक चलेगा। प्रतिदिन 800 कार्यकर्ताओं को 4 चरणों में प्रशिक्षित किया जायेगा। 147 विधानसभा क्षेत्रों के सभी पंचायतों से 4 सक्रिय कार्यकर्ताओं को तालिम दी जायेगी। इस मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम में 30000 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। सरकार की सफल योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना गुरुत्व दिया जायेगा। इसी तरह मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के संदेश के साथ आगामी चुनाव लड़ने के लिए विशेष रणनीति तैयार की जायेगी। आज चौद्वार कटक, जगतसिंहपुर, हिंजिलिकाटू, भंजनगर के कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र दिया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन देवि मिश्र, मानस मंगराज के नेतृत्व में किया गया है।

### वरिष्ठ चिकित्सक का 88 वर्ष की आयु में निधन



**भूवनेश्वर कटक।** प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजकिशोर दास का निधन। कटक के तुत्सीपुर स्थित उनके आवास पर 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके जाने से विभिन्न महल में शोक छाया खिल गया है। हालांकि डॉ राजकिशोर कुछ दिनों से किडनी और निमोनिया से पीड़ित थे। राजकिशोर की मौत की जानकारी उनके बेटे यशोवंत ने दी।

## दुबई लेओवर: स्टॉपओवर यात्रियों के लिए शहर के आकर्षक पर्यटन स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अगर आप ग्लोबल ट्रैवल कर रहे हैं तो आप दुबई विजिट कर अपनी इस यात्रा को मिनी वेकेशन के रूप में आगे बढ़ सकते हैं। कई उड़ानें दुबई से होकर गुजरती हैं, साथ ही शहर में ढेरों ऐसी चीजें हैं जिनका आप लुत्फ उठा सकते हैं, ऐसे में दुबई एक अच्छा स्टॉपओवर डेस्टिनेशन है। दुनिया की दो-तिहाई आबादी दुबई से आठ घण्टे की उड़ान की दूरी पर है, साथ ही यह शहर यात्रा की दृष्टि से सबसे व्यस्त और कनेक्टिंग हब है, ऐसे में स्टॉपओवर होलीडे के लिए दुबई की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। आपकी आइटनेरी में सिर्फ एक नाईट है या कुछ दिन, आप चमकते सूरज के इस शहर में एक ब्रेक बुक कर सकते हैं और खूबसूरत समुद्रतटों से लेकर रिकॉर्ड-तोड आकर्षक गंतव्यों का लुत्फ उठा सकते हैं। यह शहर अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन हॉटस्पॉट के रूप में विकसित हो गया है और यहां पहुंचना सुलभ और सुरक्षित है। साथ ही यहां ढेरों रोमांचक पर्यटन स्थल और लोकप्रिय स्थान हैं, जहां आप साईटसींग का आनंद उठा सकते हैं। अपने दुबई स्टॉपओवर के दौरान आप लक्जरी मॉल्स लेकर अनूठी कारीगरी, टेक्नोलॉजी म्युजियम्स और मिशलीन-स्टार डाइनिंग तक का लुत्फ उठा सकते हैं।

### कॉफी म्युजियम

कॉफी हमेशा से अरबी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है। यह म्युजियम पुराने जिले की संकरी गलियों के बीच अल फहीदी हिस्टोरिकल नेबरहुड में स्थित है। **अगली पीढ़ी के विज्ञान, तकनीक और इनोवेशन का अनुभव पाएं म्युजियम ऑफ द फ्यूचर में:** यह म्युजियम बताता है कि आने वाले समय में सोसाइटी किस तरह विकसित होगी, यह पारम्परिक प्रदर्शनी, आकर्षक थिएटर और कई अन्य आकर्षण केन्द्रों का संयोजन है, जहां आगंतुक वर्तमान की सीमाओं के दायरे आगे बढ़कर भविष्य की असीमित संभावनाओं का अनुभव पा सकते हैं। यहां आपको दुनिया के सबसे महान विचार प्रोटोटाईप और खोजों के बारे में जानने, विशेष वर्कशॉप्स में हिस्सा लेने तथा हाई-टेक समाधानों के बारे में बातचीन करने का अवसर भी मिलेगा।

**दुनिया के सबसे बड़े शॉपिंग, एंटरटेनमेन्ट और मनोरंजन गतव्य दुबई मॉल का विजिट करें:** इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप दुबई स्टॉपओवर पर हैं, आप शॉपिंग के लिए तो समय निकालेंगे ही। दुबई मॉल रीटेल थेरेपी के लिए आपकी लिस्ट में सबसे आगे होना चाहिए। 1200 से अधिक स्टोर्स, दो मुख्य डिपार्टमेंटल स्टोर्स, सैंकड़ों, फूड और बेवरेज आउटलेट्स के साथ दुबई मॉल खरीददारी और मनोरंजन के लिए दुनिया का सबसे बड़ा गंतव्य है। यहां घूमने के लिए आपको पूरा दिन भी कम पड़ जायेगा। 1200 से अधिक स्टोर्स और 150 रेस्टोरेन्ट्स के साथ यह स्थान आकर्षण का मुख्य केन्द्र बिन्दु है। **अल फहीदी हिस्टोरिकल नेबरहुड** अगर आप प्राचीन दुबई के जीवन के बारे में जानना चाहते हैं तो अल फहीदी हिस्टोरिकल नेबरहुड आपको 19वीं सदी के दुबई का दर्शन देगा। दुबई क्रीक पर स्थित यह मुख्य हेरिटेज साईट है। जहां शहर की बुनियादी वास्तुकला को बरकरार रखा गया है। **मॉट 32 दुबई- चीनी व्यंजनां के लिए आधुनिक दृष्टिकोण:** मॉट 32 दुबई शहर का मुख्य जंक्शन है, जो अड्रैस बीच रिजॉर्ट की 73वीं मंजिल पर स्थित है। यह होंग-कोंग की संस्कृति और पाक परम्पराओं के साथ आधुनिक चीनी शहर का बेहरीन संचोजन हैं।


























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**